दैनिक
नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | आंचलिक 11 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, गुरुवार 8 फरवरी 2024, वर्ष-9 अंक- 307 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज बेबाक

हम भ्रष्टन के भ्रष्ट हमारे की नीति पर चलने वाली राजनीतिक पार्टियों को यह कैसे बर्दाश्त होगा कि भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कोई कार्यवाही हो? जिनका मूलमंत्र है कि खाओ और खाने दो वे ऐसे प्रधानमंत्री की आलोचना ही करेंगे जो कहता हो कि न खाऊंगा न खाने दूंगा। पीएम मोदी ने संसद के बजट सत्र में एक बार फिर कह दिया है कि वे देश को लूटने नहीं देंगे और जिन्होंने लूटा है। उन्हें लौटाना पड़ेगा। इससे भ्रष्टाचारियों का बौखलाना स्वाभाविक है। सबको अपना खाया पिया बाहर निकलने का डर जो सता रहा है। वैसे यह डर अच्छा है।

हसदेव पर हल्ला, पेड़ों की बलि पर सदन गर्म

नई सरकार बनने से पहले वन संरक्षक ने दे दी पेड़ काटने की अनुमति

■ शून्यकाल में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने इस मुद्दे को उठाया, उसके बाद विपक्ष के विधायक निलंबित कर दिए गए

रायपुर, नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा का बजट सत्र जारी है। मुद्दों पर लगातार सदन गर्माया हुआ है। तीसरे दिन बुधवार को हसदेव अरण्य में हरेभरे पेड़ों की कटाई का मामला गूंजा। मुद्दे को लेकर खूब हंगामा हुआ। स्थगन अग्राह्य होने के बाद विपक्षी विधायकों ने जमकर नारेबाजी की और फिर वे गर्भगृह पहुंच गये, जिसकी वजह से विपक्षी विधायक स्वंयेव निलंबित हो गये।

इससे पहले विपक्ष ने आज हसदेव अरण्य में कटाई पर स्थगन लाया। शून्यकाल में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने इस मुद्दे को उठाया। विधानसभा अध्यक्ष ने स्थगन की ग्राह्यता पर चर्चा की अनुमति दी। मामले पर नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने चर्चा की शुरुआत करते हुए कहा कि नई सरकार बनने के पहले ही वन संरक्षक ने पेड़ काटने की अनुमति दे दी। छत्तीसगढ़ विधानसभा ने शासकीय संकल्प पारित किया था, इसके बावजूद पेड़ों को काटा जाना बेहद गंभीर है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि ये लोकहित का मुद्दा है, इसलिए विधानसभा के सभी कामों को रोककर स्थगन प्रस्ताव पर चर्चा कराई जाये।

■ पेज 3 पर भी देखें विधानसभा की खबरें

काम रोककर चर्चा कराई जाए- भूपेश बघेल

वहीं स्थगन पर पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि कौन सी अदृश्य शक्ति है जिसने बगैर आदेश पेड़ों की कटाई शुरू कर दी गयी। कौन सी अदृश्य शक्ति है, जिसने बगैर आदेश तोड़फोड़ शुरू कर दिया। बघेल ने कहा कि पूरे प्रदेश में गोबर की खरीदी बगैर आदेश रोक दी गई। हसदेव अरण्य में पेड़ों की कटाई रोका जाना चाहिए। भूपेश बघेल ने भी मांग की, इस विषय पर सभी काम रोककर चर्चा कराई जाए।

फिर भी 15307 पेड़ों को काटने की अनुमति दे दी- नेता प्रतिपक्ष

हसदेव क्षेत्र में सभी कोल ब्लॉक रद्द करने को लेकर इस सदन में ही 26 जुलाई 2022 को संकल्प पारित किया गया था। मामले में केंद्र सरकार को पत्र प्रेषित किया गया था। इस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। सरकार बनने और मुख्यमंत्री बनने के पहले वन विभाग ने हसदेव में पेड़ काटने की अनुमति दे दी। 15 हज़ार 307 पेड़ों को काटने की अनुमति दे दी। विधानसभा ने अशासकीय संकल्प पारित कर दिया था, इसके बाद भी इस तरह का आदेश जारी करना दुखद है। ये गंभीर समस्या है। हसदेव ख़त्म होने से बांगो बांध ख़त्म हो जाएगा, वन ख़त्म हो जाएगा।

मुझे आरक्षण पसंद नहीं है, खासकर नौकरियों में

पीएम मोदी ने सदन में पढ़ी नेहरू की चिट्ठी

नई दिल्ली/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद दे रहे थे वहीं विपक्ष पर जमकर हल्ला बोला। पीएम मोदी ने कहा कांग्रेस इस समय जातिगत आरक्षण की बात कर रही है। लेकिन कांग्रेस को आत्ममंथन करना चाहिए। कांग्रेस का दलितों पिछड़ों और आदिवासियों से विरोध स्वाभाविक है। ये सोच अभी की नहीं बल्कि पहले की है। मेरे पास इसका सबूत है।

एक बार पंडित जवाहरलाल नेहरू ने सभी राज्यों के तत्कालीन मुख्यमंत्रियों को एक पत्र लिखा था, जिसमें लिखा था कि मुझे आरक्षण पसंद नहीं है। इस पत्र का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खासकर नौकरियों में आरक्षण को लेकर कांग्रेस की कड़ी आलोचना की।

इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि देश में पहली बार एनडीए सरकार ने एक आदिवासी महिला को राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाया। आपका हमसे वैचारिक विरोध हो सकता है, लेकिन आदिवासी समुदाय की महिला को इतने ऊंचे पद पर नियुक्त किये जाने पर कांग्रेस को आपत्ति थी। जिम्मेदार नेताओं द्वारा राष्ट्रपति का अपमान किया जा रहा है।

हृदय में व्याप्त द्वेष दूर हो जाता है। कांग्रेस को सदैव समाज के वंचित वर्गों ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गृहमंत्री विजय शर्मा की पहल से ओमान में बंधक महिला हुई मुक्त

दूतावास अधिकारियों को उनकी सुरक्षा के निर्देश दिये

रायपुर नवप्रदेश। डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने मस्कट में बंधक बना कर रखी गई महिला को मुक्त करवा दिया है। इसके लिए उनका प्रयास सफल रहा। शर्मा ने मामले में सक्रियता दिखाते हुए फोन पर महिला से हाल-चाल जाना। दूतावास अधिकारियों को उनकी सुरक्षा के लिए निर्देश दिये। बता दें कि एजेंट जैनब और अब्दुल ने दीपिका को विदेश ले गया था। जहां दो वर्ष के लिए कॉन्ट्रेक्ट कराया था। दीपिका को ओमान मस्कट में हफीजा के घर पर कुकिंग कार्य करा रहे थे। जून से दिसम्बर 2023 तक उसके खाते में 25 हजार 500 रुपए आए। इस बीच हफिजा और उसकी बहू का आपसी विवाद हुआ। विदेश में फंसी दीपिका को विवाद की जिम्मेदार बना दिया गया। उसके बाद दीपिका को वहां प्रताड़ित किया जाने लगा। विरोध में दीपिका ने काम छोड़ने की बात कही। तब उसके साथ मारपीट की गई और इंडिया कॉन्टेक्ट के सेल्यूलर साधन छीन लिए गए। घर से बाहर निकलने पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। ऐसे में दीपिका का जीवन नारकीय हो गया।

सीजी पीएससी के खिलाफ चार दर्जन शिकायतें

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (सीजी पीएससी) पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में भर्ती परीक्षाओं में गड़बड़ी सहित अन्य कारणों से काफी चर्चा में रहा। पीएससी में गड़बड़ी को लेकर शिकायतों का दौर 2019 में ही शुरु हो गया था। तब से 2023 के बीच पीएससी के खिलाफ कुल 48 शिकायतें की गई। इनमें से ज्यादातर शिकायतें राज्यपाल, मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव से की गई है। पीसीसी के खिलाफ शिकायतों को लेकर विधानसभा के बजट सत्र में बिल्हा सीट से भाजपा विधायक धरमलाल कौशिक ने प्रश्न किया था।

सीएम साय ने दिए लिखित उत्तर : सामान्य प्रशासन विभाग की जिम्मेदारी संभाल रहे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया है कि सीजी पीएससी के खिलाफ 2019 से 2023 के बीच कुल 48 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। इन शिकायतों में भर्ती में अनियमितता, धांधली और गड़बड़ी के आरोप लगाए गए हैं। 2019 में हुई सहायक प्राध्यापक भर्ती परीक्षा में गड़बड़ी को लेकर 9 शिकायतें मिली थीं। सीएम ने बताया है इन्हीं शिकायतों के आधार पर सीबीआई जांच का निर्णय लिया गया है।

जनता से किया गया हर वादा भाजपा करेगी पूरा : कौशिक

रायपुर/नवप्रदेश। विधानसभा बजट सत्र को लेकर भाजपा विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा कि इस सत्र में प्रदेश की जनता किए हुए वादे हैं, उन्हें पूरा करने के लिए सारी चीज दी गई है, और जो अपेक्षा प्रदेश की जनता का है. चुनाव के समय जो वादे किए हैं, उन सारे वादे को हम लोग पूरा करेंगे. इस लिहाज से बजट सत्र हमारे लिए महत्वपूर्ण है। महतारी वंदन योजना को लेकर धरमलाल कौशिक ने कहा कि फॉर्म भरा जा रहा है. हम चाहते हैं कि पात्रता रखने वाले एक भी महिला वंचित न हो. इसलिए जितना जल्दी हो सके, उनका फॉर्म फिलअप हो सके. इससे लाभ से वंचित न हो, बल्कि उनका लाभ मिलना शुरू हो जाए. इसलिए प्रदेश में काफी उत्सुकता के साथ यह लोग फॉर्म भरा रहे हैं। अयोध्या जाने के लिए दुर्ग से जाने वाली ट्रेन के संबंध में धरमलाल कौशिक ने कहा कि उसे ट्रेन को झंडी दिखाने के लिए हमारे मंत्री दयालदास बघेल, श्याम बिहारी जयसवाल, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव और मैं स्वयं रहूंगा. हमारे सहयोगी रहेंगे.

सीएम की घोषणा- अब ऑनलाइन होगी कोल परिवहन की टीपी

■ सदन में ध्यानाकर्षण सूचना के जरिए राजेश मूणत ने उठाया मामला

रायपुर। विधानसभा सत्र के दौरान आज विधायक राजेश मूणत ने कोयला परिवहन और उससे संबंधित परमिट, स्वीकृति का मामला ध्यानाकर्षण सूचना के जरिए उठाया। इसका जवाब देते हुए सीएम विष्णुदेव साय ने पारदर्शिता और सुशासन को अपनी सरकार की प्राथमिकता बताया।

सीएम साय ने कहा कि कांग्रेस शासन काल में तात्कालिक संचालक की ओर से 15 जुलाई 2020 में लिए गए फैसले को रद्द करने के साथ ही अब से ऑनलाइन टीपी जारी करने की घोषणा की जा रही है। सदन में बताया कि खनिज विभाग द्वारा एक आदेश जारी हुआ था। संचालक के द्वारा 15 जुलाई 2020 को इस आदेश से यह व्यवस्था दी गई थी। कि खनिज सम्मिलित द्वारा ई परमिट का भौतिक सत्यापन करने के बाद ही इसे ट्रांजिट पास किया जा सकेगा। इसके पहले जो ऑनलाईन प्रक्रिया थी उसे बंद कर ऑफलाइन किया गया।

इस कारण लेट परिवहन और भ्रष्टाचार होता था

जिसके कारण लेट परिवहन और भ्रष्टाचार होता था। सीएम ने कहा कि खनिज विभाग के संचालक ने सरकार से अनुमोदन नहीं लिया था। हमारी सरकार सुशासन के लिए संकल्पित है। मैं तात्कालिक संचालक की ओर से 2020 में लिए गए फैसले को रद्द करता हूं। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री ने बहुत बड़ी घोषणा की है कि ऑफ्लाइन प्रक्रिया को ऑनलाईन कर दिया है।

राहुल की न्याय यात्रा, आज से राज्य में

रायपुर/नवप्रदेश। कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा कल छत्तीसगढ़ में प्रवेश करेगी। राहुल गांधी की इस यात्रा को लेकर कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता पिछले एक सप्ताह से तैयारी में लगे हुए हैं। छततीसगढ़ में राहुल की यात्रा को लेकर रुट भी तैयार हो चुका है और विभिन्न सेक्टरों के लिए कांग्रेस नेताओं को जिम्मेदारियां भी सौंपी जा चुकी है।

यात्रा के दौरान राहुल गांधी के साथ प्रदेश के बड़े कांग्रेस नेता भी मौजूद होंगे। सांसद राहुल गांधी लोगों से भेंट करेंगे और अलग-अलग जगहों पर जनसभाओं को सम्बोधित भी करेंगे। इस दौरान उनकी सुरक्षा भी काफी चुस्त-दुरुस्त होगी। प्रदेश में होने वाले भारत जोड़ो न्याय यात्रा के लिए फाइनल सूची प्रदेश कांग्रेस कमेटी की तरफसे जारी कर दी गई हैं। इस रुट चार्ट में बताया गया है कि कल यानी 8 फरवरी को न्याय यात्रा छत्तीसगढ़ में रायगढ़ जिले के बॉर्डर से दाखिल होगी। जबकि पांच दिनों बाद यानी 14 फरवरी को बलरामपुर-रामानुजगंज में इस यात्रा का समापन होगा।

पाकिस्तान के चुनाव कार्यालय में विस्फोट से 12 की मौत, 30 लोग घायल

इस्लामाबाद (वार्ता)। पाकिस्तान में बलूचिस्तान प्रांत के दक्षिण पश्चिम पिशिन जिले में बुधवार को एक चुनाव कार्यालय में शक्तिशाली विस्फोट से 12 लोगों की मौत हो गई, जबकि 30 से अधिक अन्य घायल हो गए। उपायुक्त पिशिन जुमा दाद खान मंडुखेल ने विस्फोट तब हुआ, जब एक स्वतंत्र उम्मीदवार के कार्यकर्ता और समर्थक पिशिन जिले के खानोज़ाई इलाके में उनके चुनाव कार्यालय के बाहर एकत्र हुए थे। प्रारंभिक जांच में पता चला कि विस्फोटक उपकरण को रिमोट-नियंत्रित डिवाइस के साथ एक मोटरसाइकिल में लगाया गया था। कानून प्रवर्तन एजेंसियां विस्फोट के पीछे के कारणों की जांच में जुटी हुयी हैं।

ऑस्ट्रेलिया की संसद में बना इतिहास, पहली बार किसी सांसद ने गीता पर हाथ रखकर ली शपथ

कैनबरा। ऑस्ट्रेलियाई संसद बुधवार को ऐतिहासिक लम्हे की साक्षी बनी जब एक सांसद ने गीता पर हाथ रखकर शपथ ली। भारतीय मूल के बैरिस्टर वरुण घोष ने भगवद गीता पर हाथ रखकर शपथ ली। वे ऐसा करने वाले ऑस्ट्रेलियाई संसद के पहले सदस्य बन गए हैं। वे पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया से हैं। विधानसभा और विधान परिषद ने उन्हें संघीय संसद सीनेट में ऑस्ट्रेलियाई राज्य का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना है। इसके बाद बुधवार को उन्हें शपथ दिलाई गई।

ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री पेनी वोंग ने एक्स पर लिखा, पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया से हमारे नए सीनेटर वरुण घोष का स्वागत है। सीनेटर घोष भगवद गीता पर शपथ लेने वाले पहले ऑस्ट्रेलियाई सीनेटर हैं। मैंने अक्सर कहा है, जब आप कोई काम सबसे पहले करते हैं, तो यह सुनिश्चित करें कि उसे करने वाले आप आखिरी न हों।'' उन्होंने कहा, ''मैं जानती हूं कि सीनेटर घोष अपने समुदाय और पश्चिम आस्ट्रेलियाई लोगों के लिए एक मजबूत आवाज होंगे। लेबर सीनेट टीम में ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पूछताछ के लिए हेमंत को फिर लिया 5 दिनों की रिमांड पर

रांची (वार्ता)। झारखंड में जमीन घोटाला मामले में आरोपी पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को पांच दिनों की रिमांड पूरी होने के बाद ईडी ने ईडी के विशेष न्यायाधीश की अदालत में आज उन्हें पेश किया। साथ ही मामले में और पूछताछ की आवश्यकता बताते हुए श्री सोरेन की फिर से रिमांड की मांग की। ईडी की ओर से श्री सोरेन की 7 दिनों की रिमांड की मांग की गयी थी। सुनवाई के बाद कोर्ट ने 5 दिनों की रिमांड दी है। हेमंत सोरेन की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन ने पैरवी की. वहीं ईडी की ओर से अधिवक्ता एके दास ने पैरवी की। उल्लेखनीय है कि 31 जनवरी को पूछताछ के बाद हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया गया था।■ शेष पृष्ठ 6 पर

इतनी टार्चर हुई कि छठवीं की छात्रा ने कर ली जीवनलीला समाप्त

अंबिकापुर/नवप्रदेश। कक्षा छठवीं की 12 साल की छात्रा ने बड़ा कदम उठा लिया है। उन्होंने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। दुनिया छोड़ने से पहले छात्रा ने एक सुसाइड नोट छोड़ा है। घटना के बाद से हड़कंप मचा हुआ है। मामला शहर के कार्मेल स्कूल का है। यहां दर्रीपारा निवासी अर्चिशा सिन्हा 6वीं क्लास में पढ़ाई करती थी।

छात्रा की आत्महत्या करने के बाद उसके कमरे से सुसाइड नोट मिला है जिसमें छात्रा ने अपनी टीचर्स पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। सुसाइड नोट के अनुसार छात्रा टीचर्स से इतना ज्यादा परेशान ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम



गड़बड़ी... पीएससी में बेटे-परिवार वालों के चयन का आरोप

...अब पीएससी घोटाले की ईओडब्लू में एफआईआर

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी के अनुरूप छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं में अनियमितता और भ्रष्टाचार की जांच सीबीआई से कराई जाएगी। इस प्रकरण की जांच केन्द्रीय जांच एजेंसी सीबीआई से कराये जाने के राज्य सरकार के निर्णय के परिपालन में आर्थिक अपराध अन्वेषण द्वारा लोक सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष श्री टामन सिंह सोनवानी सहित अन्य अधिकारियों के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर लिया गया है।

गौरतलब है कि राज्य शासन द्वारा केन्द्रीय जांच एजेंसी सीबीआई से जांच कराये जाने का निर्णय लिया गया था, जिसके परिपालन में गृह (पुलिस) विभाग द्वारा महानिदेशक राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो एवं एन्टी करप्शन ब्यूरो रायपुर को अवगत कराया गया है कि छत्तीसगढ़ राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित प्रतियोगी परीक्षा वर्ष 2021 जो 170 पदों के लिए ली गई थी और जिसके परिणाम 11 मई 2021 को जारी किए जाने के पश्चात् राज्य लोकसेवा आयोग पर अनियमितता एवं भ्रष्टाचार का

आरोप लगाते हुए श्री ननकीराम कंवर व अन्य के माध्यमों से शिकायतें प्राप्त हुई थी।

शिकायती पत्र के आधार पर प्रथम दृष्टया यह पाया गया कि छत्तीसगढ़ लोकसेवा आयोग के तत्कालीन अध्यक्ष श्री टामन सिंह सोनवानी, तत्कालीन सचिव श्री जीवन किशोर ध्रुव, तत्कालीन परीक्षा नियंत्रक एवं शासन तथा आयोग में तत्समय पदस्थ संलिप्त लोकसेवकगण और संबंधित राजनेतागण एवं अन्य के द्वारा अपने-अपने पद का दुरुपयोग करते हुए तथा राजनैतिक प्रभाव का इस्तेमाल करते हुए छत्तीसगढ़ लोकसेवा आयोग की चयन प्रक्रिया वर्ष 2020 एवं 2021 तथा असिस्टेंट प्रोफेसर चयन परीक्षा में नियम विरूद्ध तरीके से आपराधिक षड़यंत्र करते हुये अपने पुत्र, पुत्री व रिश्तेदारों को कई पात्र योग्य अभ्यार्थियों के बदले इनका चयन शासकीय पदों पर करते हुए शासन एवं उन योग्य अभ्यार्थियों के साथ भ्रष्ट आचरण करते हुये छल कारित किया गया है, जो कि धारा 120 बी, 420, भादवि एवं धारा 7, 7 (क), एवं 12 भ्र.नि.अ. 1998 यथा संशो. 2018 के तहत अपराध कारित किया जाना पाया गया है, अतः अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

हिन्दू मुस्लिम एकता का प्रतीक यूएई का ये भव्य मंदिर

नई दिल्ली। संयुक्त अरब अमीरात यूं तो एक मुस्लिम देश है, लेकिन आने वाले समय में यहां सनातन धर्म का शंखनाद गूंजेगा। जिसकी ध्वनि पूरी दुनिया में सुनाई देगी। जोहां वर्षों से जिसका इंतजार हो रहा था। वो घड़ी आ गई है। यूएई की राजधानी अबू धाबी में बीएपीएस स्वामी नारायण मंदिर बनकर कर तैयार हो गया है। अब बस मंदिर में घंटों की आवाज गूंजेगी, भगवान की प्रतिमा के आगे दीप जलेंगे, आरती होगी, होम-हवन होगा, प्रसाद की मिठास होगी, भक्त भक्ति से सराबोर होंगे और इस पावन दिन की वो तारीख होगी, 14 फरवरी जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा और उद्घाटन में शामिल होने अबू धाबी पहुंचेंगे और 18 फरवरी से मंदिर के द्वार आम जनता के लिए खोल दिए जाएंगे। बीएपीएस स्वामीनारायण संस्था के आध्यात्मिक गुरु महंत स्वामी महाराज संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में पहले हिंदू मंदिर के भव्य उद्घाटन के लिए मंगलवार को अबू धाबी पहुंचे। आध्यात्मिक नेता खाड़ी देश में पहले हिंदू मंदिर के ऐतिहासिक उद्घाटन की अध्यक्षता करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी14 फरवरी को मंदिर का उद्घाटन करेंगे। अल नहयान ने राज्य अतिथि के रूप में गर्मजोशी से स्वागत किया।

मंदिर की विशेषताएं

मंदिर की विशेषताओं की बात करें तो इस मंदिर की भव्यता देखते ही बनती है। मंदिर को ऐसे डिजाइन किया गया है कि जो एक बार देखे वो देखता ही रह जाए। 700 करोड़ रुपये की लागत से बना ये मंदिर भारतीय प्राचीन मंदिर निर्माण शैली का अद्भुत उदाहरण है। 27 एकड़ में फैले इस मंदिर को बनाने में राजस्थान से अबू धाबी तक गुलाबी बलुआ पत्थर पहुंचाया गया था। इन पत्थरों पर यूएई की भीषण गर्मी का भी कोई असर नहीं होगा।

मंदिर को भारतीय कारीगरों ने स्वरूप दिया है। बतादें, फरवरी 2018 में पीएम मोदी ने मंदिर के लिए परियोजना का उद्घाटन किया था और दिसंबर 2019 में मंदिर का निर्माण शुरू हुआ था। अबू धाबी का ये हिंदू मंदिर एशिया का सबसे बड़ा मंदिर होगा, जिसकी ऊंचाई 32.92 मीटर, लंबाई 79.86 मीटर और चौड़ाई 54.86 मीटर है।

शांतिकुंज के प्रतिनिधियों ने महाराष्ट्र सीएम से मुलाकात की

हरिद्वार/नवप्रदेश। मायानगरी मुंबई की धरती में पहली बार अश्वमेध महायज्ञ का आयोजन हो रहा है। यह आयोजन अखिल विश्व गायत्री परिवार प्रमुख डॉ प्रणव पण्ड्या एवं शैलदीदी के संरक्षण एवम् डॉक्टर चिन्मय पंड्या के मार्गदर्शन में 21 से 25 फरवरी को होने जा रहा है। नवी मुंबई के खारघर में महायज्ञ की तैयारी युद्ध स्तर पर जारी है। तैयारियों के लिए शांतिकुंज हरिद्वार की टीम मुंबई पहुंच गयी है। शांतिकुंज हरिद्वार टीम के साथ ही, मुम्बई के स्थानीय नर-नारी के अलावा छत्तीसगढ, उत्तराखण्ड, मप्र, झारखण्ड आदि राज्यों तथा अमेरिका सहित अनेक देशों से आये स्वयंसेवक सेवा कार्य में जुटे हैं। मुंबई अश्वमेध महायज्ञ के केन्द्रीय प्रतिनिधि एवं देवसंस्कृति विवि हरिद्वार के कुलपति शरद पारधी के नेतृत्व में महायज्ञ की कोर टीम ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से मुख्यमंत्री भवन में भेंटवार्ता की और उन्हें अश्वमेध महायज्ञ के लिए आमंत्रित किया। इसके साथ ही टीम ने महायज्ञ की तैयारी से लेकर विभिन्न व्यवस्था से संबंधित कार्यों से उन्हें अवगत कराया और मुख्यमंत्री ने हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री श्री शिंदे ने अपने अधीनस्थ अधिकारियों एवं सिडको, पुलिस विभाग सहित विभिन्न विभागों को सनातन संस्कृति के विस्तार के लिए हो रहे इस महायज्ञ में सहयोग करने के लिए दिशा निर्देश दिया।

न्यूज गैलरी

ड्रग्स के नशे में कपल ने मचाया उत्पात, ठोक डालीं कई कारें

तिरुअनंतपुरम। केरल में एक कपल ने बीच सड़क पर कुछ ऐसी हरकत कर डाली कि सनसनी फैल गई। इस कपल ने ड्रग्स के नशे में कई कारों को ठोक डाला। आखिर इस कपल को पकड़ने के लिए सड़क पर क्रेन खड़ी की गई तब जाकर उन्हें गिरफ्तार किया गया। आरोपी की पहचान कायमकुलम निवासी अरुण और उसकी पत्नी धनुशा के रूप में हुई है और उन्हें चिंगावनम पुलिस ने हिरासत में ले लिया। पुलिस ने बताया कि उन्होंने मरियप्पल्ली से चिंगावनम तक व्यस्त एमसी रोड पर खतरनाक तरीके से कार तेज गति से चलाई। उन्होंने दावा किया कि कार ने कई वाहनों को टक्कर मारी तो स्थानीय लोगों ने उन्हें रोकने की कोशिश की लेकिन दंपति ने रफ्तार भी नहीं रोकी। स्थानीय लोगों द्वारा सूचना दिए जाने पर, पुलिस क्षेत्र में पहुंची और अंततः सड़क पर एक क्रेन पार्क करके बदमाश कार को रोक दिया।

एक बार जब कार को रोकने के लिए मजबूर किया गया, तो दंपति वाहन से बाहर आने के लिए अनिच्छुक थे। उन्होंने बताया कि इसके बाद पुलिस को उन्हें बाहर निकालने के लिए बल प्रयोग करना पड़ा। पुलिस ने कहा कि दोनों व्यक्ति ड्रग्स के नशे में थे, उन्होंने कार से पांच ग्राम गांजा जब्त किया। घटना के कारण व्यस्त सड़क पर कुछ समय के लिए यातायात बाधित हो गया।

नाबालिग से रेप करने वाले पिता को 123 साल की जेल, दो साल में इंसाफ

तिरुवंतपुरम। नाबालिग बेटियों से रेप करने वाले हैवान पिता को यहां की एक अदालत ने 123 साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही करीब 9 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया। मामला 2022 का है, जब नाबालिग बहनों से पुलिस के पास शिकायत पहुंची कि उनका पिता एक साल से उनका यौन शोषण कर रहा है। इस घटना के सामने आने से पूरा देश दहल उठा था।

केरल के मलप्पुरम शहर में अपनी दो बेटियों से हैवानियत करने वाले कलयुगी पिता को कोर्ट ने 123 साल कैद की सजा सुनाई। मामले में सुनवाई मंजेरी की फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट ने की। घटना साल 2021 से 2022 के बीच की बताई जा रही है। पीड़ित लड़कियों के मुताबिक, उनका पिता उनके साथ ऐसी घिनौनी हरकत एक साल से कर रहा था। वारदात के वक्त बहनों की उम्र 11 और 12 साल थी। कोर्ट ने रेप के दोषी पिता पर 8.85 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। कोर्ट ने इस मामले में फैस्ट ट्रैक लेवल पर सुनवाई करते हुए सबूतों और साक्ष्यों के आधार पर पिता को दोषी पाया है। यह पहली बार नहीं है। दिसंबर 2023 में केरल के कासरगोड में दो नाबालिग लड़कों और उनकी नाबालिग बहन का तीन साल से अधिक समय तक यौन शोषण के आरोप में 25 वर्षीय व्यक्ति को दोषी पाया जाने पर अदालत ने 189 साल जेल की सजा सुनाई गई थी।

ओडिशा हाईकोर्ट को मिला नया चीफ जस्टिस

भुवनेश्वर। न्यायमूर्ति चक्रधारी शरण सिंह ने बुधवार को ओडिशा उच्च न्यायालय के 33वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। राज्यपाल रघुबर दास ने यहां ओडिशा उच्च न्यायालय के परिसर में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में नए मुख्य न्यायाधीश को शपथ दिलाई। चक्रधारी शरण सिंह का जन्म 20 जनवरी, 1963 को हुआ था और यह दिल्ली विश्वविद्यालय के कैंपस लॉ सेंटर से कानून की डिग्री पूरी करने के बाद 1990 में वकील के रूप में नामांकित हुए। वह 1998 में केंद्र सरकार में अतिरिक्त स्थायी वकील के रूप में नियुक्त हुए और अक्टूबर 2001 तक इस पद पर बने रहे। उन्होंने बताया कि चक्रधारी शरण सिंह ने बिहार में अतिरिक्त महाधिवक्ता के रूप में भी काम किया और अप्रैल 2012 में पटना उच्च न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत होने तक इस पद की जिम्मेदारी संभाली। चक्रधारी शरण सिंह ने फरवरी 2023 में पटना उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश के रूप में कार्यभार संभाला। सूत्रों ने बताया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बीते सप्ताह भारत के प्रधान न्यायाधीश के साथ परामर्श के बाद उन्हें उड़ीसा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया।

पीएम मोदी ने राज्यसभा में पढ़ी कविता, कांग्रेस पर बोला हमला

-पीएम ने कांग्रेस का मजाक उड़ाते हुए कहा, कभी-कभी आपको बहुत अधिक दया आ जाती है

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्वास जताया कि सबका साथ, सबका विकास सिर्फ एक नारा नहीं बल्कि मोदी की गारंटी है। संसद का बजट सत्र चल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्यसभा में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण पर हुई बहस का जवाब दिया। इस मौके पर बोलते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस पार्टी की जमकर आलोचना की।

हमारा उद्देश्य बुनियादी सवालों और समस्याओं का समाधान करना है। हालांकि, ऐसा करने में कुछ समय लगेगा। इससे एक मजबूत आधार तैयार होगा। यदि आपके पास जानकारी नहीं है तो हमसे पूछें हम तुम्हें जानकारी दे देंगे। ऐसा कोई नैरेटिव सेट न करें जिससे आपकी प्रतिष्ठा धूमिल हो जाए और आपकी बातों का कोई मूल्य न रह जाए। आप लोगों पर कभी-कभी बहुत दया आती है, इन शब्दों से पीएम मोदी ने कांग्रेस पर हमला बोला। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि सबका साथ, सबका विकास सिर्फ नारा नहीं है, ये मोदी की गारंटी है।

मोदी की गारंटी का दौर है...

आगे बोलते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मुझे किसी ने एक कविता भेजी है वह कविता बहुत लंबी है। मैं आपको इसकी कुछ पंक्तियाँ पढ़कर सुनाता हूँ। मोदी की गारंटी का दौर है... नए भारत की भोर... वारंटी से बाहर चल रही हैं दुकानें... चिंताएं अपनी तोर...। देश में निराशावादी माहौल फैलाने का काम किया जा रहा है। जो लोग पूरी तरह से निराशा में फंसे हुए हैं उनके पास और अधिक निराशा फैलाने की शक्ति नहीं बची है। वास्तविक स्थिति को नकार कर ऐसा किया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा ऐसा करने वाले कभी अपना भला नहीं कर पाएंगे।

इन लोगों ने अपनी सीमाओं के बावजूद अपने राजकुमारों के लिए एक स्टार्टअप बनाया है। लेकिन वे गैर-शुरुआतकर्ता हैं। पीएम मोदी ने राहुल गांधी का नाम लिए बिना कहा, न तो वे सामने आ रहे हैं और न ही उन्हें लॉन्च किया जा रहा है।

राज्यसभा में बोले पीएम मोदी-इस बार कांग्रेस 40 का आंकड़ा भी पार नहीं कर पाएगी....

अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव के बाद विपक्ष पर जमकर बरसे पीएम मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राज्यसभा में आज कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। प्रधानमंत्री मोदी आज राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा कर रहे थे। वहीं विपक्ष पर जमकर हमला बोला। पीएम मोदी ने कहा कि मैंने खड़गे जी का भाषण ध्यान से सुना लेकिन मैं यह सोच रहा था कि देश को आजादी कैसे मिली। दो कमांडर उस दिन नहीं थे इसलिए खड़गे जी ने उसका फायदा उठाया। मैं खड़गे जी का धन्यवाद देते हूं कि हमें 400 सीटों का आशीर्वाद दिया है। मैं उनका धन्यवाद करता मैं उनके आशीर्वाद को शिरोधार्य करता हूं। वहीं पीएम मोदी ने कहा कि मेरी आवाज को आप दबा नहीं सकते है। इस बार मैं पूरी तैयारी से आया हूं। लोकसभा इस बार कांग्रेस पार्टी 40 का आंकड़ा भी पार नहीं कर पाएगी। क्योंकि कांग्रेस की सोच पुरानी हो चुकी है। अब वह आउटडेटेड हो गई है। देखते ही देखते कांग्रेस कहां से कहां पहुंच गई। यह सोचने का विषय है। कांग्रेस जब सत्ता में थी तो उसने अपने लालच में लोकतंत्र का गला घोट दिया था। जनता के द्वारा चुनी हुई सरकारों को बर्खास्त कर दिया गया था। कांग्रेस ने देश की संविधान और लोकतंत्र की मर्यादा को जेल के सलाखों में बंद कर दिया था। जिसने अखबारों पर ताला लगाने की कोशिश की थी। जो कांग्रेस देश को तोड़ने के नेरेटिव गढ़ने का शौक पैदा हुआ था। अब उत्तर और दक्षिण को तोड़ने के लिए बयान दिए जा रहे हैं। ये कांग्रेस हमें लोकतंत्र पर प्रवचन दे रही है। आप भाषा के नाम पर देश को बांटने की कोशिश कर रही है। जिसने नॉर्थ ईस्ट को हमला, हिंसा में ढकेल दिया। जिसने नक्सलवाद के लिए देश के लिए चुनौती बनाकर छोड़ दिया। देश की जमीन दुश्मनों के हवाले कर दी। देश की सेना का आधुनिकीकरण रोक दिया। आज हमें राष्ट्रीय सुरक्षा पर भाषण दे रहे हैं। जिसने आजादी के बाद से ही कंफ्यूज रही।

ड्रोन के जरिए दूरदराज के इलाकों में पहुंचेंगी दवाइयां

देहरादून। उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों के दूरदराज इलाकों में अब रोगियों के लिए उपचार की सुविधा सर्वसुलभ हो जाएगी। इस दिशा में ऋषिकेश एम्स के चिकित्सकों और प्रशासन ने एक बड़ी पहल की है। उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों में दूरदराज वाले इलाकों में रह रहे लोगों का जीवन वैसे ही कठिन दौर से गुजरता है और ऊपर से बीमारी लगने पर उनकी मुसीबत और बढ़ जाती है और उनका दर्द पहाड़ जैसा हो जाता है। इन लोगों को इस दुख दर्द से निजात दिलाने के लिए और आपात स्थिति के दौरान गंभीर बीमारी की दवाएं या दुर्घटना में गंभीर घायल के लिए दवाएं और खून पहुंचाने के लिए ऋषिकेश एम्स ने ड्रोन चिकित्सा सेवा शुरू की है।

त्रिपुरा सरकार ने सभी के लिए स्वास्थ्य बीमा योजना की घोषणा की

अगरतला। त्रिपुरा सरकार ने मंगलवार को केंद्र की आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अनुरूप मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना शुरू करने की घोषणा की, जिसमें प्रति परिवार प्रतिवर्ष 5 लाख रुपये तक का कैशलेस चिकित्सा उपचार की पेशकश की जाएगी। स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी की घोषणा करते हुए खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री सुशांत चौधरी ने कहा कि वार्षिक आय की परवाह किए बिना सभी के लिए सुलभ और किफायती स्वास्थ्य देखभाल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह योजना शुरू की जाएगी।

घुटनों पर आया हमास, इजरायल के सामने रखा तीन चरणों वाला सीजनफायर का प्रस्ताव

नई दिल्ली। पिछले 124 दिनों से इजरायल से जंग लड़ रहे हमास ने तीन चरणों वाले युद्धविराम का प्रस्ताव सौंपा है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार, हमास ने बुधवार को तीन चरण की युद्धविराम योजना का प्रस्ताव रखा है, जिससे गाजा में साढ़े चार महीने बाद बमबारी बंद हो सकती है। अगर इजरायल ने हमास के तीन चरणों वाले प्रस्ताव को माना तो अंततः युद्ध समाप्त हो सकता है। हमास ने यह प्रस्ताव पिछले सप्ताह कतर और मिस्र के मध्यस्थों द्वारा भेजे गए प्रस्ताव के जवाब में भेजा है। हमास के जवाबी प्रस्ताव के अनुसार, पहले चरण के 45 दिनों के दौरान इजरायली जेलों में बंद सभी फिलिस्तीनी महिलाओं और बच्चों की रिहाई के बदले हमास सभी इजरायली महिला बंधकों, 19 वर्ष से कम उम्र के पुरुषों, बुजुर्गों और बीमारों को रिहा करेगा। दूसरे चरण के दौरान शेष पुरुष बंधकों को मुक्त कर दिया जाएगा, और तीसरे चरण में लड़ाई में मारे गए लोगों के अवशेषों का आदान-प्रदान किया जाएगा। प्रस्तावों के मुताबिक, हमास ने उम्मीद जताई है कि सीजफायर के तीसरे चरण के अंत तक दोनों पक्ष युद्ध की समाप्ति से जुड़े एक समझौते पर पहुँच जाएंगे।

जयंत के एनडीए में जाने से सदमे में सपा

नई दिल्ली। इंडिया गठबंधन के मुख्य सूत्रधार नीतीश कुमार द्वारा एनडीए ज्वॉइन करने के बाद अब यूपी में मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी को बड़ा झटका लग सकता है। इसकी वजह राष्ट्रीय लोकदल के प्रमुख जयंत चौधरी हैं। खबरें हैं कि जयंत चौधरी एनडीए में शामिल हो सकते हैं। कयास हैं कि इसके लिए 3-5 सीटों पर जयंत की बातचीत भी जारी है। इसको लेकर अब सपा सांसद डिंपल यादव ने बयान दिया है। संसद सत्र के दौरान जयंत चौधरी के एनडीए में जाने के सवाल पर डिंपल यादव ने न केवल इस बयान को खारिज करने की कोशिश की, बल्कि जयंत को भी यह संदेश दिया कि एनडीए के साथ क्यों न जाएं। अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव ने कहा कि बीजेपी की सरकार ने किसानों के विरुद्ध काम किया है और पहलवानों का सबसे ज्यादा अपमान किया है। इसलिए मुझे नहीं लगता कि राष्ट्रीय लोकदल के नेता जयंत चौधरी बीजेपी के साथ एनडीए में जाने का फैसला लेंगे।

डिंपल यादव मोदी सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि बीजेपी की सरकार ने बजट में भी किसानों के लिए कुछ खास ऐलान नहीं किए। इसके अलावा उन्होंने महिला खिलाड़ियों के खिलाफ काम किया है।

प्रणब दा शर्मिष्ठा की बेटी का राहुल गांधी पर सवाल

नई दिल्ली। कांग्रेस और कांग्रेस को चीजों पर राहुल गांधी पर उठने ध्यान देने की जरूरत है। वाले सवाल कम नहीं हो पार्टी 2014 और 2019 रहे हैं। अब पूर्व राष्ट्रपति में लगातार हार चुकी है। प्रणब मुखर्जी की बेटी राहुल गांधी बहुत बुरी शर्मिष्ठा मुखर्जी भी इस तरह से हारे हैं। उन लिस्ट में शामिल हो गईं चुनावों में वह कांग्रेस का हैं। शर्मिष्ठा ने कहा है कि चेहरा थे।

चमत्कार! यहां नदी किनारे मिली सदियों पुरानी विष्णु की मूर्ति

रायचूर। तेलंगाना की सीमा के पास कर्नाटक में शिवलिंग और भगवान विष्णु की मूर्ति मिली है। बताया जा रहा है कि ये मूर्ति सदियों पुरानी है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि गांव में कृष्णा नदी से हाल में कर्नाटक के रायचूर जिले के एक भगवान विष्णु की एक प्राचीन मूर्ति मिली है जिसके चारों ओर सभी दसावतार उकेरे हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि यह मूर्ति इस तथ्य को देखते हुए उल्लेखनीय है कि इस मूर्ति की विशेषताएं अयोध्या में नवनिर्मित मंदिर में हाल ही में प्रतिष्ठित 'राम लला' की मूर्ति से मिलती जुलती है।

फैसला एक अहम सुनवाई में एसी ने कहा 'आरक्षण का लाभ लेने वालों को इससे बाहर निकालना चाहिए'

अधिक पिछड़ों के लिए बने रास्ता : सुप्रीम कोर्ट

नई ल्लिी,(एजेंसी)। आरक्षण को लेकर सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को अहम सुनवाई हुई। कोर्ट ने कहा का जिन पिछड़ी जातियों का आरक्षण का लाभ मिला अब उन्हें इससे बाहर निकलना चाहिए। उनके बाहर निकलने से अति पिछलों के लिए रास्ता बनेगा। आरक्षण को लेकर सुप्रीम कोर्ट में 7 जजों की संविधान बेंच इसकी सुनवाई कर रही है। बेंच इस बात की समीक्षा कर रही है कि क्या राज्य सरकारों को शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश और सरकारी नौकरियों में आरक्षण देने के लिए अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों में उप-वर्गीकरण करने का अधिकार है?

सुप्रीम कोर्ट ने पहले दिया था यह फैसला

बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने 2004 में फैसला दिया था कि राज्यों के पास आरक्षण देने के लिए अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति को आगे उप-वर्गीकृत करने का अधिकार नहीं है। इस फैसले को लेकर सुको में चुनौती दी गई। सुप्रीम कोर्ट की संविधान बेंच इस फैसले की वैधता की समीक्षा कर रही है। सीजेआई डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली इस बेंच में न्यायमूर्ति बी आर गवई, विक्रम नाथ, बेला एम त्रिवेदी, पंकज मिथल, मनोज मिश्रा और सतीश चंद्र शर्मा शामिल हैं। सुप्रीम कोर्ट की संविधान बेंच इस बात को लेकर जांच कर रही है कि क्या अन्य पिछड़ा वर्ग की तरह अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति श्रेणियों के अंदर उप-वर्गीकरण की अनुमति दी जानी चाहिए और क्या राज्य विधानसभाएं इस अभ्यास को करने के लिए राज्यों को सशक्त बनाने वाले कानून पेश करने में सक्षम हैं।

जिन्हें लाभ मिला उनका आरक्षण खत्म हो: कोर्ट

मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि एक विशेष वर्ग में कुछ उपजातियों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। वह उस श्रेणी में आगे भी हैं तो उन्हें आरक्षण से बाहर निकलकर जनरल कैटेगरी से मुकाबला करना चाहिए। आरक्षण का लाभ सिर्फ उन्हें मिलना चाहिए जो पिछड़ों में अभी भी पिछड़े हैं। कोर्ट ने कहा कि जब एक बार आरक्षण का लाभ मिल चुका है तो उन्हें इससे बाहर निकलना चाहिए।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने की दिल्ली मेट्रो में यात्रा

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार यानी आज दिल्ली में मेट्रो की सवारी की है। इस यात्रा का वीडियो भी सामने आया है। द्रौपदी मुर्मू ने बेहद ही खूबसूरत पीले रंग की साड़ी पहनी है और सामने खड़े फोटोग्राफर उनकी तस्वीरें खींच रहे हैं। इस यात्रा का सबसे जरूरी कदम यह है कि शहर के लोगों के दैनिक अनुभव से जुड़ाव महसूस करना। राष्ट्रपति की यात्रा एक संकेत के रूप में भी कार्य करती है, जो लोगों के रोजमर्रा के जीवन को समझने और सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने के रूप को बताती है।

न्यूज गैलरी

सीएम के मीडिया सलाहकार बने पंकज झा

रायपुर/नवप्रदेश। सामान्य प्रशासन विभाग ने पंकज कुमार झा को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का मीडिया सलाहकार नियुक्त करने का आदेश जारी किया है. नियुक्ति के बाद पंकज झा ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर इस जिम्मेदारी के लिए उनका आभार जताया है। पंकज झा अब मुख्यमंत्री को मीडिया संबंधित परामर्श देंगे। बता दें कि पंकज झा, भाजपा नीति एवं अनुसंधान संस्थान के सदस्य हैं।

छत्तीसगढ़ मेहर समाज खौली क्षेत्रीय समिति की बैठक कल कोसरंगी में

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ मेहर समाज खौली क्षेत्रीय समिति का बैठक 9 फरवरी शुक्रवार को संध्या 4 बजे ग्राम कोसारंगी (आरंग) में रखा गया है जिस मे संत शिरोमणि गुरु रविदास जी* जयंती, सिरपुर मंदिर समिति और वार्षिक सामाजिक हिसाब किताब विषयो में चर्चा किया जाएगा उक्त जानकारी श्री मेघनाथ तुरकाने जी(अमेरी) क्षेत्रीय अध्यक्ष ने दी हैं

पुरानी रंजिश के चलते युवक पर बॉटल से किया वार

रायपुर/नवप्रदेश। महंत तालाब के पास अंडरब्रीज में पुरानी रंजिश के चलते दो युवकों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट की। प्रार्थी की शिकायत पर सरस्वती नगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सोनू चौहान 19 वर्ष कोटा सरस्वती नगर का रहने वाला है। बताया जाता है कि कल शाम प्रार्थी महंत तालाब की तरफ गया था तभी आरोपी आवेश व अफसीस ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर कोल्ड्रिंक के बॉटल से मारकर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर सरस्वती नगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

उधार के पैसे के लेन-देन को लेकर दो पक्ष भिड़े

रायपुर/नवप्रदेश। रोटरी नगर आमानाका में उधार पैसे की लेन-देन को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों की शिकायत पर आमानाका पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार पहले पक्ष से प्रार्थी मोहम्मद अंसार (37) ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी हरीश बंसोड ने उधार पैसे के लेन देन को लेकर प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। वहीं दूसरे पक्ष से हरीश बंसोड 25 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी मोहम्मद अंसार ने पैसे के लेन देन को लेकर प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। दोनों पक्षों की शिकायत पर आमानाका पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना में 75 करोड़ की चतुर्थ किस्त जारी

रायपुर, नवप्रदेश। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण (मध्यान्ह भोजन) योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 75 करोड़ 88 लाख 58 हजार रूपए की चतुर्थ किस्त सिंगल नोडल एजेंसी के खाते में आबंटित कर दी है। लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा जिलों को जारी चतुर्थ किस्त में से मटेरियल कास्ट के लिए 33 करोड़ 77 लाख 31 हजार रूपए, रसोईया मानदेय 40 करोड़ 75 लाख 84 हजार रूपए और एम.एम.ई. (प्रबंधन) के लिए एक करोड़ 35 लाख 43 हजार रूपए की राशि आबंटित की गई है। लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा जिला शिक्षा अधिकारियों को जारी पत्र में कहा है कि आबंटित राशि का व्यय पी.एफएम.एस पोर्टल से किया जाना है। जिस मद (कम्पोनेंट) में जो राशि आबंटित है, उससे अधिक का खर्च नहीं किया जाए। इस राशि को तत्काल अनिवार्य रूप से व्यय किया जाना सुनिश्चित करें।

अवैध शराब बेचते 7 लोग धरे गए

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी पुलिस ने अभियान चलाकर अलग-अलग थाना क्षेत्रों में अवैध शराब बेचते 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 98 पाव देशी एवं अंग्रेजी शराब व बिक्री रकम 1810 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार गंज थाना पुलिस ने गंजपारा शराब दुकान के पास अवैध शराब बेचते आारोपी अनिल शर्मा 35 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 13 पाव देशी शराब एवं बिक्री रकम 660 रुपए जब्त किया है। इसी तरह तेलीबांधा पुलिस ने लाभांडी शराब दुकान के पास आरोपी पिंकु दास 20 वर्ष, खुबचंद यादव 27 वर्ष व रोहित महतो 27 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस इन तीनों के पास से 21 पाव अंग्रेजी शराब एवं बिक्री रकम 950 रुपए जब्त किया है।

विधानसभा पुलिस ने भी पकड़ी शराब: वहीं विधानसभा पुलिस ने ग्राम कुंद्रापारा में आरोपी विक्कीराम साहू 46 वर्ष के पास से 14 पाव देशी शराब एवं बिक्री रकम 200 रुपए जब्त किया है। इसी तरह माना पुलिस ने आरोपी सुनील नौरंगे 26 वर्ष के पास से 19 पाव देशी शराब जब्त किया है।

निधन

रामशरण मारकंडे

रायपुर/नवप्रदेश। भैंस खरोरा निवासी श्री रामशरण मारकंडे (वरिष्ठ समाजसेवी छत्तीसगढ़ मेहर समाज, सिरपुर, खरोरा परिक्षेत्र) का अंतिम संस्कार बुधवार को ग्राम भैंस में किया गया। वे बिरिज बाई के पति एवं भगवती, राजेन्द्र, देव के पिता थे।

हसदेव को लेकर हुए हंगामे के बाद गर्भगृह पहुंचे कांग्रेस विधायक निलंबित

नारे लगाते गर्भगृह पहुंचे विपक्ष के विधायक

ग्राह्यता पर चर्चा के बाद हसदेव अरण्य में पेड़ों की कटाई के मुद्दे पर लाये गये स्थगन को विधानसभा अध्यक्ष ने अग्राह्य कर दिया। सदन में विपक्षी सदस्यों ने नारे लगाये। हंगामे बीच सदन की कार्यवाही पांच मिनट के लिए स्थगित कर दी गयी। लेकिन, हंगामा जारी रहा। हसदेव में कटाई के मामले में सदन में जोरदार हंगामा, नारेबाजी करते हुए विपक्ष के विधायक गर्भगृह में पहुंचे। गर्भगृह पहुंचकर विपक्ष के सदस्यों ने नारेबाजी शुरू कर दी। गर्भगृह में पहुंचने से विपक्ष के विधायक हुए निलंबित।

आदिवासियों के साथ बांध प्रभावित होंगे

वहीं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा- इसी सदन में सर्व सम्मति से अशासकीय संकल्प पारित किया गया था। इसके बाद भी कटाई की अनुमति दे दी गई। इससे वन्यजीव प्रभावित होंगे। वहां के आदिवासी प्रभावित होंगे। बांगो बांध प्रभावित होने की वजह से कई ज़िले सिंचाई से प्रभावित होगा।

जल जंगल और ज़मीन पर खतरा- कुंवर निषाद और विक्रम मंडावी : वहीं कांग्रेसी विधायक कुंवर निषाद और विक्रम मंडावी ने कहा- जंगल ख़त्म होने से जीवन प्रभावित होगा। हसदेव में हाथी मानव द्वन्द चल रहा है। हसदेव क्षेत्र के आदिवासी अपनी बात नहीं रख पा रहे हैं। आदिवासियों के जल जंगल और ज़मीन पर खतरा मंडरा रहा है। वहीं, कांग्रेसी विधायक अनिला भेड़िया ने कहा- उद्योगपतियों के लिए जंगल काटा जा रहा है। केंद्र और राज्य में भाजपा की सरकार है। हसदेव को बचाने और आदिवासियों के संरक्षण के लिए काम करना चाहिए।

..फिर एक नये ब्लॉक की क्या ज़रूरत? अंबिका मरकाम ने कहा कि- हमारे मुख्यमंत्री आदिवासी हैं। हसदेव में आदिवासियों का सबसे बड़ा नुक़सान हो रहा है। हम मानते हैं कि आदिवासी मुख्यमंत्री होने का लाभ मिलता। अटल श्रीवास्तव ने कहा कि आदिवासियों की ज़मीन उजाड़ने का काम किया जा रहा है। पुलिस के पहरे में पेड़ों की कटाई हो रही है। अदाणी को दिये गये एमडीओ में ये स्पष्ट रूप से लिखा है कि सालों तक कोल का खनन किया जा सकता है फिर एक नये ब्लॉक की क्या ज़रूरत? लालजीत सिंह राठिया ने कहा- आदिवासी मुख्यमंत्री राज्य के आदिवासियों का सुरक्षा कवच हैं। उन्हें आदिवासियों की इस समस्या का निराकरण करना चाहिए। हसदेव की कटाई से बांगो बांध पूरी तरह से ख़त्म हो जाएगा।

आदिवासियों के हित में हो फ़ैसला : हर्षिता बघेल और सावित्री मंडावी ने कहा, हसदेव को केंद्र और राज्य का विषय ना बनाकर आदिवासियों के हित में फ़ैसला लिया जाना चाहिए। हमारे पूर्वजों ने हज़ारो सालों से इस जंगल को बचाकर रखा है। ये वन्य जीवों के साथ साथ आदिवासी संस्कृति को ख़त्म करने जैसा है.राघवेंद्र सिंह ने कहा- वर्ल्ड बैंक की रिपोर्ट में कहा गया था कि हसदेव क्षेत्र के किसानों की कमाई 160 फ़ीसदी बढ़ी है. ये सघन क्षेत्र के जंगल हैं। खड़गवा क्षेत्र में वन अधिकार पट्टे बंटे हैं। राजस्थान के पास पर्याप्त कोयला है। इस भंडार से काम चल सकता है. इसके बाद भी काटने की अनुमति देती है तो ये गंभीर मुद्दा होगा।

उस समय आदिवासी हितों की बात कहां थी- धर्मजीत सिंह : इधर बीजेपी के विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा, नेता प्रतिपक्ष ने हसदेव के लिये उस वक़्त मुझे विशेष अनुमति दी गई थी जब वह खुद आसंदी पर बैठे थे। बिसाहू दास महंत, रामचंद्र सिंहदेव जैसे नेताओं ने बांगो बांध की कल्पना की थी। सारे विकास के काम गंगरेल में हो रहे थे बागों में नहीं हो रहे थे। जो आज आदिवासी हितों को रक्षा की बात कर रहे हैं उनमें से एक आदमी भी बोलने खड़ा नहीं हो रहा था। मैंने ये भी कहा था कि राहुल गांधी जब मदनपुर आये थे तब जिस चबूतरे में बैठे थे वहाँ के किसानों की ज़मीन बेदख़ल करने का आदेश भी पिछली सरकार ने दिया था।

मदिरा दुकानों में कार्यरत कर्मचारियों का होगा सत्यापन, ब्लैक लिस्टेड पर होगी कड़ी कार्यवाही

- **लगातार मिल रही शिकायतें, मिलावटी, अवैध एवं ज्यादा दामों पर शराब बेचने को लेकर प्रशासन सख्त**

रायपुर/नवप्रदेश। सचिव सह आबकारी आयुक्त सह प्रबंध संचालक, छत्तीसगढ़ स्टेट कार्पोरेशन लिमिटेड श्रीमती आर. संगीता ने विगत दिवस आबकारी आयुक्त कार्यालय में मैनपॉवर एजेंसी एवं सुरक्षाकर्मी एजेंसियों की बैठक लेकर सी.एस.एम.सी.एल. द्वारा प्रदेश में संचालित मदिरा दुकानों में कार्यरत कर्मचारियों की नियुक्ति, उपस्थिति, वेतन एवं कार्यप्रणाली की जानकारी ली।

उन्होंने मदिरा दुकानों में छत्तीसगढ़ के स्थानीय व्यक्तियों की नियुक्ति करने, बायोमेट्रिक पद्धति से उपस्थिति सुनिश्चित करने, प्रति माह वेतन संबंधितों के बैंक खातों में नियत समय पर भुगतान करने व समस्त मदिरा दुकानों में कार्यरत कर्मचारियों का नये सिरे से सत्यापन कर आपराधिक प्रकरण में लिप्त पाए जाने एवं ब्लैक लिस्टेड पाये जाने पर तत्काल सेवा से पृथक कर उन पर नियमानुसार कड़ी कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिए।

बैठक में समस्त मेनपॉवर एजेंसी को मदिरा दुकानों में विधिवत् स्टाक रजिस्टर का अद्यतन संधारण करने, स्कैनिंग कर मदिरा का आमद एवं विक्रय करने, दुकानों के सी.सी.टी.व्ही. कैमरा सदैव चालू रखने तथा तकनीकी खराबी आने पर उन्हें तत्काल सुधार करने के निर्देश के साथ-साथ दुकानों में संग्रहित खाली कार्टन को सुरक्षित रखने के सख्त निर्देश दिये गये।

ग्राहकों के साथ अच्छा व्यवहार करने के निर्देश

बैठक में आबकारी विभाग की सचिव श्रीमती आर. संगीता द्वारा मदिरा दुकानों में कार्यरत कर्मचारियों को ग्राहकों के साथ अच्छा व्यवहार करने, ग्राहकों के मांग अनुरूप ब्राण्ड की मदिरा का विक्रय करने, ड्यूटी के दौरान निर्धारित यूनिफार्म में आई. कार्ड सहित उपस्थित रहने, निर्धारित समय पर ही दुकान खोलने एवं बंद करने तथा दुकान से प्रति व्यक्ति निर्धारित सीमा के भीतर मदिरा विक्रय किये जाने के साथ-साथ किसी भी प्रकार की मिलावटी एवं अवैध शराब विक्रय नहीं करने, शराब कोचियों को शराब का विक्रय नहीं करने एवं अधिक दर पर मदिरा विक्रय पर कड़ाई से अकुंश लगाये जाने के संबंध में संबंधित एजेंसियों को आवश्यक निर्देश दिये गये।

बिना स्कैन के शराब पर कड़ाई से नियंत्रण करें

बैठक में नॉन ड्यूटी पेड, अवैध शराब, बिना स्कैन के शराब पर कड़ाई से नियंत्रण कर अनियमितता पाये जाने पर संलिप्त कर्मचारियों के विरूद्ध गैर जमानती अपराध दर्ज करने के सख्त निर्देश दिये गये। समस्त मेनपॉवर एजेंसियों को मदिरा दुकानों से अधिक दर पर मदिरा विक्रय एवं मिलावटी विक्रय जैसी शिकायतों पर स्व-स्फूर्त कड़ी कार्यवाही करने के संबंध में निर्देशित किया गया। उपरोक्त निर्देशों के पालन नहीं करने वाली एजेंसियों के विरूद्ध नियमानुसार ब्लैक लिस्टेड की कार्यवाही कर अनुबंध निरस्त करने की कार्यवाही करने हेतु विभागीय अधिकारियो को निर्देशित किया गया। ऐसे प्रकरणों में ब्लैक लिस्टेड हुए एजेंसियों की जानकारी अन्य राज्यों से भी साझा करने के निर्देश दिये गये।

छत्तीसगढ़ के 2.13 लाख किसानों का 30 लाख टन धान नहीं बिका

रायपुर, नवप्रदेश। अखिल भारतीय किसान सभा से संबद्ध छत्तीसगढ़ किसान सभा ने राज्य में धान खरीदी पुनः शुरू करने की मांग की है। किसान सभा ने सरकार द्वारा जारी आंकड़ों के आधार पर दावा किया है कि अभी भी 2.13 लाख किसानों का 30 लाख टन धान अनबिका है। इनमें से अधिकांश किसान सीमांत और लघु किसान तथा बहुसंख्यक आदिवासी और दलित समुदाय के हैं।

आज यहां जारी एक बयान में छत्तीसगढ़ किसान सभा के संयोजक संजय पराते ने कहा है कि राज्य में 26.85 लाख धान उत्पादक किसानों ने 33.51 लाख हेक्टेयर रकबे का पंजीयन कराया था, लेकिन सरकारी आंकड़ों के अनुसार, 24.72 लाख किसान ही 27.92 लाख हेक्टेयर रकबे का धान बेच पाए हैं। फरवरी के अतिरिक्त चार दिनों में 19000 किसानों ने 2.69 लाख टन धान बेचा है।

इस प्रकार, 2.13 लाख किसानों का 5.59 लाख हेक्टेयर रकबे में उत्पादित धान अनबिका है। 21 क्विंटल प्रति एकड़ के हिसाब से और अंतिम चार दिनों में बिके धान के औसत के हिसाब से भी, लगभग 30 लाख टन धान अनबिका है और यह छत्तीसगढ़ के कुल धान उत्पादन का 17% है। राज्य सरकार द्वारा देय मूल्य पर इसकी कीमत 9300 करोड़ रुपए होती है।

१० जिलों में कुल खरीदी का 9% का उपार्जन

किसान सभा नेता ने कहा कि सरकारी आंकड़ों के अनुसार ही प्रदेश के 10 जिले बस्तर, बीजापुर, दंतेवाड़ा, नारायणपुर, सुकमा, मरवाही, मानपुर, बलरामपुर, कोरिया और मनेंद्रगढ़ में धान की बिक्री बहुत कम हुई है। इन आदिवासी जिलों से अभी तक हुई कुल खरीदी का मात्र 9% का उपार्जन ही हुआ है। इन जिलों में धान बिक्री का औसत मात्र सवा लाख टन ही है। इससे साफ है कि सोसाइटी में धान बेचने से वंचित रहने वालों में अधिकांश सीमांत और लघु किसान तथा इनमें भी बहुलांश आदिवासी-दलित समुदाय से जुड़े किसान ही है।

महतारी वंदन योजना : दो दिन में 8 लाख आवेदन जमा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में महतारी वंदन योजना को लेकर महिलाओं में जोरदार उत्साह देखा जा रहा है। दो दिन के भीतर ही प्रदेश भर से करीब 8 लाख आवेदन जमा हो चुका है।

महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा आरंभ की गई महतारी वंदन योजना के लाभ के लिए दूसरे दिन भी बड़ी संख्या में आवेदन भरने का सिलसिला जारी रहा। इस योजना के तहत दो दिनों में ही 7 लाख 77 हजार 905 आवेदन प्राप्त हुए हैं। आज आवेदन भरने के दूसरे दिन 5 लाख 96 हजार से अधिक महिलाओं ने आवेदन जमा किया। अब तक सर्वाधिक 61 हजार 994 आवेदन जांजगीर जिले में भरे गए हैं।

उप मुख्यमंत्री शर्मा छत्तीसगढ़ रीजनल साईस सेन्टर के निरीक्षण में पहुंचे

रायपुर, नवप्रदेश। उप मख्यमंत्री तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री श्री विजय शर्माने विभाग के अधीनस्थ संस्थान छत्तीसगढ़ रीजनल साईस सेन्टर का औचक निरीक्षण किया रीजनल साइंस सेन्टर वैज्ञानिकों एवं अधिकारियों से चर्चा करते हुए।

उप मख्यमंत्री तथा तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री श्री विजय शर्मा द्वारा आज अपने विभाग के अधीनस्थ संस्थान छत्तीसगढ़ रीजनल साईस सेन्टर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद एवं छत्तीसगढ़ रीजनल साइंस सेन्टर के वैज्ञानिकों एवं अधिकारियों से चर्चा करते हुए संचालित किये जा रहे योजनाओं एवं परियोजनाओं की जानकारी ली।

शर्मा ने निरीक्षण के दौरान बताया कि प्रदेश में चल रही शासन की विभिन्न निर्माण संबंधित परियोनाओं की मानिटरिंग रिमोट सेंसिंग तकनीक के माध्यम से किया जाएगा। उन्होंने प्रदेश भर से आने वाले छात्र-छात्राओं, शोधार्थियों के विज्ञान के प्रति रुझान विकसित किये जाने की दिशा में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के संस्थाओं द्वारा किये जा रहे कार्यकमों की प्रशंसा की और आधुनिक विज्ञान की दिशा में विभाग के दायित्वों हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने संस्थानों द्वारा जनहित में किये जा रहे कार्यों में शासन को सहभागी बनाने हेतु मार्गदर्शन दिया।

शक्ति वंदन अभियान में विकसित भारत के संकल्प से 10 करोड़ महिलाओं को जोड़ा जाएगा : भाजपा

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा के शक्ति वंदन अभियान में 10 करोड़ महिलाओं को विकसित भारत के संकल्प से जोड़ा जाएगा। भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे शक्ति वंदन कार्यक्रम के प्रदेश संयोजक प्रबलप्रताप सिंह जूदेव, सह संयोजक व भाजपा प्रदेश मंत्री किशोर महानंद और भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत ने इसकी जानकारी दी है। उन्होंने कहा है कि शक्ति वंदन कार्यक्रम समाज के उस वर्ग तक पहुँचने का अभियान है जो लगातार सामाजिक कार्यों में जुड़कर लोगों की सहायता कर रहा है।

भाजपा नेताओं ने कहा कि भाजपा का उद्देश्य है कि पूरे देश में इस अभियान के तहत एक करोड़ स्व-सहायता समूह एवं एनजीओ तक संपर्क करके 10 करोड़ से अधिक महिलाओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प से जोड़ना है। छत्तीसगढ़ के 3.56 लाख समूह से संबद्ध अनुमानित 8 लाख महिलाओं को इस संकल्प से जोड़ने का लक्ष्य है। भाजपा नेता बुधवार को एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे।

भाजपा शक्ति वंदन कार्यक्रम के बारे में प्रदेश पदाधिकारियों ने बताया कि इस कार्यक्रम के लिए राष्ट्रीय स्तर पर तरुण चुग को प्रभारी बनाया गया है और छत्तीसगढ़ से सांसद डॉ. सरोज पांडेय राष्ट्रीय सदस्य हैं जिन्हें छत्तीसगढ़ मध्यप्रदेश और दिल्ली में कार्यक्रम की जिम्मेदारी भी दी गई है। छत्तीसगढ़ में कार्यक्रम के प्रदेश संयोजक प्रबल प्रताप सिंह जूदेव तथा सह संयोजक भाजपा प्रदेश मंत्री किशोर महानंद, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत, महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, विधायक भावना बोहरा, प्रदेश प्रवक्ता व पूर्व विधायक रंजना साहू, पूनम सोलंकी को बनाया गया है।

दलहन-तिलहन की खेती से बढ़ती है भूमि की उर्वरा शक्ति : प्रोफेसर विजय पॉल

रायपुर, नवप्रदेश। कृषि लागत एवं मूल्य आयोग के चेयरमेन प्रोफेसर विजय पॉल शर्मा ने कहा है कि दलहन, तिलहन की फसल लेने से भूमि की उर्वरा शक्ति बढ़ती है। छत्तीसगढ़ के किसानों को धान के अलावा दलहन, तिलहन की खेती करने से खेती के लिए प्रोत्साहित करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि किसानों को खेती-किसानी करते समय छोटी-छोटी सावधानियां बरतनी चाहिए। इनके जरिए कृषि की लागत में कमी लाई जा सकती है।

कृषि लागत एवं मूल्य आयोग के चेयरमेन प्रोफेसर विजय पॉल शर्मा ने कृषि विभाग व कृषि महाविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 की बैठक में कहा कि सभी किसानों को बोनी से पहले अपने खेतों की मिट्टी की जांच करानी चाहिए।

किसानों के लिए कार्यशाला

कृषि विभाग की संचालक चंदन त्रिपाठी ने बैठक में बताया कि छत्तीसगढ़ में खरीफका क्षेत्र 48.08 लाख, रबी का क्षेत्र 18.00 लाख तथा लघु धान्य फसलों का क्षेत्र 97.00 हजार हेक्टेयर है। छत्तीसगढ़ की फसल सघनता 138 प्रतिशत है। छत्तीसगढ़ में कृषक परिवारों की संख्या 40.10 लाख है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में धान के अलावा अन्य फसलों एवं लघु धान्य फसलों के उत्पादन को बढ़ाने के लिए किसानों को प्रशिक्षण के साथ ही किसान सम्मेलन व कार्यशाला का भी आयोजन किया जा रहा है।

मौसम अलर्ट

मौसम विभाग का कहना है कि अगले 3 दिनों में मौसम का मिजाज बदल सकता है और न्यूनतम तापमान में तीन डिग्री तक की गिरावट आएगी

बढ़ते तापमान से ठंड हुई कमजोर, आईएमडी का अलर्ट, अगले तीन दिनों में गिरेगा पारा

रायपुर/नवप्रदेश। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से अधिकतम व न्यूनतम तापमान में हो रही बढ़ोतरी के चलते इन दिनों ठंड कमजोर पड़ गई है। सोमवार को रायपुर सहित प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में अधिकतम तापमान में सामान्य से छह डिग्री और न्यूनतम तापमान में सामान्य से दो डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी रही। इसके चलते इन दिनों शहरी क्षेत्रों से ठंड कम होने लगी है, हालांकि ग्रामीण व आउटर क्षेत्रों में ठंड लगातार बनी हुई है।

मौसम विभाग का कहना है कि अगले तीन दिनों में मौसम का मिजाज बदल सकता है और न्यूनतम तापमान में तीन डिग्री तक की गिरावट आएगी। उसके बाद अगले पांच दिनों तक न्यूनतम तापमान में विशेष बदलाव नहीं होगा।

नारायणपुर रहा सबसे ठंडा

सोमवार को प्रदेस भर में नारायणपुर सबसे ठंडा रहा। एडब्ल्यूएस नारायणपुर का न्यूनतम तापमान 11.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। साथ ही पेंड्रा रोड का न्यूनतम तापमान 13.8 डिग्री सेल्सियस और अंबिकापुर का 12.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज कियागया। राजनांदगांव का अधिकतम तापमान 32.5 डिग्री सेल्सियसदर्ज किया गया,जो सामान्य से छह डिग्री सेल्सियस ज्यादा रहा।

सोमवार को रायपुर सहित प्रदेश भर में मौसम शुष्क रहा। दोपहर की तेज धूप का असर अब पड़ने लगा है और फरवरी के पहले सप्ताह में गर्मी थोड़ी बढ़ी है। इसके चलते घरों के साथ ही कार्यालयों में भी पंखे चलने लगे है। मौसम विज्ञानी एचपी चंद्रा ने बताया कि बंगाल की खाड़ी से प्रदेश में नमी युक्त हवाएं आ रही है। इसके चलते मंगलवार को प्रदेश का मौसम शुष्क रहेगा। न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी की संभावना है। फरवरी के पहले सप्ताह से ही अब लोगों के घरों व कार्यालयों में पंखे चलने शुरू हो गए है।

संपादकीय

उद्धव ठाकरे के बाद शरद पवार को भी चुनाव आयोग का झटका

चुनाव आयोग ने महाराष्ट्र में अजीत पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी को असली पार्टी मान लिया है। चुनाव आयोग का यह फैसला शरद पवार के लिए बड़ा झटका है। पार्टी पर कब्जे की चाचा और भतीजे के बीच उस समय से लड़ाई चल रही थी। जब अजीत पवार ने जुलाई 2023 में अपने चाचा शरद पवार से बगावत कर अपना अलग गुट बना लिया था। इसके बाद महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ एकनाथ शिंदे की सरकार के सहभागी बन गए थे। अजीत पवार को उपमुख्यमंत्री पद दिया गया था और उनके साथ जो 41 विधायक आए थे। उनमें से 9 विधायकों को मंत्री पद से नवाजा गया था। इसके बाद से ही अजीत पवार राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी पर अपना दावा करते आ रहे थे। उनकी याचिका पर पिछले छह माह से चुनाव आयोग सुनवाई कर रहा था। दस बैठकों के बाद आखिकरकार चुनाव आयोग ने अजीत पवार के पक्ष में फैसला कर दिया है। अब पार्टी के चुनाव चिन्ह और पार्टी के नाम पर अजीत पवार का अधिकार होगा शरद पवार जो राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के संस्थापक रहे हैं। उन्हें चुनाव आयोग ने अपनी पार्टी का नया नाम रखने और नया चुनाव चिन्ह सुझाने के लिए कहा है। चुनाव आयोग के इस फैसले के बाद अब महाराष्ट्र विधानसभा में अब अजीत पवार समर्थक विधायकों को अयोग्य ठहराने वाली याचिका का भी अब जल्द निपटारा हो जाएगा। क्योंकि विधानसभा अध्यक्ष के लिए निर्वाचन आयोग का यह फैसला नजीर बन जाएगा। गौरतलब है कि इसके पहले शिवसेना भी दो फाड़ हो चुकी है। एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में विधायकों ने उद्धव ठाकरे के खिलाफ बगावत कर दी थी और फिर एकनाथ शिंदे भाजपा के समर्थन से महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री बन गए थे। उद्धव ठाकरे ने भी चुनाव आयोग का दरवाजा खटखटाया था और चुनाव आयोग ने एकनाथ शिंदे गुट को ही असली शिवसेना करार दिया था। शिंदे गुट को ही पार्टी का नाम और चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया था। एक बार फिर महाराष्ट्र में यही हुआ और इस बार उद्धव ठाकरे की तरह ही शरद पवार को ऐन लोकसभा चुनाव के पहले झटका लगा है। शरद पवार की ओर से चुनाव आयोग के इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाने की बात कही जा रही है। किन्तु सुप्रीम कोर्ट से भी उन्हें राहत मिलने की संभावना कम है। बहरहाल चुनाव आयोग के इस फैसले के बाद अब महाराष्ट्र की सियासत में बवाल मच गया है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और उद्धव गुट के नेता इस फैसले पर सवालिया निशान लगा रहे हैं। दरअसल परिवारवादी पार्टियों का यही हश्र होता है। शिवसेना में भी बाल ठाकरे के बाद उद्धव ठाकरे ने पार्टी की बागडोर संभाली थी और उन्होंने भाजपा के साथ संबंध तोड़ते हुए कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस के साथ हाथ मिलाकर महाअघाड़ी की सरकार बना ली थी और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री बन गए थे। इसके बाद से ही शिवसेना में असंतोष उभरा था और पार्टी टूट गई थी। कुछ ऐसा ही राष्ट्रवादी कांग्रेस में भी हुआ। शरद पवार ने अपने भतीजे अजीत पवार की जगह अपनी बेटी सुप्रिया सुले को तरजीह दी। नतीजतन अजीत पवार बगावत पर उतर आए और अब तो राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी पर उनका कब्जा हो गया है। अब देखना दिलचस्प होगा कि शरद पवार अब कौन सा कदम उठाते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने उनकी याचिका पर कब सुनवाई होगी और कब फैसला आएगा। इसे लेकर संशय की स्थिति है। ऐसे में 2 माह बाद होने वाले लोकसभा चुनाव में यदि उन्हें पार्टी के नए नाम और नए चुनाव चिन्ह के साथ मैदान में उतरना पड़ा तो उनके लिए दिक्कत हो सकती है। पहले शिवसेना और उसके बाद राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का टूटना और इस पर उद्धव ठाकरे व शरद पवार का कब्जा हटना इन पार्टियों के साथ ही आईएनडीआईए के लिए भी एक बड़ा झटका है।

अगले 25 वर्षों का लक्ष्य , भाजपा के मिशन 2024 से ही टीम भारत का निर्माण

भारतीय जनता पार्टी ने 2024 के लोकसभा चुनावों को एक अवसर मानते हुए अगले 25 वर्षों की नई राजातीतिक अवधारणा पर कार्य करना शुरू कर दिया है। इस बार के चुनाव में युवाओं और महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर टिकट देकर आगामी 25 वर्षों के लिए अत्यंत ऊर्जावान और क्रियाशील टीम भारत का आधार तैयार करने की रणनीति पर कार्य शुरू हो चुका है। यह सब विजन मोदी के सफल क्रियान्वयन के लिए आवश्यक भी है। इसके संकेत स्वयं प्रधानमंत्री के संसद के बजट सत्र में दिए गए विस्तृत संबोधन में भी दिखे हैं।

संजय तिवारी

इसको समझने के लिए प्रधानमंत्री के अमृत कल की परिधि को भी समझना होगा। वर्ष 2047 तक अमृत काल मानते हुए भारत को विश्वगुरु बनाने का लक्ष्य निर्धारित हो चुका है। तब भारत अपनी स्वाधीनता के 100 वर्ष पूरे कर रहा होगा। उस समय तक राष्ट्र को सक्षम और अयंत ऊर्जावान राजनीतिक टीम की जरूरत है। ऐसे में प्रधानमंत्री ने अभी से संकेत दे दिया है कि नई लोकसभा में अब अत्यधिक युवा चेहरों की जरूरत है।

इसमें युवा नारीशक्ति की भी बहुत जरूरत होगी। यद्यपि महिला आरक्षण के रूप में नारी शक्ति वंदन कानून पास हो चुका है लेकिन उसको आधिकारिक रूप से लागू होने में अभी कई तकनीकी कार्य शेष हैं । ऐसे में अपने टिकट बंटवारे में भाजपा नारीशक्ति वंदन के संकेत स्पष्ट मानकर महिला प्रतिनिधित्व भी बढ़ा सकती है। यह कदम भाजपा के खिलाफ चुनाव लडने वाले दलों के लिए सांसत जैसा होगा क्योंकि वे हल्ला तो बहुत करते हैं लेकिन महिलाओं को वैसा प्रतिनिधित्व देते नहीं हैं। इससे भाजपा देश की महिलाओं को स्पष्ट संदेश देकर आधी आबादी को स्वयं से जोड़ सकती है।

इस बार का चुनाव वैसे भी बहुत अलग होने जा रहा है। इसका संकेत प्रधानमंत्री का श्री अयोध्या जी में श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के समय का वह उद्बोधन है जिसमे वह बार बार काल चक्र के परिवर्तन और अगले एक हजार वर्ष की भारत की सनातन यात्रा की नीव की चर्चा करते हैं। यह पारंपरिक राजनीति के गणित के फार्मूले सिद्ध करने वाले कथित राजनीतिक भविष्यवक्ताओं की समझ से परे है। इसका संकेत स्वयं प्रधानमंत्री ने संसद में कर दिया जब उन्होंने कहा कि उनका तीसरा कार्यकाल बहुत बड़े और बहुत कड़े फैसलों का होने वाला है।

संकेत समझिए। अब राजनीति बदल रही है। राजनीति में मठाधीशी समाप्त होगी और नए क्रियाशील चेहरे जगह पाएंगे। ऐसा भाजपा के टिकट बंटवारे में भी दिख सकता है। पारंपरिक राजनीति की परिभाषा में बहुत दिग्गज माने जाने वाले चेहरे अगर टिकट की सूची में स्थान नहीं पा सकें तो चौकने की जरूरत नहीं है। टीम भारत के निर्माण में नए, सांगठनिक समर्पण वाले ऊर्जावान चेहरे जरूरी हैं। वैसे भी यह चुनाव केवल एक ही चेहरे का है। हर टिकट पर नरेंद्र मोदी की छाप होनी है। चुनाव चिन्ह पर वोट मिलने हैं। ऐसे में किसी दिग्गज को भ्रम भी नहीं होना चाहिए कि कोई विजय उसकी है।

हिन्दू मुस्लिम सौहार्द का प्रतीक यूएई का भव्य मंदिर

नीरज मनजीत

सऊदी अरब मिडिल ईस्ट का एकमात्र ऐसा देश है जो जी-20 में शामिल है। पिछले साल नई दिल्ली की समिट में मोहम्मद बिन सलमान बड़ी ही गर्मजोशी से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिले थे और दोनों देशों के प्रतिनिधिमंडलों के बीच बड़े ही सौहार्दपूर्ण माहौल में कई आपसी समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। पिछले दिनों भारत के विदेशमंत्री एस जयशंकर ईरान के प्रवास पर थे। 2018 में भारत और ईरान के बीच चाबहार बंदरगाह को लेकर एक महत्वपूर्ण डील हुई थी। तब से इस पोर्ट का संचालन और विकास का काम भारत के हाथों में है। 2019 में अमेरिका ने कई बंदिशें लगा दीं, तो यह काम रुक गया था।
जयशंकर के दौरे के बाद लगता है कि जल्द ही इसका काम पूरा हो जाएगा। इसके अलावा क़तर और अन्य खाड़ी देशों से भी भारत के रिश्ते बहुत ही अच्छे हैं। सच कहा जाए तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मिडिल ईस्ट में विपरीत दिशाओं में खड़े देशों से अपने मधुर रिश्ते तैयार करने में अद्भुत कूटनीतिक कौशल का परिचय दिया है।

पाकिस्तानी आर्मी और आईएसआई के तमाम दुष्प्रचार और विषवमन के बावजूद भारत और खाड़ी देशों के मीठे रिश्ते किस तरह नए शिखर पर पहुँच चुके हैं, इसे दो ख़बरों के जरिए समझा जा सकता है।

पहली ख़बर यह है कि 14 फ़रवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी यूएई की राजधानी अबु धाबी में एक भव्य हिन्दू मंदिर का उद्घाटन करने वाले हैं। 700 करोड़ रुपयों की लागत से बने इस स्वामीनारायण मंदिर का निर्माण अंतर्राष्ट्रीय स्वामीनारायण संस्थान बीएपीएस ने किया है। इसी संस्थान ने नई दिल्ली में अक्षरधाम मंदिर बनाया है। अगस्त 2015 में खाड़ी देशों में बनने वाले इस पहले हिन्दू मंदिर के लिए 27 एकड़ की ज़मीन यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने दान में दी थी। 11 फ़रवरी 2018 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राष्ट्रपति शेख मोहम्मद और विभिन्न देशों के 250 प्रतिनिधियों की मौजूदगी में इस मंदिर का शिला पूजन किया गया था। इस मंदिर में स्वामीनारायण, अक्षर-पुरुषोत्तम, राधा-कृष्ण, राम-सीता, लक्ष्मण, हनुमान, शिव-पार्वती, गणेश, कार्तिकेय, पद्मावती-वेंकटेश्वर, जगन्नाथ और अयप्पा की प्रतिमाएँ स्थापित की गई हैं।

इसके बाहरी स्तंभों में रामायण की अलग अलग कहानियों को बहुत ही सुंदरता से उकेरा गया है। नक़्क़ाशी के जरिए भारतीय संस्कृति के प्रतीक हाथी और अरबी संस्कृति के प्रतीक ऊँट के चित्र उकेरे गए हैं। अरबी घोड़े के चित्र भारत और यूएई की साझा संस्कृति के प्रतीक हैं। पूर्णतः भारतीय कारीगरों ने मिलकर राजस्थान से लाए गए बलुआ लाल पत्थर और इटैलियन सफ़ेद संगमरमर से इसका निर्माण किया है। अयोध्या के राम मंदिर की तरह इस मंदिर में भी लोहे और स्टील का इस्तेमाल नहीं किया गया है। इसकी शिलाओं को इंटरलॉकिंग पद्धति से जोड़ा गया है। यह मंदिर भारत और मिडिल ईस्ट के बीच हिन्दू मुस्लिम सद्भाव, समन्वय, सहयोग, सामंजस्य और उदार मानवीय गरिमा एवं साझा संस्कृति का प्रतीक है। पत्थर प्रतिष्ठा के दिन इसी बात को शेख मोहम्मद और नरेन्द्र मोदी ने रेखांकित किया था।

यहाँ बताना लाज़िमी होगा कि यूएई में 35 लाख भारतीय काम कर रहे हैं। ये सभी शांत भाव से यूएई की तरक़्क़ी में अपना योगदान दे रहे हैं। इसके अलावा यूएई और भारत के बीच आपसी कारोबार 5 लाख करोड़ रुपयों के आसपास हो गया है। इस वक़्त यूएई भारत का तीसरा सबसे बड़ा कारोबारी साझेदार मुल्क है। यूएई ने सवा लाख करोड़ रुपए का निवेश भी भारत किया है। इससे भी बड़ी बात यह है कि दुबई की कई कम्पनियों ने जम्मू-कश्मीर में रियल एस्टेट और चिकित्सा के इलाके में बड़े निवेश का ऐलान किया है। इसमें सबसे बड़ा करार एम्मार ग्रुप से हुआ है, जो कश्मीर में 500 करोड़ का निवेश करने जा रहा है, जिसके तहत श्रीनगर में 10 लाख वर्गफ़ीट में 250 करोड़ रुपये की लागत से एक विशाल शॉपिंग मॉल बनाया जाएगा। यह निर्माण एम्मार और दिल्ली की एक कंपनी मिलकर कर रही है। इसके अलावा जम्मू और श्रीनगर में आईटी पार्क निर्मित किए जाएँगे।

इन समझौतों का सर्वाधिक महत्वपूर्ण और ख़ूबसूरत पहलू यह है कि इन पर कश्मीर से धारा 370 हटाए जाने के बाद दस्तख़त किए गए हैं। इस धारा को निरस्त किए जाने के बाद पाकिस्तानी प्रशासन और आर्मी ने बड़ी हाय तौबा मचाई थी और मुस्लिम देशों से भारत की ख़िलाफ़त करने की अपील की थी। मगर तुर्किए और मलेशिया के अलावा किसी देश ने पाकिस्तान के रोने-धोने पर ध्यान नहीं दिया। बल्कि यूएई की सरकार ने तो इसके ठीक बीस दिन बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को देश के सर्वोच्च सम्मान 'आर्डर ऑफ जायद' से नवाज़ा था। निश्चय ही ये क़दम ज़ाहिर करते हैं कि भारत यूएई के बीच रिश्ते दिनोदिन किस क़दर मीठे होते जा रहे हैं। साथ ही यह संकेत भी मिलता है कि यूएई अपरोक्ष तौर पर कश्मीर को भारत के अभिन्न हिस्से के रूप में मान्यता देता है। दूसरी महत्वपूर्ण ख़बर यह है कि इन दिनों भारत और सऊदी अरब के बीच राजस्थान के बीकानेर जिले के महाजन फ़ायरिंग रेंज में संयुक्त सैन्य अभ्यास जारी है। 'सदा तनसीक' नाम के इस सैन्य अभ्यास में दोनों तरफ़से 45-45 सैनिक शामिल हैं।

रॉयल सऊदी लैंड फ़ोर्सेज सऊदी अरब की टुकड़ी का नेतृत्व कर रही है, जबकि भारतीय सेना की टुकड़ी का प्रतिनिधित्व ब्रिगेड ऑफद गार्ड्स (मैकेनाइज्ड इन्फेंट्री) की एक बटालियन द्वारा किया जा रहा है। इसके पहले भारत और सऊदी अरब की नेवी के बीच 'अल मोहम्मद अल हिंदी ' के नाम से समुद्र में दो बार संयुक्त अभ्यास किए जा चुके हैं। पाकिस्तान की सरहद के नज़दीक रेगिस्तान में जारी इस सैन्य अभ्यास के कई मायने निकलते हैं। पहला और सबसे बड़ा मतलब तो यह है कि पाकिस्तान को यह जता दिया गया है कि कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा देने के बाद भारत और सऊदी अरब के रिश्तों में कोई फ़र्क़ नहीं आया है। आईएसआई और पाक आर्मी ने सऊदी अरब को भारत के ख़िलाफ़ भड़काने की तमाम नेगेटिव कोशिशें कीं, मगर सऊदी के किंग सलमान बिन अब्दुल अजीज़ बिन सऊद और क्राउन प्रिंस प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन सलमान तथा सऊदी अरब की जनता ने इस दुर्भावनापूर्ण प्रचार पर कतई ध्यान नहीं दिया। अब तो ये रिश्ते नए शिखरों को स्पर्श कर रहे हैं। सऊदी अरब मिडिल ईस्ट का एकमात्र ऐसा देश है जो जी-20 में शामिल है। पिछले साल नई दिल्ली की समिट में मोहम्मद बिन सलमान बड़ी ही गर्मजोशी से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिले थे और दोनों देशों के प्रतिनिधिमंडलों के बीच बड़े ही सौहार्दपूर्ण माहौल में कई आपसी समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। पिछले दिनों भारत के विदेशमंत्री एस जयशंकर ईरान के प्रवास पर थे। 2018 में भारत और ईरान के बीच चाबहार बंदरगाह को लेकर एक महत्वपूर्ण डील हुई थी। तब से इस पोर्ट का संचालन और विकास का काम भारत के हाथों में है। 2019 में अमेरिका ने कई बंदिशें लगा दीं, तो यह काम रुक गया था।

जयशंकर के दौरे के बाद लगता है कि जल्द ही इसका काम पूरा हो जाएगा। इसके अलावा क़तर और अन्य खाड़ी देशों से भी भारत के रिश्ते बहुत ही अच्छे हैं। सच कहा जाए तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मिडिल ईस्ट में विपरीत दिशाओं में खड़े देशों से अपने मधुर रिश्ते तैयार करने में अद्भुत कूटनीतिक कौशल का परिचय दिया है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1909 में 8 फरवरी के दिन ही यूरोपीय देश जर्मनी और फ्रांस के बीच मोरक्को संधि पर साइन किए गए थे। 1952 में आज ही के दिन महारानी एलिजाबेथ ब्रिटेन की महारानी और राष्ट्रमंडल देशों की अध्यक्ष बनी थीं। 1971 में 8 फरवरी के दिन ही दुनिया के पहले इलेव?ट्रॉनिक शेयर बाजार नैस?डैक की शुरुआत हुई थी। 1986 में 8 फरवरी के दिन ही दिल्ली हवाई अड्डे पर पहली बार प्रीपेड टैक्सी सेवा शुरू की गई थी। 1994 में आज ही के दिन क्रिकेटर कपिल देव ने टेस्ट मैचों में 432 विकेट लेकर रिचर्ड हैडली के सबसे अधिक विकेट लेने के विश्व रिकॉर्ड को तोड़ दिया था। 1999 में 8 फ़रवरी के दिन ही केनेडी अंतरिक्ष केंद्र से अमेरिकी अंतरिक्ष यान स्टारडस्ट रवाना हुआ था। 1971 में आज ही के दिन लाओस पर दक्षिणी वियतनामी सेना ने हमला किया था। 2006 में आज ही के दिन सिओल में भारत और दक्षिण कोरिया के बीच 3 समझौते संपन्न हुए थे। 2008 में 8 फ़रवरी के दिन ही बैंगलौर स्थित इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ़साइंस के वरिष्ठ वैज्ञानिक शांतनु भट्टाचार्य को जी.डी. बिड़ाला पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

QUIZ TIME

1) एराविकुलम राष्ट्रीय उद्यान किस राज्य में स्थित है?

2) एल्पेंग्लो क्या है?

3) पैलाग्रा रोग किसकी कमी से होती है?

4) चन्द्रगुप्त मौर्य के महल के अवशेष कहाँ से मिले है?

5) दुनिया की सबसे बड़ी स्पिरिट कंपनी डियाजियो के सीइओ और जॉनी वॉकर व्हिस्की के निर्माता का नाम क्या है जिनका हाल ही में निधन हो गया?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) केरल (2) एक प्राकृतिक घटना जिसमें सूर्य द्वारा पहाड़ी ढलानों की रोशनी शामिल है (3) नियासिन /निकोटिनैमाइड (4) कुम्हार (पटना) (5) इवान मेनेजेस

आज का पंचांग

(उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : मकर (अस्त, पूर्व, मार्गी), गुरु : मेष (उदित, पश्चिम, मार्गी), शुक्र : धनु (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या

सूर्योदय : 07:13, सूर्यास्त : 06:09, चन्द्रोदय: 29:51, चन्द्रास्त :14:54, अयन : उत्तरायणे (दक्षिणगोलीय), ऋतुः : शिशिर, शक सम्वतः : 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वतः : 2080 (पिंगल), मास : माघ, पक्ष : कृष्ण, तिथि : त्रयोदशी, नक्षत्र : उत्तराषाढा, योग : सिद्धि, प्रथम करण : तैतिल (14:02 तक), द्वितीय करण : गर (24:43 तक)

॥ गोचर ग्रहा: ॥
सूर्य : मकर, चंद्र : धनु, मंगल : मकर

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अमृत काल : 24:11 से 25:40, विजय मुहूर्त : 14:20 से 15:04, गोधूलि मुहूर्त : 17:56 से 18:22, सायाह्न सन्ध्या : 17:58 से 19:17, निशिता मुहूर्त : 24:05 से 24:57, राहुकाल : 15:00 से 16:30, राहुवास : दक्षिण-पश्चिम, यमगण्ड : 08:26 से 09:48, दुर्मुहूर्त : 12:09 से 12:53, होमाहुति : केतु, दिशाशूल : उत्तर, अग्निवास : पृथ्वी (14:02 तक), चन्द्रवास : पूर्व, शिववास : नन्दी पर (14:02 से भोजन में)।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष: आज आप धर्म-कर्म के प्रति कुछ ज्यादा ही उत्साहित रहेंगे घरेलू अथवा अन्य महत्त्वपूर्ण कार्य इस वजह से लंबित हो सकते है।

वृष: आज का दिन भी शारीरिक दृष्टिकोण से उतार-चढ़ाव वाला रहेगा शरीर मे कुछ ना कुछ व्याधि लगी रहेगी।

मिथुन: आज के दिन आपको पारिवारिक अथवा व्यावसायिक दबाव के चलते कोई नापसंद कार्य करना पड़ेगा परन्तु इससे बाद में संतुष्टि ही होगी।

कर्क: आज का दिन काफी व्यस्तता भरा रहेगा आप काम की आपाधापी में शरीर की अवहेलना करेंगे लेकिन परिणाम अनुकूल मिलने से सभी परेशानियां भूल जाएंगे।

सिंह: आज आपको अपने कार्यो के साथ ही किसी परिचित के कार्य से भी भागदौड़ करनी पड़ेगी।

कन्या: आज का दिन आपके लिए मानसिक रूप से परेशानी वाला रहेगा स्वयं गलती करेंगे और डरेंगे भी।

तुला: आज के दिन आप कार्यो के प्रति आरम्भ में गंभीर नही रहेंगे लेकिन घरवालो अथवा अन्य स्नेहीजन के ताने सुनकर जबरन कार्य करेंगे फिर भी जिस कार्य को करेंगे उसे अन्य लोगो की अपेक्षा कम समय मे एवं ज्यादा सफाई से करेंगे।

वृश्चिक: आज के दिन आपकी दिनचर्या अस्त व्यस्त रहेगी। आर्थिक लाभ आज जोड़-तोड़ कर ही प्राप्त हो सकता है।

धनु: आज के दिन आप पूर्व में की गई मेहनत का फल मिलने से उत्साहित रहेंगे। पारिवारिक वातावरण प्रसन्नता प्रदान करेगा।

मकर: आज के दिन आप अधिकांश समय असमंजस की स्थिति में रहेंगे जिस कार्य को करने के लिये लोग परामर्श देंगे आप उसका उल्टा ही करेंगे जिससे आज भी हानि की संभावना अधिक रहेगी।

कुंभ: आज भी दिन आपके अनुकूल रहेगा।

मीन: आज का दिन आपको व्यावसायिक कार्यो के साथ ही कानूनी मामलों में भी विजय दिलाएगा। आज आप किसी पुराने विवाद से निष्कलंक होकर निकलेंगे।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -327

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं :
1. पानी, नीर, अंबु 2. आना-जाना, आवागमन 5. बहुत, बढ़िया 6. दूर रहने वाला (घटना) जो वर्तमान में न घट सके 8. अबोध, नासमझ, अनाड़ी 10. सब्जी, शाक 11. निशान, उद्देश्य, अनुमान योग्य वस्तु 12. नाखून 13. द्रव पदार्थ 15. सूनसान, जनविहीन स्थान 16. चटकीला, चमकीला, चटपटा, गौरैया 18. भगवान, खुदा 19. इन दिनों, वर्तमान दिनों में 20. अग्नि, पावक 21. अन्नकण, अनाज का टुकड़ा 22. टालमटोल, बहाने बाजी 24. भैया की पत्नी 25. पांच से छोटी एक विषम संस्था 26. हत्या, कत्ल.

ऊपर से नीचे
1. दुनिया, संसार, ठोस रूप में परिवर्तित करना 2. चमक, पानी 3. बाजीगर, जादू का खेल दिखाने वाला 4. एक पंजाबी प्रेमगीत, रांझा की प्रेमिका 5. मार-काट, खून-कत्ल 7. भूमि, जमीन, भू-भाग 9. बहुत बड़ा दानी, 10. संगीत के सुरों की संख्या 14. लचीला, लोचयुक्त 17. खिसकना, अपने स्थान से हटना, विचलित होना 19. प्रवेश करना, पधारना, आना 20. धूप-दीप से पूजा 22. इसी समय 23. गुस्सा, कहर.



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 326 का हल

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल कार्यालय बिलासपुर के प्लेसमेंट कर्मचारियों ने किया धरना प्रदर्शन

तीन माह से वेतन नहीं, हाउसिंग बोर्ड के कर्मचारी हड़ताल पर

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के प्लेसमेंट कर्मचारियों को पिछले तीन माह से वेतन नहीं मिला है जिससे उन्हें घर चलाना और परिवार चलाना बेहद मुश्किल हो रहा है। कर्मचारियों द्वारा बहुत पहले ही वेतन को लेकर अपनी बात रख चुके है, लेकिन अभी तक कोई हल नहीं निकल रहा है।

कर्मचारियों का कहना है कि उन्होंने बिलासपुर कलेक्टर का दरवाजा भी खटखटाया है और उन्हें सम्बंधित पत्र भी सौंपे है लेकिन अभी तक उन्हें कोई राहत नहीं मिली है ।छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल बिलासपुर सर्कल के अंतर्गत रायगढ़, सक्ति, कोरबा और बिलासपुर के कर्मचारी आते हैं जो की आज कलम बंद हड़ताल के मूड में नजर आ रहे हैं आज सुबह से ही,प्रभावित कर्मचारी बिलासपुर सर्किल ऑफिस में धरना देकर बैठे हुए हैं और जब तक वेतन के बारे में बात नहीं होती है तब तक आंदोलन जारी रहने की बात कह रहे हैं। इस मामले में जब उच्च अधिकारियों से बात की तो उनका कहना है की विधानसभा चुनाव आचार संहिता और मंत्रिमंडल गठन के कारण वेतन में देरी हो रही है लेकिन प्रक्रिया चालू कर दी गई है और जल्दी ही इसका हल भी निकाल लिया जाएगा, आंदोलन रत कर्मचारियों से भी बात की जा रही है और उनको समझाया जा रहा है कि जल्द से जल्द उनका वेतन मिल जाएगा। इस मामले में रायपुर स्थित मुख्य कार्यालय से जब बात की गई उनका कहना है ईस दिशा में कागजी कार्रवाई शुरू हो चुकी है और जल्दी पीड़ित कर्मचारियों को वेतन मिल जाएगा जिसके लिए उन्हें थोड़ा संयम से काम लेना पड़ेगा बहरहाल तीन महीने बिना पेमेंट के काम करना और घर चलाना आसान काम नहीं है वहीं अब देखना होगा प्लेसमेंट कर्मचारियों के इस आंदोलन के बाद अधिकारियों के द्वारा की जा रही कागजी कार्रवाई में तेजी आ भी पाती है या नहीं। वहीं प्रभावित कर्मचारियों का कहना है कि इस दिशा में उन्हें ठोस आश्वासन चाहिए तभी वह अपने कदम पीछे करेंगे वरना और भी कर्मचारी संगठन उन्हें साथ देने की बात कह रहे हैं।करोडों का धान बोनस,महतारी वंदन देने वाली सरकार को इस तरफ भी ध्यान देना चाहिए।

धरना प्रदर्शन जारी रहेगा

यदि वेतन समय पर और नियमित नहीं दिया गया तो धरना प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों का कहना है कि हम बिलासपुर सहित अन्य जगह जहां हाउसिंग बोर्ड कार्यालय है वहां भी धरना प्रदर्शना करते रहेंगे। जब तक हमारी मांग पूरी नहीं हो जाती है तब तक सरकार और प्रशासन को हमारी समस्याओं से अवगत कराते रहेंगे। कुछ दिन पहले भी संगठन की तरफ से शासन को ज्ञापन दिया गया था लेकिन अभी तक वेतन संबंधित कोई उचित कार्रवाई नहीं हो पाई है। प्रभावित कर्मचारी बिलासपुर सर्किल ऑफिस में धरना देकर बैठे हुए हैं। और कर्मचारियों को कहना कि यदि धरना प्रदर्शन जारी रहेगा।

न्यूज गैलरी

बिलासपुर- तिरुपति एक्सप्रेस का अस्थायी ठहराव

बिलासपुर/ नवप्रदेश। मैरी माथा उत्सव के अवसर पर दर्शनार्थियों की विशेष सुविधा हेतु दक्षिण पूर्व रेलवे के विजयवाड़ा मंडल के रामवरप्पाडु स्टेशन में 17481 /17482 बिलासपुर-तिरुपति-बिलासपुर एक्सप्रेस का अस्थायी ठहराव की सुविधा दी गई है । दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने 17481 /17482 बिलासपुर-तिरुपति-बिलासपुर एक्सप्रेस का 01 मिनट के लिए अस्थायी ठहराव की सुविधा 9 से11 फरवरी, तक दिया जाएगा । इस सुविधा की उपलब्धता से मैरी माथा उत्सव के अवसर पर रामवरप्पाडु के दर्शनार्थियों को बेहतर यात्रा सुविधा सुनिश्चित होगी। 9 से 11 तक 17481 बिलासपुर-तिरुपति एक्सप्रेस का रामवरप्पाडु स्टेशन में 12.04 /12.05 बजे ठहराव रहेगा । 9 से 11 तक 17482 तिरुपति-बिलासपुर एक्सप्रेस का रामवरप्पाडु स्टेशन में 18.44 /18.45 बजे ठहराव रहेगा।

संशोधित पेंशन पेमेंट ऑर्डर जारी करने की प्रक्रिया प्रारंभ

बिलासपुर/नवप्रदेश। कोयला खान भविष्य निधि संगठन (सीएमपीएफ़ओ) द्वारा दिवंगत सेवानिवृत कर्मियों के आश्रित विधवा/विधुर को पेंशन भुगतान की प्रक्रिया को सरल करते हुए संशोधित पेंशन पेमेंट ऑर्डर जारी करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गयी है। सेवानिवृत कर्मियों के विधवा/विधुर पेंशन भुगतान प्रक्रिया के सरलीकरण तथा परेशानी मुक्त पेंशन प्राप्त करने के उद्देश्य से सीएमपीएफओ द्वारा संशोधित पेंशन पेमेंट ऑर्डर जारी किये जाने की प्रक्रिया अपनायी जा रही है। संशोधित पेंशन पेमेंट ऑर्डर प्राप्त करने के लिए पेंशन भोगी जिनके जीवनसाथी (पति / पत्नी) जीवित है उन्हें एसईसीएल के उस क्षेत्र में सम्पर्क कर निर्धारित फॉर्म में अपनी एवं अपने जीवनसाथी (पति / पत्नी) की जानकारी देना होगा। फॉर्म को पूर्णतः भरकर स्वयं एवं जीवनसाथी के आधार कार्ड, पैनकार्ड, संयुक्त बैंक बचत खाता पासबुक (जीवनसाथी के साथ फार्मर एवं सर्वाइवर मोड़ में) जिसमे पेंशन प्राप्त हो रही है की स्वसत्यापित प्रतिलिपि, सेवानिवृत्त के समय जारी पेंशन पेमेंट आर्डर की प्रतिलिपि एवं पेंशनर तथा जीवनसाथी के 3 संयुक्त छायाचित्र के साथ उस क्षेत्र के क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक के पास जमा करना होगा जहाँ से पेंशन भोगी सेवानिवृत्त हुआ है।यदि सेवानिवृत्त एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर से हुई थी तो इसे पीएफ पेंशन सेल, एसईसीएल मुख्यालय में जमा करना होगा द्ध दूर - दराज क्षेत्रों में निवास करने वाले पेंशन भोगी रजिस्टर्ड डाक के द्वारा भी अपना आवेदन निर्धारित प्रोफार्मा में पूर्णतः भरकर उपरोक्त दस्तावेजों की स्वस्त्यापित प्रतिलिपि एवं फोटोग्राफ के साथ संबधित क्षेत्र के क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक को भेज सकते है द्ध संशोधित पीपीओ हेतु निर्धारित प्रोफार्मा एसईसीएल के वेबसाइट https://www.secl-cil.in/pension.php में उपलब्ध है। सेवानिवृत्त होने के पश्चात कोयला खान पेंशन योजना 1998 के तहत मासिक पेंशन का भुगतान कोयला खान भविष्य निधि संगठन के द्वारा किया जाता है।

कमिश्नर ने की स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा

रक्तदान के लिए शिविर लगाने दिए निर्देश

निर्माण कार्यो की धीमी गति पर जताई नाराजगी

बिलासपुर। संभागायुक्त शिखा राजपूत तिवारी ने अधिकारियों की बैठक लेकर स्वास्थ्य सेवाओं की मजबूती के लिए चल रहे निर्माण कार्यों और योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने निर्माण कार्यों की धीमी प्रगति पर असंतोष जताते हुए निर्माण एजेन्सी छ्त्तस्र्ष्ट को तेजी से काम पूर्ण करने के निर्देश दिए है। कमिश्नर ने ज्यादा मात्रा में रक्तदान संग्रहित करने के लिए रोस्टर बनाकर वर्ष भर रक्तदान शिविर आयोजित करने को कहा है। बैठक में संभाग की तीनों शासकीय मेडिकल कॉलेज के डीन, ब्लड बैंक के नोडल अधिकारी, सीजीएमएससी और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

राजपूत ने जिलों में संचालित सक्रिय ब्लड बैंकों की जानकारी ली। उन्होंने इलाज के लिए रक्त की मांग और इसकी उपलब्धता में अंतर को पाटने के लिए लोगों को ब्लड दान के लिए आगे आने की अपील की। उन्होंने कहा कि यदा-कदा रक्तदान शिविर लगाना पर्याप्त नहीं है। यह कार्य नियमित रूप से होने चाहिए। स्कूल, कॉलेज और औद्योगिक संस्थानों को शामिल कर एक रोस्टर बनाया जाना चाहिए। इस रोस्टर के अनुरूप साल भर शिविर लगते रहना चाहिए। विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं और समाज प्रमुखों की सेवाएं भी इस पावन कार्य में लिया जाना चाहिए। उन्होंने ब्लड के अलग-अलग अवयव को पृथक कर इन्हें सुरक्षित रखने के उपाय पर जोर दिया। कमिश्नर ने सिम्स सहित संभाग की तीनों शासकीय मेडिकल कॉलेज में चल रहे निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चल रहे कार्यों की प्राथमिकता तय कर ली जाये और जो काम ज्यादा जरूरत का है, उसे पहले पूर्ण किया जाये। रायगढ़ का मेडिकल कॉलेज शहर से 7 किलोमीटर दूर स्थित है। इसलिए मरीजों के आने-जाने के लिए सिटी बस चलाने की संभावना पर विचार करने के निर्देश जिला प्रशासन को दिए। बड़ी संख्या में विभिन्न पदों पर रिक्तियों की जानकारी लेकर भर्ती शुरू करने के लिए शासन स्तर पर प्रयास करने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं में वृद्धि और सेवाओं में सुधार राज्य सरकार की प्राथमिकता है। तमाम दिक्कते दूर कर जनता को उत्कृष्ट स्तर की सेवाएं प्रदान की जायेगी।

एसईसीएल के नए निदेशक तकनीकी ने पदभार संभाला

बिलासपुर/नवप्रदेश। एन फ्रेंकलिन जयकुमार ने 7 फरवरी को एसईसीएल के निदेशक तकनीकी (योजना/ परियोजना) का पदभार ग्रहण किया । उनके पदभार ग्रहण करने के अवसर पर एसईसीएल सीएमडी डॉ प्रेम सागर मिश्रा, शीर्ष प्रबंधन, सीवीओ, एसईसीएल संचालन समिति के सदस्यों, कंपनी कल्याण मण्डल के सदस्यों, विभिन्न विभागाध्यक्षों, अधिकारियों-कर्मचारियों ने बधाई व शुभकामनाएँ दी। एसईसीएल आने से पहले एन. फ्रैंकलिन जयकुमार एनएलसी इंडिया लिमिटेड में कार्यकारी निदेशक - कोयला समन्वय और परियोजना प्रमुख, तालाबीरा और ओसीपी, के रूप में कार्यरत थे। उनके पास कोयला उद्योग में भारत एवं विदेश में स्थित विभिन्न सरकारी एवं निजी कंपनियों में कोयला परियोजनाओं के विकास, संचालन एवं प्रबंधन के क्षेत्र काम करने का 31 वर्षों से अधिक का व्यापक अनुभव है। एन. फ्रैंकलिन जयकुमार ने वर्ष 1992 में इंजीनियरिंग कॉलेज, गिंडी, अन्ना विश्वविद्यालय, चेन्नई से माइनिंग इंजीनियरिंग में स्नातक की उपाधि प्राप्त की है। इसके साथ ही उन्होने केंद्रीय विश्वविद्यालय, हैदराबाद से पर्यावरण इंजीनियरिंग और प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा एवं अलगप्पा विश्वविद्यालय, तमिलनाडु से एमबीए (मानव संसाधन प्रबंधन) की डिग्री भी अर्जित की है। इसके साथ ही उन्होने खान सुरक्षा महानिदेशालय से फ़र्स्ट क्लास माइन मैनेजर्स सर्टिफिकेट ऑफ कोंपिटेंसी भी अर्जित किया है।

महतारी वंदन के लिए महिलाओं में उत्साह

बिलासपुर। महतारी वंदन योजना के लिए महिलाओं में गजब का उत्साह देखने को मिल रहा है। शासन स्तर पर आवदेन जमा करने के लिए 20 फरवरी तक का समय दिया गया है। इन बातों को ध्यान में रखकर मंगलवार से वार्ड क्रमांक 60 कपिल नगर के अंतर्गत जबड़ापारा में शिविर शुरू किया गया है। शिविर के पहले दिन ही फार्म लेने के लिए 200 महिलाएं पहुंच गई, जिन्हें फार्म उपलब्ध कराया गया। वार्ड पार्षद विजय ताम्रकार ने बताया कि महिलाओं में महतारी वंदन योजना के तहत आवेदन करने की सुविधा देने के उद्देश्य से ही शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर लगातार दिनों में 20 फरवरी तक चलेगा। पार्षद विजय ताम्रकार ने बताया कि क्षेत्र की महिलाओं की आवेदन करने से संबंधित सभी प्रकार के दिक्कतों को शिविर स्थल पर ही खत्म किया जा रहा है।

छत्तीसगढ़ सरकार के पूर्व एजी की फीस का भुगतान नहीं, हाईकोर्ट में याचिका

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के पूर्व महाधिवक्ता जेके गिल्डा ने राज्य सरकार द्वारा करीब 1.10 करोड़ रूपए फीस का भुगतान नहीं किए जाने को लेकर हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। पूरे मामले की सुनवाई जस्टिज राकेश मोहन पांडे की सिंगल बेंच में हुई। गिल्डा ने याचिका में कहा कि महाधिवक्ता रहते कई बार राज्य सरकार की तरफ से अलग- अलग मामले में परैवी की थी, लेकिन उन्हे फीस नहीं दी गई थी। हाईकोर्ट ने मामले की अंतिम सुनवाई 26 फरवरी को होगी। श्री गिल्डा ने 23 जनवरी 2014 को छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने अधिवक्ता का पदाभार ग्रहण किया था और 2018 में सरकार बदल जाने के कारण इस्तीफा दे दिया था।

कांग्रेसी विधायक देवेंद्र यादव के खिलाफ चुनाव याचिका

भिलाई के कांग्रेसी विधायक देवेंद्र यादव के निर्वाचन को चुनौति देने वाली याचिका पर हाईकोर्ट के जस्टिज राकेश मोहन पांडे ने उन्हे नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। भिलाईनगर विधानसभा सीट से कांग्रेस के विधायक देवेंद्र यादव के खिलाफ हाईकोर्ट में चुनाव याचिका दायर की है जिसमें सुनवाई करते हुए उन्हे जवाब तलब किया है। यह याचिका भाजपा उम्मीदवार एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पांडे ने अपने अधिवक्ता शैलेंद्र शुक्ला के माध्यम से की है। याचिका में कहा कि है कि देवेंद्र यादव ने निर्वाचन को हलफनामा में संपत्ति के संबंध महत्वपूर्ण जानकारी एवं अपराधिक मामले को छीपाया है। याचिकाकर्ता की ओर से देवेंद्र यादव की विधायकीय समाप्त करने की मांग की है। मामले की अगली सुनवाई २० मार्च को होगी।

हाई कोर्ट की सख्ती का असर,नाइस मीटर के जरिए होगी साउंड सिस्टम की जांच

छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट की सख्ती का अब प्रभावी असर देखने को मिलेगा। कोर्ट की नाराजगी और चीफ सेक्रेटरी को नोटिस जारी शपथ पत्र के साथ मांगे जवाब का असर दिखाई दे रहा है। राज्य शासन ने प्रदेशभर के थानों को नाइस मीटर की आपूर्ति कर दी है। इसके जरिए अब कानफोडू डीजे सहित तेज आवाज में बजने वाले ध्वनि विस्तार यंत्रों पर प्रभावी अंकुश लग सकेगा। इसके अलावा पुलिस अब कार्रवाई भी कर सकेगी। छत्तीसगढ़ में ध्वनि प्रदूषण रोकने के लिए राज्य शासन नाइस मीटर का इस्तेमाल करेगी। इस डिवाइस से डीजे और तेज आवाज वाले उपकरणों की जांच की जाएगी। जिससे पता चल सकेगा कि कितनी तीव्रता से बजाई जा रही है। अभी तक 50 से 60 डेसीबल ध्वनि पर बजाने की अनुमति है। नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा ने तेज आवाज में बजने वाले डीजे और साउंड सिस्टम पर ऐतराज जताते हुए स्वतः संज्ञान लिया है। जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान डिवीजन बेंच ने राज्य शासन के मुख्य सचिव से शपथ पत्र में जवाब मांगा है कि सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट ने ध्वनि प्रदूषण रोकने का आदेश दिया है। जिसका पालन करने के लिए शासन स्तर पर क्या प्रयास किए गए हैं। इसके अलावा छत्तीसगढ़ नागरिक संघर्ष समिति ने भी जनहित याचिका के साथ हस्तक्षेप याचिका दायर की है। जिसमें बताया कि शासन ने चार नवंबर 2019 को हर साउंड सिस्टम और पब्लिक एड्रेस सिस्टम में ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए साउंड लिमिटर लगाना अनिवार्य किया है। बीते दिनों सुनवाई के दौरान कोर्ट को इस बात की जानकारी दी गई है कि कोर्ट के निर्देश का गंभीरतापूर्वक परिपालन नहीं किया जा रहा है। नियमों का पालन नहीं करने पर हाईकोर्ट ने चीफ सेक्रेटरी से शपथपत्र के साथ जवाब पेश करने का निर्देश दिया है।

खेल | एनटीपीसी सीपत की अन्तर ग्रामीण वॉलीबाल प्रतियोगिता

सीपत की टीम ग्रामीण बॉलीबाल में चैंपियन

सीपत/नवप्रदेश। एनटीपीसी सीपत द्वारा नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत मंगलवार को ग्राम जांजी में अन्तर ग्रामीण वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्री रमानाथ पुजारी, मुख्य महाप्रबंधक (सीपत) द्वारा सरपंच ग्राम पंचायत सीपत, राजेंद्र धीवर, सरपंच जांजी शिवनाथ रोहीदास, सरपंच प्रतिनिधि कौड़िया धर्मेंद्र श्रीवास्तव, सरपंच रलिया एवं जे कुजूर, प्राचार्या शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जांजी की उपस्थिति में किया गया।

इस प्रतियोगिता में कुल आठ टीमें ग्राम सीपत, रांक, देवरी, कर्रा, कौड़िया, जांजी, गतौरा और रलिया ने भाग लिया। प्रतियोगिता का पहला मैच सीपत और रांक के बीच खेला गया, जिसमें सीपत ने तीन सेट तक चले मुकाबले में रांक को हराया। इसी प्रकार जांजी, कर्रा एवं गतौरा ने अपना अपना लीग मैच में जीत हासिल की। प्रतियोगिता का फ़ाइनल मुक़ाबला सीपत और जांजी के बीच खेला गया जिसमें शानदार खेल का प्रदर्शन कर सीपत की टीम ने खिताब अपने नाम किया। इस प्रतियोगिता के विजेता सीपत एवं उपविजेता जांजी टीम को ट्रॉफी, पदक एवं सभी खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में राजेंद्र धीवर, सरपंच ग्राम पंचायत सीपत ने इस आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से अनुशासन और स्वच्छ प्रतिस्पर्धी वातावरण का निर्माण होता है। परियोजना प्रमुख रमानाथ पुजारी मुख्य महाप्रबंधक एनटीपीसी (सीपत) खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन से ग्रामीणों में छिपी प्रतिभा को उजागर करने का अवसर प्राप्त होता है। अभिजीत चटर्जी, मुख्य महाप्रबंधक (तकनीकी सेवाएं) और अनिल शंकर शरण, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) ने भी खिलाड़ियों को अच्छे प्रदर्शन की शुभकामनाएँ दी। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष (मानव संसाधन), जयप्रकाश सत्यकाम, विवेक चन्द्र, उपमहाप्रबंधक (मानव संसाधन), मोहन लाल यादव, वरिष्ठ प्रबंधक (सीएसआर), तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ी गण और बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहकर इस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

10 एवं 11 फरवरी को भगवती मानव कल्याण संगठन के आयोजन में जुटेंगे देशभर के श्रद्धालु

बिलासपुर/नवप्रदेश। भगवती मानव कल्याण संगठन द्वारा साइंस कॉलेज ग्राउंड बिलासपुर में एक बड़ा आयोजन किया जा रहा है। 10 एवं 11 फरवरी को यह आयोजन होगा जिसके लिए जोरो शोरो से तैयारियां हो रही है। संगठन के कार्यकर्ता पूरे क्षेत्र में सघन प्रचार प्रसार कर रहे हैं, वहीं साइंस कॉलेज ग्राउंड में पिछले एक सप्ताह से टेंट लगने शुरू हो गए। दो दिवसीय इस शिविर में लाखों लोगों के जुटने की संभावना है। संगठन के संस्थापक संचालक परमहंस योगीराज श्री शक्तिपुत्र महाराज भी इस कार्यक्रम में शामिल होकर नशा मुक्ति का शंखनाद करेंगे।

आयोजन के संबंध में भगवती मानव कल्याण संगठन के केंद्रीय प्रवक्ता रमेश चंद्र मिश्र ने बताया कि यह संगठन का 2024 का अति महत्वपूर्ण कार्यक्रम है इस कार्यक्रम में पूरे छत्तीसगढ़ के साथ-साथ देश के अलग-अलग क्षेत्र से लगभग एक लाख लोग शामिल होंगे,जिसके लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां चल रही है। 9 फरवरी को दोपहर 3:00 बजे संगठन के संस्थापक संचालक परमहंस योगीराज शक्तिपुत्र महाराज बिलासपुर पहुंचेंगे एवं दो दिवस तक शिविर में उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करेंगे। इस कार्यक्रम की विशेषता यह है कि 20 हजार लोगों को संगठन ने नशा मुक्त करने का लक्ष्य बनाया है। कार्यक्रम को लेकर जहां एक ओर साइंस कॉलेज में तैयारियां चल रही है तो वही दूसरी ओर शहर में पोस्टर-बैनर लगने भी शुरू हो गए है। संगठन के कार्यकर्ता आमजनों से डोर टू डोर जनसंपर्क कर कार्यक्रम में शामिल होने का आवाहन कर रहे है।

न्यूज गैलरी

महतारी वंदना का लाभ दिलाने सरपंच ने लगाया शिविर

कांकेर/नवप्रदेश। भाजपा सरकार की महत्वाकांक्षी योजना महतारी वंदन योजना का लाभ दिलाने शहर से लेकर ग्रामीण अंचल तक जन प्रतिनिधि महिलाओं को इस योजना का लाभ दिलाने जुटे हुए हैं। ग्राम पंचायत कोदागांव के सरपंच पंचूराम नायक गांव के भवन पर विशेष शिविर लगाकर महिलाओं का आवेदन भरते हुए महतारी वंदना योजना का लाभ दिलाने जुटे हुए हैं। सरपंच के विशेष शिविर से महिलाओं को महतारी वंदना योजना के लिए कही घूमने की जरूरत नहीं पड़ रही है। सरपंच पंचूराम नायक के इस सराहनीय पहल की गांव में प्रशंसा हो रही है।

डीएलसीसी की बैठक 12 को

नारायणपुर/नवप्रदेश। जिला स्तरीय परामर्शदात्री बैंकर्स कमेटी की बैठक जिला कार्यालय के सभाकक्ष में 12 फरवरी दिन सोमवार को समय अपरान्ह 4 बजे से जिला कार्यालय के सभाकक्ष में रखी गई है। सभी बैंको के सदस्य एवं शासकीय विभागीय अधिकारियों को उक्त बैठक में अनिवार्य रूप से समय पर उपस्थित होने कहा गया है। बैठक में जमा, अग्रिम अनुपात की समीक्षा, जिले सीडी रेसिया वर्तमान में 47.2 प्रतिशत है, जो आरबीआई के बेंच मार्क 60 प्रतिशत से कम है, इस पर विस्तृत चर्चा, किसान केडिट कार्ड प्रगति, विभिन्न शासकीय ऋण योजनाओं में प्रगति, वित्तीय समावेशन, जिले में बैंकिंग सेवाओं के विस्तार, राष्ट्रव्यापी सघन जागरूकता अभियान 2022 भारतीय रिजर्व बैंक ने लक्ष्य दिया है कि बैंक, बीसी के माध्यम से जिले के अंतिम व्यक्ति को डिजिटल बैंकिंग, शिकायत, हमारी समर्पित एनजीओ द्वारा सभी बैंकों में प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के फार्म ग्रामीणों से एकत्रित कर बैंको में दिये जाते पर कार्यवाही, दोहरी प्रमाणीकरण, बैंक क्रेडिट लिकेज के प्रकरणों का निपटान, समूह के लोगों के बीमा योजनाओं के प्रगति, आसेटी प्रशिक्षण सम्बन्धी तथा अध्यक्ष महोदय एवं सी.ई.ओ जनपद पंचायत नारायणपुर और ओरछा ब्लॉक की अनुमति से समूह के कितने खाते बैंकों में खोले गये, समूह खाते बैंकों में नहीं खोले जा रहें है, बैंक लिंकेज प्रकरण में विलंब क्यों हो रहा है जैसे विषय पर चर्चा की जाएगी।

नक्सली संगठन प्रचारक दस्ते के 6 सदस्य चढ़े पुलिस के हत्थे

- **आतंक फैलाने नक्सल प्रभावित गांव में लगा रहे थे बैनर पोस्टर बड़ी मात्रा में नक्सली बैनर पोस्टर जब्त**

कांकेर/अंतागढ़/नवप्रदेश। पुलिस की लगातार कार्यवाही से नक्सली अब हताश होते दिख रहे हैं। 5 फरवरी को पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान चलाया गया था। जहां प्रतिबंधित माओवादी संगठन के प्रचार-प्रसार के लिए बैनर पोस्टर लगाने आए 6 प्रचार-प्रसार नक्सल सदस्य को पुलिस ने गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता प्राप्त की है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार 5 फरवरी को अंतागढ़ पुलिस को सूचना मिली कि बड़ेधौसा के जंगल से अंतागढ़ की ओर नक्सलियों का बैनर-पोस्टर लगाने माओवादी संगठन के प्रचार-प्रसार नक्सल सदस्य आने वाले हैं। इस पर ग्राम नवागांव नदी पुलिया के पास सड़क पर पुलिस के द्वारा मोबाइल चेक पोस्ट लगाया गया। ग्राम आमागांव तरफ से अंतागढ़ आ रहे 3 मोटर सायकल पर कुल 6 नक्सल प्रचार-प्रसार सदस्यों को घेराबंदी कर पकड़ा गया। उक्त सदस्यों से पूछताछ करने पर अपना नाम लखन लाल नुरूटी पिता स्व. बजनाथ नुरूटी (30) जाति गोड़, शैलेन्द्र कुपाल पिता स्व. सबर सिंह कुपाल (25) जाति हल्बा, सुकरेन ध्रुव पिता फुलसिंह ध्रुव (26) जाति गोड़, हेमराज मंडावी पिता स्व. बिदेसिंह मंडावी (30), हरिश कुमार बघेल पिता घसियाराम (28) जाति कलार और सुनहेर गावड़े पिता स्व. रामुराम (20) जाति गोड़ सभी साकिनान बड़ेधौसा, थाना ताड़ोकी, जिला कांकेर के रहने वाले बताए गए हैं। स्वयं को प्रतिबंधित माओवादी संगठन में प्रचार-प्रसार सदस्य के रूप में काम करना कबूल किया। सभी की मंशा अपने साथ रखे माओवादियों के 3 नग लाल कलर का बैनर 50 नग पांपलेट को अंतागढ़ शराब भट्टी के पास लगाकर क्षेत्र की जनता के मन में आतंक और भय फैलाना था।

उक्त माओवादियों द्वारा अपना अपराध कबुल करने पर थाना अंतागढ़ में अपराध क्रमांक 13/2024 धारा 147,149 भादवि. 10 (क), (द्व1), 13(1) (क) (ख) (2) वि.वि. कि.निवा. अधि. के तहत् अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत गिरफ्तार किया गया है तथा उक्त आरोपियों को न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा दिया गया है। उक्त सभी आरोपियों से 3 नग लाल रंग का सफेद अक्षर में लिखा हुआ माओवादी बैनर, 50 नग सादे कागज में काले अक्षरों में लिखा हुआ माओवादी पाम्पलेट 03 नग मोटर सायकल एवं 4 नग मोबाइल जब्त किया गया।

कलेक्टर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलाईगढ़ का निरीक्षण किया

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। कलेक्टर के एल चौहान ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलाईगढ़ का आकस्मिक निरीक्षण किया। श्री चौहान ने परिसर में संचालित ओपीडी, आईपीडी, वार्डों, आयुष्मान शाखा, भंडार कक्ष, ऑक्सीजन प्लांट आदि का निरीक्षण किया। बीएमओ पुष्पेंद्र कुमार वैष्णव ने कलेक्टर चौहान को बताया कि ओपीडी में प्रतिदिन लगभग 100 मरीज इलाज के लिए आते हैं। विगत जनवरी माह में 300 मरीज अस्पताल में भर्ती होकर इलाज कराएं हैं। अस्पताल में लक्ष्य से अधिक प्रसव रिकार्ड करने का रहा है। कलेक्टर चौहान ने अस्पताल परिसर की साफ सफाई और इलाज आदि की सुविधा के संबंध में मरीजों से बातचीत की। बीएमओ वैष्णव ने ओपीडी के सामने स्थल को

डामरीकरण सहित अस्पताल से जुड़े अन्य आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कलेक्टर से आग्रह किया, श्री चौहान ने आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर परियोजना निदेशक हरिशंकर चौहान, बिलाईगढ़ के एसडीएम डॉ स्निग्धा तिवारी, तहसीलदार कमलेश सिदार, सीएमओ मनीष गायकवाड आदि उपस्थित थे।

अगस्त्य ऋषि नारी सुरक्षा और अभिमान के रक्षक थे : पंडित अतुलकृष्ण

कांकेर/नवप्रदेश। रामकथा के दूसरे दिन कथा सुनाते पंडित अतुलकृष्ण ने कहा कि कहीं भी अगर महा शब्द जुड़ जाता है तो उस पर महादेव की विशेष कृपा होती है। उन्होंने कहा कि महानदी, महाराष्ट्र, महावीर आदि। छत्तीसगढ़ के सिहावा क्षेत्र से जो महानदी प्रवाहित हो रही है। उसमें अगस्त्य ऋषि की विशेष भूमिका रही है। अगस्त्य ऋषि नारी सुरक्षा तथा अभिमान के रक्षक थे। उनमें चार विशेष गुण थे। पहला निर्भयता दूसरा निर्दोषता, तीसरा निर्लोभता तथा चौथा निरहंकारिता। दूसरे दिन भी बड़ी संख्या में श्रध्दालु रामकथा सुनने पहुंचे थे। पहले दिन कथावाचक अतुल कृष्ण भारद्वाज ने गुरू महिमा का वर्णन किया था। दूसरे दिन शिव पार्वती विवाह प्रसंग कथा सुनाते ऋषि अगस्त्य, यज्ञोक्लज्ञ व भारद्वाज मुनि की महिमा का वर्णन किया। ऐसी मनोकामना करना चाहिए कि सीताराम, लखन, हनुमान के साथ हमारे मन में हमेशा बसे रहें। रामचरित मानस में गोस्वामी तुलसीदास ने सभी की वंदना की है। रचनाकार ने सज्जनों के साथ दुष्टों को भी प्रणाम किया है। जो भी उत्तरप्रदेश में प्राचीन तीर्थ हैं। उनका मुख्यमंत्री योगी ने नाम बदलकर बहुत अच्छा कार्य किया है। फैजाबाद को अयोध्या, इलाहबाद को प्रयागराज नामकरण किया गया है। अब दोनों तीर्थ स्थल अपने प्राचीन नाम से जाने जा रहे हैं। पूरी दुनिया में जो चिकित्सा पध्दति है। उसमें आयुर्वेद चिकित्सा पध्दति को ऋषि भारव्दाज ने शुरू किया था। काशी ज्ञान की बड़ी राजधानी है। काशी में पूरे प्रदेश से लोग पढ़ने आते थे। अंग्रेजों ने साजिश कर गुरूकुल पध्दति को बंद करा दिया था। पहले संस्कृत की शिक्षा सभी जगह दी जाती थी। उपनिषद ज्ञान के सबसे बड़े भंडार हैं। सबसे अधिक ज्ञान उपनिषद में है। भगवान शिव सबसे बड़े ज्ञानी हैं। सिहावा से महानदी निकली है जिसका सभी को दर्शन करना चाहिए। कनार्टक से कावेरी निकली है। दोनों नदी भगवान शिव की देन हैं। कथा के समापन के बाद सभी श्रध्दालुओं को प्रसाद के रूप में लड्डु वितरण उदयप्रकाश शर्मा ने किया ।

महिलाओ को भटकना ना पड़े इसलिए पार्षद ने लगाया शिविर

- **महतारी वंदना योजना में राजापारा की 50 महिलाओ का फॉर्म भरा गया**

कांकेर/नवप्रदेश। भाजपा सरकार की महत्वाकांक्षी योजना महतारी वंदन योजना का लाभ दिलाने राजापारा के युवा पार्षद आनंद चौरसिया ने वार्ड की किसी भी महिलाओं को कहीं भटकना न पड़े इसके लिए फोटोकॉपी मशीन से लेकर ऑनलाइन तक की सुविधा वार्ड में उपलब्ध कराते हुए शिविर में ही पार्षद आनंद चौरसिया ने उपलब्ध कराई है।मंगलवार 6 फरवरी से आगामी 20 फरवरी तक महिलाओ को महतारी वंदन योजना अंतर्गत फॉर्म भरने राजापारा में विशेष शिविर लगाकर महिलाओं का फॉर्म निशुल्क भरा जा रहा है।

मंगलवार को नीम चौक स्थित श्री श्री कलिका मंच मे सुबह 10 बजे से दोपहर 3 :30 बजे तक महतारी वंदना योजना में कुल 50 महिलाओ का फॉर्म भरा गया।इस दौरान महिलाओं के अपूर्ण दस्तावेज को पार्षद की अनुशंसा से पूर्ण किया गया । इस दौरान पार्षद के शिविर को सफल बनाने में वार्ड के अभिजीत दत्ता राय आंगनबाड़ी सहयिका शशिकला पटेल,लक्ष्मी बेसरा प्रवेश चौहान का सरहानीय योगदान रहा।

> महतारी वंदना योजना को लेकर राजापारा वार्ड की महिलाओ के लिए विशेष शिविर लगाया गया था। जिसमे करीब 50 महिलाओ का आवेदन पूर्ण किया गया है। यह शिविर आगामी 20फरवरी तक लगाई जाएगी। महिलाओ के अपूर्ण दस्तावेज निवास विवाह प्रमाण पत्र तत्काल बनाकर दस्तावेज पूर्ण किया गया है।
>
> **आनंद चौरसिया**, पार्षद राजापारा

कलेक्टर ने शासकीय कार्यालय के लिए बिलाईगढ़ में किया स्थल निरीक्षण

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। कलेक्टर के एल चौहान ने बिलाईगढ़ में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व (एसडीएम) और तहसीलदार कार्यालय के लिए सरकारी भूमि का स्थल निरीक्षण किया। इस दौरान स्थानीय वकीलों के समूह ने कलेक्टर श्री चौहान से मुलाकात किया। इस अवसर पर परियोजना निदेशक हरिशंकर चौहान, बिलाईगढ़ के एसडीएम डॉ स्निग्धा तिवारी, तहसीलदार कमलेश सिदार आदि उपस्थित थे।

महतारी वंदन योजना, संवेदनशील क्षेत्रों के समाधान शिविरों पर करें फोकस : कलेक्टर

- **कलेक्टर ने शत-प्रतिशत पात्र महिलाओं से फॉर्म भराने के दिए निर्देश**

कांकेर/नवप्रदेश। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने समय-सीमा की बैठक में जिले में आयोजित समाधान शिविरों में महतारी वंदन योजना के तहत आवेदक महिलाओं से निर्धारित प्रारूप में ऑफलाइन, ऑनलाइन फॉर्म भराने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले के संवेदनशील क्षेत्रों में स्थित गांवों में विशेष रूप फोकस करते हुए समाधान शिविरों में ही पात्र महिलाओं से फॉर्म भराने के निर्देश जिला कार्यक्रम अधिकारी को दिए, जिससे 20 फरवरी तक लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत हितग्राहियों को फॉर्म भराया जा सके। साथ ही ग्राम पंचायत एवं नगर पंचायत स्तर पर ऑनलाइन आवेदन के लिए अमला बढ़ाने के भी निर्देश सभी जनपद सी.ई.ओ. व सी.एम.ओ. को दिए। शासन की मंशानुसार इसे सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ निष्पादित करने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया।

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सुबह 10.00 बजे से आयोजित बैठक में कलेक्टर ने कहा कि महतारी वंदन योजना के तहत किसी भी पात्र हितग्राही को नहीं लौटाएं। अगर उनके पास बैंक खाता नहीं भी है, तो खाता खुलवाकर ऑनलाइन प्रविष्टि पूर्ण करें। उन्होंने तकनीकी समस्याएं दूर करते हुए संबंधित विभागों के समन्वय से लक्ष्य जल्द से जल्द पूर्ण करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर ने राशन कार्ड नवीनीकरण की जिले में स्थिति के बारे में पूछा। इस पर खाद्य अधिकारी ने बताया कि अब तक 69 प्रतिशत कार्ड का नवीनीकरण पूर्ण हो चुका है, जो प्रदेश में दूसरे स्थान पर है। साथ ही यह भी बताया कि बचे हुए हितग्राहियों को पीडीएस सेंटर में बुलवाने पंचायतों में लगातार मुनादी कराई जा रही है। बैठक में कलेक्टर ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भानुप्रतापपुर में औचक निरीक्षण के दौरान अनेक अनियमितताएं पाई गईं। कुछ रिकॉर्ड दुरूस्त नहीं मिले, वहीं व्यवस्थाएं भी लचर मिलीं। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया कि पर्याप्त प्रशिक्षण और सुविधाएं मुहैया कराने के बाद भी स्थिति में सुधार नहीं आता, तो ऐसे गैर जिम्मेदार अधिकारी-कर्मचारियों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए उनके वेतन रोकें जाएं। शासकीय कार्यालयों में भवनों में विद्युत देयकों के लम्बित प्रकरणों का जल्द से जल्द भुगतान करने संबंधित विभागों करने अधिकारियों को कलेक्टर ने निर्देशित किया, साथ ही विभिन्न कार्यालयों का एक साथ भुगतान करने सेंट्रलाइज व्यवस्था करने जिला कोषालय अधिकारी को निर्देश दिए।

प्रथम पृष्ठ का शेष

मुझे आरक्षण पसंद ...

के प्रति द्वेष रहा है। पिछले 70 वर्षों से कांग्रेस ने जम्मू-कश्मीर के एससी, एसटी और ओबीसी को आरक्षण से वंचित रखा है। उन्होंने कहा कि अगर बाबा साहब अंबेडकर नहीं होते तो एससी, एसटी को आरक्षण नहीं मिलता।

इसके अलावा हमने जितना काम किया है वह समाज के एसटी, एससी और ओबीसी वर्गों के लिए है। उन्हें पक्का घर मिल गया। गंदगी से होने वाली बीमारियों से निजात पाने के लिए स्वच्छ भारत अभियान चलाया गया। महिलाओं को चूल्हे के धुएं से होने वाली परेशानी से मुक्ति मिली। उज्ज्वला योजना लाई गई। मुफ्त गैस, मुफ्त राशन के लाभार्थी इसी समुदाय के लोग हैं। कांग्रेस ने पहले ही आरक्षण का विरोध किया था। प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी आरोप लगाया कि नेहरू ने पत्र में कहा था कि अगर एससी, एसटी और ओबीसी को आरक्षण मिलेगा तो सरकारी कामकाज का स्तर गिर जाएगा।

सीताराम केसरी अत्यंत पिछड़ी जाति से आते थे। वे कांग्रेस के अध्यक्ष रहे। लेकिन उन्हें उठाकर फुटपाथ पर फेंक दिया। इस वीडियो को देश ने देखा। उनका गाइड अमेरिका में बैठा है। संविधान निर्माता डॉ. कांग्रेस. बाबा साहब अम्बेडकर के योगदान को कम करने के अनेक प्रयास किये गये। कांग्रेस ने अंबेडकर को भारत रत्न तक नहीं दिया।।

ऑस्ट्रेलिया की संसद में ...

आपका होना अद्भुत है।''

ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने भी घोष का स्वागत किया। उन्होंने लिखा, ÷पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया से हमारे नए सीनेटर वरुण घोष का स्वागत है। आपका टीम में होना बहुत ही अच्छी बात है।'' पर्थ के रहने वाले वरुण घोष पेशे से एक वकील हैं। उन्होंने यूनिवर्सिटी ऑफवेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया से आर्ट्स और लॉ की पढ़ाई की है। वह पहले न्यूयॉर्क में फाइनेंस अटार्नी और वॉशिंगटन में विश्वबैंक में सलाहकार रह चुके हैं। वरुण घोष ने अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत पर्थ में लेबर पार्टी से की थी।

पूछताछ के लिए हेमंत को फिर ...

ईडी के आग्रह को देखते हुए कोर्ट ने 5 दिनों की रिमांड प्रदान की थी। रांची सिविल कोर्ट में हेमंत सोरेन की पेशी को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये थे। बड़गाईं की 8.5 एकड़ जमीन पर दखल करने के मामले एवं दिल्ली स्थित उनके आवास पर 36 लाख रुपये बरामद मामले में ईडी हेमंत सोरेन से पूछताछ कर रही है।

इतनी टार्चर हुई कि ...

हो गई कि उसने आत्महत्या का कदम उठा लिया। उन्होंने सुसाइड नोट में इसका जिक्र भी किया है कि टीचर्स तंग करती हैं इसलिए मैं मरने के बाद उसका बदला लूंगी।

इस घटना के बाद से स्थानीय लोग आक्रोशित हो गए। छात्रा के शव के पास मिले सुसाइड नोट के आधार पर पुलिस जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार छात्रा पढ़ाई में बहुत होशियार थी। छात्रा के इस कदम से सभी लोगा हतप्रभ हैं।

सुसाइड नोट में लिखा है कि मंगलवार को कार्मेल स्कूल की सिस्टर मर्सी ने उसका और उसके दोस्तों का आईडी कार्ड छीन लिया था। इंग्लिश में लिखे पत्र में उसने स्नेचिंग वर्ड लिखा है। छात्रा ने यह भी लिखा है कि प्रताड़ना के चलते अब उसके पास सिर्फ मरने के अलावा और कोई रास्ता नहीं बचा है।

..बहुत बुरी और डेंजरस है

उसने लिखा है कि वो (सिस्टर मर्सी) बहुत बुरी और डेंजरस है। उसने क्लास 6-डी के सहपाठियों के ग्रुप में भी इस बारे में लिखा है। उसे बच्चों के सामने अपमानित किया गया था। छात्रा ने सुसाइड नोट में लिखा है कि मेरे दोस्तों को प्रताड़ित नहीं करें।

..इसलिए बच्चे प्रताड़ना की बात नहीं बताते

इधर बच्ची के पिता ने आरोप लगाया है कि कार्मेल स्कूल की सिस्टर मर्सी और सिस्टर जीवा बच्चों को टॉर्चर करती हैं।

साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
''मिनी रत्न कम्पनी''
(कोल इंडिया लिमिटेड का उपक्रम)

No. SECL/AGM(HSD)/L&R/23-24/111, **सूचना** Date: 18.01.2024

इस प्रकाशन के माध्यम से यह सूचित किया जाता है कि एसईसीएल हसदेव क्षेत्रान्तर्गत शीतलधारा कुरजा यूजी माईन कालरी के डिपलरिंग हेतु ग्राम–कुरजा एवं दलदल के निम्नलिखित भू–विस्थापितों एवं उनके द्वारा नामित, आश्रित उम्मीदवार को एसईसीएल में रोजगार प्रदान करने हेतु एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर से स्वीकृति प्राप्त किये जाने बाबत् औपचारिकताएँ यथाशीघ्र प्रारम्भ की जायेगी।

S. No.	Name as per Land Owner on date of sanction 9(i)	Name as per P-II & B-I Statement 1-A [land owner on date of compensation assessment]	Name of PAP proposed for employment		Document	Name
1	श्रवण कुमार केवट पिता श्रीराम केवट जाति – केवट ग्राम – कुरजा खसरा नं. रकबा हे. 240/2 क 0.607 239/1 ख 0.202 0.809 (2 एकड़)	श्रवण कुमार केवट पिता श्रीराम केवट जाति – केवट ग्राम – कुरजा खसरा नं. रकबा हे. 240/2 क 0.607 239/1 ख 0.202 0.809 (2 एकड़)	आदित्य केवट पिता श्रवण कुमार केवट	1	वंशवृक्ष	आदित्य केवट पिता श्रवण कुमार केवट
				2	निवास प्रमाण पत्र	आदित्य केवट पिता श्रवण कुमार केवट
				3	राशन कार्ड	आदित्य केवट पिता श्रवण कुमार केवट
				4	मतदाता परिचय पत्र	निरंक
				5	आधार कार्ड	आदित्य केवट पिता श्रवण कुमार केवट
				6	शिक्षा प्रमाण पत्र	ADITYA KUMAR KEWAT S/O SHRAVAN KUMAR KEWAT 8th
				7	रोजगार पंजीयन	निरंक
				8	पेनकार्ड	ADITYA KUMAR KEWAT S/O SHRAVAN KUMAR KEWAT (Minor)
				9	जाति प्रमाण पत्र	आदित्य केवट पिता श्रवण कुमार केवट
2	गोपाल प्रसाद पिता श्रीराम केवट जाति – केवट ग्राम – कुरजा खसरा नं. रकबा हे. 240/2 ख 0.607 239/1 ग 0.202 0.809 (2 एकड़)	गोपाल प्रसाद पिता श्रीराम केवट जाति – केवट ग्राम – कुरजा खसरा नं. रकबा हे. 240/2 ख 0.607 239/1 ग 0.202 0.809 (2 एकड़)	करन केवट पिता गोपाल प्रसाद केवट	1	वंशवृक्ष	करन केवट पिता गोपाल प्रसाद केवट
				2	निवास प्रमाण पत्र	करन केवट पिता गोपाल प्रसाद केवट
				3	राशन कार्ड	करन केवट
				4	मतदाता परिचय पत्र	निरंक
				5	आधार कार्ड	करन केवट पिता गोपाल प्रसाद केवट
				6	शिक्षा प्रमाण पत्र	KARAN KEWAT S/O GOPAL PRASAD KEWAT 10th
				7	रोजगार पंजीयन	निरंक
				8	पेनकार्ड	निरंक
				9	जाति प्रमाण पत्र	करन केवट पिता गोपाल प्रसाद केवट
3	मदन लाल पिता सुखदेव जाति – बैगा ग्राम – कुरजा खसरा नं. 240/3 रकबा हे. 1.214 (3 एकड़)	मदन लाल पिता सुखदेव जाति – बैगा ग्राम – कुरजा खसरा नं. 240/3 रकबा हे. 1.214 (3 एकड़)	तिरसिया बाई बैगा पति मदन लाल बैगा	1	वंशवृक्ष	तिरसिया बाई बेवा स्व. मदनलाल बैगा
				2	निवास प्रमाण पत्र	तिरसिया बाई बैगा पति स्व. मदनलाल बैगा
				3	राशन कार्ड	तिरसिया बाई पति स्व. मदनलाल बैगा
				4	मतदाता परिचय पत्र	तिरसिया बाई पति मदनलाल
				5	आधार कार्ड	तिरसिया बाई बैगा पति मदन लाल बैगा
				6	शिक्षा प्रमाण पत्र	निरंक
				7	रोजगार पंजीयन	TIRASIYA BAI BAIGA
				8	पेनकार्ड	TIRASIYA BAI BAIGA D/O SUKH LAL
				9	जाति प्रमाण पत्र	तिरसिया बाई बैगा पुत्री श्री सुखलाल बैगा
4	रामदयाल पिता सहनू पाव जाति – पाव ग्राम – दलदल खसरा नं. रकबा हे. 153/6(पी) 0.717 156/5 0.163 0.880 (2.18 एकड़)	रामदयाल पिता सहनू पाव जाति – पाव ग्राम – दलदल खसरा नं. रकबा हे. 153/6(पी) 0.717 156/5 0.163 0.880 (2.18 एकड़)	सूरज कुमार पाव पिता रामदयाल पाव	1	वंशवृक्ष	सूरज पाव पिता रामदयाल
				2	निवास प्रमाण पत्र	सूरज पाव पिता रामदयाल पाव
				3	राशन कार्ड	सूरज पाव पिता रामदयाल पाव
				4	मतदाता परिचय पत्र	निरंक
				5	आधार कार्ड	सूरज पाव पिता रामदयाल पाव
				6	शिक्षा प्रमाण पत्र	SURAJ KUMAR PAW S/O RAMDAYAL PAW 8th
				7	रोजगार पंजीयन	निरंक
				8	पेनकार्ड	निरंक
				9	जाति प्रमाण पत्र	सूरज पाव पिता रामदयाल पाव
5	बुद्धु सिंह पिता सहनू पाव जाति – पाव ग्राम – दलदल खसरा नं. रकबा हे. 153/5(पी) 0.680 156/4 0.165 0.845 (2.09 एकड़)	बुद्धु सिंह पिता सहनू पाव जाति – पाव ग्राम – दलदल खसरा नं. रकबा हे. 153/5(पी) 0.680 156/4 0.165 0.845 (2.09 एकड़)	रामसहाय पाव पिता बुद्धु पाव	1	वंशवृक्ष	रामसहाय पिता बुद्धु सिंह
				2	निवास प्रमाण पत्र	राम सहाय पिता BUDHHU PAW
				3	राशन कार्ड	रामसहाय पिता बुद्धु सिंह
				4	मतदाता परिचय पत्र	निरंक
				5	आधार कार्ड	रामसहाय पाव पिता बुद्धु पाव
				6	शिक्षा प्रमाण पत्र	निरंक
				7	रोजगार पंजीयन	RAMSAHAY PAW
				8	पेनकार्ड	RAMSAHAY PAW
				9	जाति प्रमाण पत्र	राम सहाय पिता स्व. बुद्धु पाव
6	जगत सिंह पिता सहनू पाव जाति – पाव ग्राम – दलदल खसरा नं. रकबा हे. 153/3(पी) 0.680 156/2 0.163 0.843 (2.08 एकड़)	जगत सिंह पिता सहनू पाव जाति – पाव ग्राम – दलदल खसरा नं. रकबा हे. 153/3(पी) 0.680 156/2 0.163 0.843 (2.08 एकड़)	परगन सिंह पाव पिता जगत सिंह पाव	1	वंशवृक्ष	परगन सिंह पिता जगत सिंह
				2	निवास प्रमाण पत्र	परगन सिंह पिता जगत सिंह
				3	राशन कार्ड	परगन सिंह पाव पिता जगत सिंह पाव
				4	मतदाता परिचय पत्र	परगन सिंह पाव पिता जगत सिंह पाव
				5	आधार कार्ड	परगन सिंह पाव पिता जगत सिंह पाव
				6	शिक्षा प्रमाण पत्र	निरंक
				7	रोजगार पंजीयन	PARGAN SINGH PAW
				8	पेनकार्ड	PARGAN SINGH PAW S/o JAGAT SINGH PAW
				9	जाति प्रमाण पत्र	परगन सिंह पिता स्व. जगत सिंह

उपरोक्त तालिका में दर्शाये गये भू–स्वामी एवं आश्रित रोजगार बाबत् प्रस्तावित सदस्य के संबंध में किसी भी संबंधित व्यक्ति को इस पर आपत्ति हो, तो अपना पूरा नाम हस्ताक्षर, पता एवं मूल दस्तावेजों/प्रमाणों के साथ इसकी लिखित शिकायत अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में इस सूचना के प्रकाशन के 7 दिवस के अंदर व्यक्तिगत रुप से उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि के पश्चात् या दस्तावेजी प्रमाण नहीं होने की स्थिती में दावा–आपत्ति मान्य नहीं होगा।

SECL:23-24:292 **क्षेत्रीय महाप्रबंधक, हसदेव क्षेत्र**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, स्थानीय संपादक अशोक शर्मा, फोन नंबर : 0771-3526755, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

न्यूज गैलरी

कलेक्टर ने कार्यालयों का किया औचक निरीक्षण

अंबिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर विलास भोस्कर ने सोमवार को संयुक्त कलेक्टोरेट भवन परिसर में संचालित कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पीएमजीएसवाई ब्रिज, जनसम्पर्क, आबकारी, साक्षारता, आदिवासी विकास विभाग, खनिज, निर्वाचन, एमएमजीएसवाई, श्रम, उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं, योजना एवं सांख्यिकी, संभागीय सेनानी नगर सेना, सहायक पंजीयक फर्म एवं संस्थाएं कार्यालय का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने समस्त विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को कार्यालय में साफ-सफाई रखने, निर्धारित समय में कार्यालय उपस्थित होने एवं समय-सीमा में अपने कार्यों को संपादित करते हुए विभागीय कार्यो में प्रगति लाने के निर्देश दिए हैं। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर सुनील नायक, प्रभारी अधीक्षक प्रमोद सिंह अन्य अधिकारी,कर्मचारी उपस्थित थे।

अग्निवीर के लिए ऑनलाईन आवेदन अब 11 फरवरी तक

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर विलास भोस्कर की अध्यक्षता में जिले के सभी कॉलेजों के प्राचार्यों की बैठक ली गई। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला रोजगार अधिकारी भी मौजूद रहे। बैठक में कलेक्टर ने अग्निवीर भर्ती हेतु आवेदकों को प्रोत्साहित करने और फॉर्म भरने में उनकी मदद करने के लिए सुविधा केंद्र शुरू करने के निर्देश दिए। कलेक्टर के निर्देशनुसार जिले में वायु सेना अग्निवीर भर्ती हेतु आवेदन करने के इच्छुक आवेदकों के लिए सुविधा केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया है कि वायु सेना अग्निवीर भर्ती हेतु ऑनलाईन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर अब 11 फरवरी 2024 तक नियत की गई है। जिला प्रशासन द्वारा ऑनलाईन आवेदन फार्म भरने हेतु जिले के समस्त महाविद्यालयों, शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज, इंजीनियररिंग कॉलेज समस्त पोस्टमैट्रीक छात्रावास, समस्त विख शिक्षा अधिकारी कार्यालय, जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज अम्बिकापुर में 6 फरवरी 2024 को प्रातः 10 बजे से शाम 07 बजे तक सुविधा केन्द्र स्थापित किया गया है। यह सुविधा केन्द्र 11 फरवरी 2024 तक प्रति दिन संचालित रहेगा। जिले के इच्छुक आवेदक अधिक से अधिक संख्या में सुविधा केंद्रों में उपस्थित होकर आवेदन भरने की सुविधा का लाभ ले सकते है।

नानदमाली और कुबेरपुर की महिलाओं ने किया प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का धन्यवाद

महतारी वंदन योजना के लिए फॉर्म भरने महिलाओं की भारी भीड़

अंबिकापुर/नवप्रदेश। महतारी वंदन योजना के तहत 5 फरवरी से महिलाओं द्वारा आवेदन भरने की शुरुआत हो चुकी है और महिलाओं में योजना का लाभ लेने गजब का उत्साह भी देखा जा रहा है। पहले ही दिन से आंगनबाड़ी केंद्रों में महिलाएं आवेदन भरने पहुंच रही हैं। योजना के तहत आंगनबाड़ी केंद्र में आवेदन भरने पहुंची नानदमाली की रीता गुप्ता ने योजना की सराहना की। इसी तरह कुबेरपुर की मनिया कुशवाहा ने भी इस योजना से महिलाओं को आर्थिक मजबूती देने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का धन्यवाद किया।

राज्य शासन द्वारा महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रदेश में महतारी वंदन योजना 1 मार्च 2024 से लागू की जाएगी। जिले में ऑनलाईन फॉर्म एवं ऑफलाईन पंजीयन शुरू हो गया है। जिला स्तर पर फॉर्म भरने के लिए कार्यशाला का भी आयोजन किया जा रहा हैए ताकि महिलाओं फॉर्म भरने में किसी भी प्रकार की समस्या न हो। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 20 फरवरी 2024 हैं। महतारी वंदन योजना के तहत फॉर्म आंगनबाड़ी केंद्रों, पंचायत स्तर पर, शहरी क्षेत्रों में वार्ड प्रभारी स्तर पर सहित परियोजना कार्यालय, जिला कार्यालय में उपलब्ध हैं। महतारी वंदन योजना के क्रियान्वयन के संबंध में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि महिला के विवाहित होने के संबंध में यदि उनके पास दस्तावेज उपलब्ध न हो तो वह अपना स्वघोषणा शपथ पत्र प्रस्तुत कर सकती है। यदि महिला हितग्राही के पास मोबाइल नम्बर नहीं है तो इसके स्थान पर हितग्राही के द्वारा राशन कार्ड की छायाप्रति आवेदन पत्र के साथ अनिवार्य रूप से प्रस्तुत कर सकती है। गौरतलब है कि महतारी वंदन योजना का लाभ लेने के लिए विवाहित महिला को विवाह प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, निवास प्रमाण, ग्राम पंचायत या वार्ड पार्षद द्वारा जारी प्रमाण पत्र को शामिल किया गया है। योजना अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य की स्थानीय निवासी एवं विवाहित महिला पात्र होंगे। आवेदन के कैलेण्डर वर्ष अर्थात् जिस वर्ष आवेदन किया जा रहा हैए उस वर्ष की 1 जनवरी को विवाहित महिला की आयु 21 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए। विधवा, तलाकशुदा, परित्यक्ता महिला भी योजना के लिए पात्र होंगी। योजनांतर्गत पात्र महिला को प्रतिमाह 1000 रूपए का भुगतान डीबीटी के माध्यम से किया जाएगा।

पात्रता रखने वाली सभी महिलाओं का पंजीयन होगा

गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही। महतारी वंदन योजना के सफल क्रियान्वयन और पात्रता रखने वाले सभी महिलाओं को योजना का लाभ दिलाने के लिए उनका पंजीयन के निर्देश दिए कलेक्टर प्रियंका ऋषि महोबिया ने दिए हैं। उन्होने अपने कार्यालय कक्ष में योजना से संबद्ध अधिकारियों की बैठक लेकर कहा कि यह राज्य शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता की योजना है। उन्होने सभी पंचायतों और आंगनबाड़ी केंद्रों में पर्याप्त मात्रा में पंजीयन फार्म उपलब्ध कराने और 20 फरवरी तक अनिवार्य रूप से फार्म भरवाने कहा है। आवेदन पत्रों को पंजी में संधारित करने और परीक्षण कर ऑनलाइन पोटर्ल में एन्ट्री कराने के निर्देश दिए। बैठक में परियोजना निदेशक डीआरडीए केपी तेंदुलकर, एसडीएम पेण्ड्रारोड अमित बेक, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी अतुल परिहार, जनपद सीइओ एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी गौरेला एवं पेण्ड्रा तथा महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग अमर सिंह उपस्थित थे।

जिले में 55 लाख 86122 क्विंटल धान की खरीदी, लक्ष्य से 16 प्रतिशत अधिक

मुंगेली/नवप्रदेश। खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में जिले में कुल 66 सहकारी समितियों के 105 धान उपार्जन केन्द्रों में शासन के निर्देशानुसार 04 फरवरी तक धान उपार्जन कार्य किया गया। इस वर्ष जिले में निर्धारित लक्ष्य से अधिक धान की रिकार्ड खरीदी की गई। जिले में शासन द्वारा 48 लाख 07 हजार 540 क्विंटल धान उपार्जन का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जिसके विरूद्ध 55 लाख 86 हजार 122 क्विंटल धान की खरीदी की गई, जो कि निर्धारित लक्ष्य से 16 प्रतिशत अधिक है। जिले में उपार्जित कुल धान में से अब तक 33 लाख 18 हजार 214 क्विंटल धान का उठाव किया जा चुका है तथा 22 लाख 67 हजार 908 क्विंटल धान उठाव के लिए शेष बचा है। गौरतलब है कि जिले में खरीदी अवधि के दौरान कुल 01 लाख 01 हजार 954 किसानों द्वारा धान बेचा गया, जो कि कुल पंजीकृत कृषकों का लगभग 97 प्रतिशत है। खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 में लगभग 94 हजार 986 किसानों से 39 लाख 76 हजार क्विंटल धान की खरीदी की गई थी। प्रति एकड़ धान खरीदी की मात्रा बढ़ने तथा केन्द्रों में किसानों की सुविधा के लिए व्यापक व्यवस्थाएं होने से किसानों में उत्साह दिखा। कलेक्टर राहुल देव ने धान खरीदी के अंतिम दिन सभी नोडल अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने सभी उपार्जन केन्द्रों में धान की सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था और समय-समय पर भौतिक सत्यापन करने के निर्देश दिए, ताकि किसी भी प्रकार की अनियमितता न हो और गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी खरीदी केन्द्रों में जीरो प्रतिशत शॉर्टेज के लक्ष्य को हासिल किया जा सके।

ईवीएम की एफएलसी का कार्य शुरू, खोला गया वेयरहाउस

अंबिकापुर/नवप्रदेश। आगामी लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर जिले में ईवीएम मशीनों की एफएलसी यानी प्रथम स्तरीय जांच कार्य शुरू कर दिया गया है। सोमवार को राजनीतिक दलों की मौजूदगी में वेयरहाउस को खोला गया और राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के समक्ष ईवीएम की सुरक्षा और एफएलसी कार्य की जानकारी दी गई।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विलास भोस्कर ने कंपोजिट बिल्डिंग में स्थित एफएलसी हॉल का निरीक्षण किया और ईवीएम मशीनों की एफएलसी यानी प्रथम स्तरीय जांच कार्य की जानकारी ली। उन्होंने राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ वेयरहाउस का भी अवलोकन किया। 05 फरवरी से शुरू एफएलसी का कार्य 14 फरवरी 2024 तक सम्पन्न किया जाना है। प्रथम स्तरीय जांच का कार्य अवकाश के दिनों में भी किया जाना है। एफएलसी कार्य की वेबकास्टिंग भी की जाएगी, जिसे भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, रायपुर छत्तीसगढ़ के द्वारा देखा जायेगा। इस दौरान कलेक्टर ने गत विधानसभा निर्वाचन के दौरान इंटीग्रेटेड कमांड सेंटर बनाए गए संयुक्त भवन . 2 का भी निरीक्षण किया।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पारदर्शिता अपनाते हुए मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की उपस्थिति में ईवीएम मशीनों की प्रथम स्तरीय जांच की जानी है। एफएलसी हॉल में प्रथम स्तरीय जांच (एफएलसी) के दौरान राजनैतिक दलों को ईवीएम, वीवी पैट, कंट्रोल यूनिट और बैलेट यूनिट के संबंध में आवश्यक जानकारी देते हुए की पारदर्शी प्रक्रिया से अवगत कराया जाएगा। कलेक्टर ने एफएलसी के लिए बेहतर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने भी निर्देशित किया। एफएलसी फर्स्ट लेवल चैकिंग का कार्य ईसीआई से भेजे गए इंजीनियर्स की उपस्थिति में किया जा रहा है। इस दौरान अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुनील नायक एवं निर्वाचन कार्यालय संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

जांच कर समस्याओं व मागों का निराकरण करने निर्देश

गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही। साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में कलेक्टर प्रियंका ऋषि महोबिया ने मुख्यमंत्री जन शिकायत, मुख्यमंत्री जन चौपाल, पीएमओ पोर्टल एवं कलेक्टर कार्यालय को प्राप्त जन शिकायतों, जनसमस्याओं एवं मागों की जांच कर त्वरित निराकरण करने के निर्देश जिला अधिकारियों को दिए है। उन्होंने जिला स्तर पर निराकरण नहीं होने की स्थिति में से आवेदक को वस्तुस्थिति से अवगत कराने और प्रकरण निराकरण होने के बाद टीएल सूची से विलोपित कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने आगामी 10 फरवरी को जिला गठन के उपलक्ष्य में आयोजित हो रहे अरपा महोत्सव में विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन के लिए शिलालेखन का कार्य पूर्ण कराने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होने पीएम जनमन योजना के तहत गौरेला विकासखंड के सभी 54 बैगा बसाहटों में मूलभूत कार्यो को पूर्ण करने और विभिन्न योजनाओं के जरिए बेसिक सुविधाएं प्रदान करने कहा। इसी तरह विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत सभी लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ दिलाने, विशेष शिविर लगाकर छूटे हुए सभी लोगों का आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, केसीसी, उज्जवला गैस कनेक्शन, जनधन खाता आदि बनाने कहा। उन्होंने निर्धारित समय सीमा में राशन कार्डो का नवीनीकरण, महतारी वंदन योजना एवं पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत सभी पात्र हितग्राहियों का पंजीयन कराने के निर्देश दिए। उन्होने जिला रेडक्रास सोसाइटी के लिए आपात स्थिति में लोगों की आर्थिक मदद हेतु अधिक से अधिक दान एवं सदस्य बनाने के साथ ही लोगों को प्रेरित करने बड़े दान दाताओं की सूची जिला चिकित्सालय में चस्पा कराने कहा। बैठक में नगर सेना कार्यालय एवं कृषि विज्ञान केंद्र की स्थापना के लिए भूमि आबंटन, लाइवलीहुड कॉलेज में संविदा भर्ती हेतु कार्यवाई करने, मनरेगा के तहत निर्माण कार्यो की स्वीकृति, नक्शा बटांकन में तेजी लाने, आम निस्तार हेतु रोड से अतिक्रमण हटाने, राजस्व वसूली, डाइट पेंड्रा के पीछे स्थित जर्जर शासकीय आवासों को विघटित करने, दुर्गम पहाड़ी क्षेत्रों में सोलर पैनल लगाने, जिला खनिज न्यास के अंतर्गत निरस्त कार्यो की राशि वापस करने सहित विभिन्न प्रकरणों के त्वरित निराकरण हेतु निर्देश दिए गए। बैठक में अपर कलेक्टर नम्रता आनंद डोंगरे, परियोजना निदेशक डीआरडीए केपी तेंदुलकर, एसडीएम मरवाही दिलेराम डाहिरे एवं पेण्ड्रारोड अमित बेक सहित जिला अधिकारी उपस्थित थे।

खंड शिक्षा अधिकारी ने स्कूलों का किया आकस्मिक निरीक्षण

लखनपुर-सरगुजा/नवप्रदेश। खंड शिक्षा अधिकारी प्रदीप राय ने ब्लाक क्षेत्र के सुदूर वनांचल ग्रामो के स्कूलों में गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा और पोषण आहार सुनिश्चित करने के मद्देनजर संकुल केंद्र कुन्नी तिरकेला एवं अरगोती के प्राथमिक शाला खेड़ही पारा, प्राथमिक शाला तुरगा, माध्यमिक शाला तिरकेला प्राथमिक शाला सुगाआमा प्राथमिक शाला करई छापर, माध्यमिक शाला कराई छप्पर प्राथमिक शाला अरगोती एवं माध्यमिक शाला अरगोती का आकस्मिक निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित या विलंब से आने वाले शिक्षकों के खिलाफ कार्यवाही प्रस्तावित की गई। साथ ही ऐसी शाला जहां शिक्षा के क्षेत्र में अच्छा कार्य हो रहा है वहां के शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किया गया।छात्रों के नियमित उपस्थिति के लिए शिक्षक शिक्षकों को निरंतर पालक संपर्क कर उपस्थिति बढ़ाने के दिशा में कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया है। निरीक्षण से शिक्षक शिक्षिकाओं के कार्य शैली में अनुशासनात्मक निखार आने की उम्मीद जताई गई है।

रजपुरी कला की टीम ने जीती क्रिकेट प्रतियोगिता

लखनपुर-सरगुजा/नवप्रदेश। जंप क्षेत्र के ग्राम केवरी में युवा क्रिकेट क्लब के ओर से आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला ग्राम राजपुरी कला और केवरी टीम के मध्य खेला गया। इस प्रतियोगिता के बतौर मुख्य अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश साहू, गोविंद अग्रवाल, राहुल अग्रवाल,पार्षद अमित बारी रहे।

क्रिकेट क्लब केवरी के सदस्यों ने अतिथियों को फूल माला पहनाकर उनका स्वागत किया। क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला ग्राम रजपुरी कला केवरी टीम के मध्य खेली गई। रजपुरीकला के टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट खोकर 168 रन बटोरे वहीं लक्ष्य का पीछा करते हुए केवरी की टीम 9 विकेट खोकर फकत 135 रन ही बना सकी। 33 रनों से रजपुरी कला ने जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया। अतिथियों के करकमलों रजपुरी कला विजेता टीम को 11000/ रूपये नगद तथा द्वितीय पुरस्कार ग्राम केवरी क्रिकेट टीम को 8000/रूपये नगद ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने खिलाड़ियों का हौसला अफजाई करते हुए उनके उज्जवल भविष्य के शुभ कामनाएं दी। क्रिकेट मैच का फाइनल मुकाबला देखने सरपंच कुन्ते सिंह, शैलेंद्र सिंह , मैनेजर सिंह, रजप दास, हीरा दास, पप्पू सिंह ,मोनू सिंह, अजीत सिंह, गिरजा सिंह सहित सैकड़ो की संख्या में खेल प्रेमी महिला पुरुष बच्चे मौजूद रहे।

कार्यालय, कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा बिलासपुर संभाग, बिलासपुर (छ.ग.)

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

NIT NO. 67/2023-24

ज्ञा.क्र./टेण्डर/428/निविदा/वलेलि/ग्रा.यां.सेवा/2024 बिलासपुर दिनांक 05.02.2024

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत (लोक निर्माण विभाग में) 'द' वर्ग एवं उच्च श्रेणी में विद्युत कार्यों हेतु पंजीकृत ठेकेदारों से निम्न दर्शित कार्यों हेतु प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी विद्युतीकरण हेतु जारी दर अनुसूची दिनांक 01.06.2020 से प्रचलित प्रभावशील दर अनुसूची मुद्रीत एवं अद्यतन संशोधित दरों पर ऑनलाईन (Online) प्रतिशत दर पर दिनांक 20.02.2024 तक निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्रमांक	कार्य का नाम /स्थान	वि.ख.	ठेके की अनुमानित लागत (लाख में)	निविदा का क्रम
1	2	3	4	5
152506	जोनल निविदा वि.ख. बिल्हा अन्तर्गत विभिन्न प्रकार के विद्युतीकरण कार्य प्रत्येक कार्य 10.00 लाख के अन्तर्गत	मस्तूरी	40.00	प्रथम आमंत्रण
152507	जोनल निविदा वि.ख. अन्तर्गत विभिन्न प्रकार के विद्युतीकरण कार्य प्रत्येक कार्य 10.00 लाख के अन्तर्गत	बिल्हा	40.00	प्रथम आमंत्रण
152508	जोनल निविदा वि.ख. मस्तूरी अन्तर्गत विभिन्न प्रकार के विद्युतीकरण कार्य प्रत्येक कार्य 10.00 लाख के अन्तर्गत	तखतपुर	40.00	प्रथम आमंत्रण

Note -

01. निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति (परिशिष्ट- 2.10) एवं निविदा दस्तावेज (परिशिष्ट- 2.13) यथा संशोधित व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट http://eproc.cgstate.gov.in अथवा कार्यालयीन अवधि में कार्यालय मे उपस्थित होकर देखी जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
ग्रा.यां. सेवा संभाग बिलासपुर

जी-07572/2

मद्कूद्वीप को पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित किया जाएगा : साव

मुंगेली/नवप्रदेश। उप मुख्यमंत्री अरूण साव विकासखण्ड पथरिया के ग्राम मद्कूद्वीप में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में शामिल हुए। इस दौरान आयोजन समिति के पदाधिकारियों द्वारा उप मुख्यमंत्री श्री साव का भव्य स्वागत किया गया। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि मद्कूद्वीप को पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित किया जाएगा, जिससे छत्तीसगढ़ के पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने इस क्षेत्र में खेल परिसर बनाने की भी बात कही। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि खेल से टीम वर्क और लीडरशीप की भावना बढ़ती है और जीवन में नई ऊर्जा का संचार होता है। खेल से स्वस्थ शरीर एवं मस्तिष्क का विकास होता है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार द्वारा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है, जिससे प्रतिभावान खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर सके।

विजेता टीम को किया गया पुरस्कृत- मद्कूद्वीप में आयोजित पुरूष कबड्डी प्रतियोगिता में कुल 30 टीमों ने भाग लिया, जिसमें 04 टीम ढाबाडीह, कोकड़ी, बोड़सरा और सूरजपुरा ने सेमीफाइनल में स्थान बनाया। अंतिम मुकाबला कोकड़ी और सूरजपुरा के बीच खेला गया, जिसमें कोकड़ी कबड्डी टीम ने प्रथम स्थान और सूरजपुरा की टीम ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। उप मुख्यमंत्री ने विजेता खिलाड़ियों को शील्ड एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर उनका हौंसला बढ़ाया। प्रथम स्थान पाने वाली टीम को 15 हजार रूपए तथा दूसरा स्थान पाने वाली टीम को 11 हजार रूपए प्रदान किया गया।

न्यायालय तहसीलदार बिलाईगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक 202311320900004

विषय-ब-121 मामले की श्रेणी-राजस्व सन-2023-24

पवनी प.ह.नं. 00008 (हे.)

पक्षकारों का विवरण

आवेदक पक्षकार- रामगोपाल साहू

अनावेदक पक्षकार- छत्तीसगढ़ शासन

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामगोपाल साहू पिता गुरूदेवनारायण जाति तेली साकिन पवनी प.ह.नं. 08 तहसील बिलाईगढ़ जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ द्वारा उनकी पुत्री भूमिका का जन्म दिनांक 25/05/2011 को होने एवं उनका पंजीयन नहीं होने से जन्म पंजीयन हेतु अनुलपलब्धता प्रमाण पत्र एवं पंचनामा सहित इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया है जिसके संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया है जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। तथा दिनांक 29/12/2023 को सुनवाई हेतु नियत है।

अतः इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करनी हो तो वे स्वतः उपस्थित होकर या अपने अभिभावक के माध्यम से नियत दिनांक 29/12/2023 तक इस न्यायालय में दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

सील

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
बिलाईगढ़

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मालखरौदा, जिला सक्ती (छ.ग.)

पेपर प्रकाशन

रा.प्र.क्र./अ-2/2023-24

ग्राम भूतहा तहसील मालखरौदा

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रूपनारायण पिता स्व. श्री नान्हूराम जाति बनिया निवासी भूतहा तहसील मालखरौदा जिला सक्ती (छ.ग.) द्वारा अपने स्वयं की भूमि स्वामी हक की भूमि ग्राम कलमी तहसील मालखरौदा जिला सक्ती (छ.ग.) में अवस्थित भूमि खसरा नं. 903/11 रकबा 0.05 डिस. भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपर्तन किए जाने आवेदन पेश किया गया है।

अतः आवेदक के उक्त भूमि का व्यवसायिक प्रयोजन हेतु पुनर्निधारण किए जाने पर जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति इस न्यायालय में दिनांक 19.02.2024 तक स्वयं या अधिवक्ता के जरिए उपस्थित होकर विधि अनुसार लिखित रूप से आपत्ति पेश कर सकते हैं नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05.02.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर लगाकर जारी किया गया।

सील

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
मालखरौदा
जिला सक्ती (छ.ग.)

कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग (वि/यां.) संभाग बिलासपुर (छ.ग.)

निविदा आमंत्रण सूचना (संशोधन)

क्रमांक-2840/NIT-22/2023-2024/ व ले लि दिनांकः 05/02/2024

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :-	13.02.2024 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :-	21.02.2024 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :-	22.02.2024 पूर्वान्ह 11.30 बजे से
कार्य की अवधि	30.06.2024 वर्षा ऋतु सहित
निविदा प्रपत्र की कीमत	750/- रूपये
निविदाकारों की श्रेणी	ई पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी 'द' से 'अ' तक

एनआईटी क्र. निविदा क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख में)	अमानत राशि (रू. में)
22 T0278	ब्लाक नवागढ़ जिला जांजगीर चाम्पा के जिला न्यायालय भवन में लिफ्ट प्रदाय एवं स्थापना का कार्य	12.82	9615.00
22 T0282	ब्लाक मालखरौदा जिला सक्ती अंतर्गत संभावित विद्युतीकरण तथा एल टी एवं एच टी लाइन शिफ्टिंग का कार्य	19.83	14873.00
22 T0283	ब्लाक जैजपुर जिला सक्ती अंतर्गत संभावित विद्युतीकरण तथा एल टी एवं एच टी लाइन शिफ्टिंग का कार्य	19.80	14850.00
22 T0284	ब्लाक डभरा जिला सक्ती अंतर्गत संभावित विद्युतीकरण तथा एल टी एवं एच टी लाइन शिफ्टिंग का कार्य	19.86	14895.00
22 T0286	ब्लाक जैजेपुर जिला सक्ती अंतर्गत आवासीय गैर आवासीय भवनों में संभावित एमओडब्लू, एस आर, डिपाजिट, बजट एवं ए आर का विद्युतीकरण मरम्मत कार्य	4.88	4880.00
22 T0287	ब्लाक मालखरौदा जिला सक्ती अंतर्गत आवासीय गैर आवासीय भवनों में संभावित एमओडब्लू, एस आर, डिपाजिट, बजट एवं ए आर का विद्युतीकरण मरम्मत कार्य	4.92	4920.00
22 T0288	ब्लाक सक्ती जिला जिला सक्ती अंतर्गत आवासीय गैर आवासीय भवनों में संभावित एमओडब्लू, एस आर, डिपाजिट, बजट एवं ए आर का विद्युतीकरण मरम्मत कार्य	4.90	4900.00
22 T0289	ब्लाक उभरा जिला सक्ती अंतर्गत आवासीय गैर आवासीय भवनों में संभावित एमओडब्लू, एस आर, डिपाजिट, बजट, एवं ए आर विद्युतीकरण मरम्मत कार्य	4.95	4950.00

नोट -

1. निविदा आमंत्रण में दर्शाये गये कार्य अनुसार पृथक-पृथक कार्य हेतु अमानत राशि पृथक प्रस्तुत करना होगा।
2. निविदा फार्म का लिफाफा 2 एवं अमानत राशि हेतु लिफाफा-3 को एक बड़े लिफाफा-1 के अंदर निविदा सूचना क्रमांक एवं ग्रुप क्रमांक डाल कर पंजीकृत डाक से प्रस्तुत करना होगा। अलग अलग कार्य हेतु अलग अलग लिफाफा प्रस्तुत करना होगा, अन्यथा निविदा खोली नहीं जायेगी।
3. निविदा फार्म के साथ अमानत राशि (टी.डी.आर./एफ.डी.आर) के लिफाफा के अंदर 100/- का शपथ पत्र डालना अनिवार्य है।
4. आवेदन के जीएसटी नंबर संलग्न करना अनिवार्य है ।
5. वित्तीय वर्ष 2022-23 का जीएसटी रिटर्न की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है ।

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender वे अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग (वि/यां.)
संभाग बिलासपुर (छ.ग.)

जी-07577/3

कलेक्टर ने ग्रंथालय का निरीक्षण किया

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर राहुल देव ने आज जिला मुख्यालय स्थित जिला ग्रंथालय का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने ग्रंथालय के बच्चों से बात-चीत कर उपलब्ध सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने ग्रंथालय में साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय, कम्प्यूटर, बैठक व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को दुरूस्त करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने ग्रंथालय परिसर में नवीन भवन निर्माण के लिए आवश्यक तैयारियों की जानकारी ली तथा जल्द से जल्द निर्माण कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला ग्रंथालय में प्रतियोगी परीक्षा के लिए उपयोगी पुस्तकों की उपलब्धता की भी जानकारी ली और युवाओं से चर्चा कर उन्हें प्रतियोगी परीक्षा में सफल होने के टिप्स भी दिए।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, खारंग जल संसाधन संभाग, बिलासपुर (छ.ग.)

निविदा निरस्तीकरण आदेश

आदेश क्रमांक ...../व.ले.लि/ बिलासपुर, दिनांक ....

निविदा सूचना क्र. 10/व.ले.लि/2023-24 दिनांक 28.12.2023 निविदा सिस्टम क्र. 150397 (प्रथम आमंत्रण) कुआंपाली जलाशय योजना के शीर्ष कार्य नहर रिमॉडलिंग एवं सी.सी. लाईनिंग कार्य राशि रूपये 244.44 लाख में किसी भी निविदाकार द्वारा भाग नही लिये जाने के कारण निविदा निरस्त किया जाता है।

विज्ञापन नं. जी 06769/ दिनांक 30.12.2023

कार्यपालन अभियंता
खारंग जल संसाधन संभाग,
बिलासपुर (छ.ग.)

जी-07607/6

न्यूज गैलरी

ईवीएम और वीवीपीएटी मशीनों का फर्स्ट लेवल चेकिंग आज से

गरियाबंद/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए आज 05 फरवरी प्रातः 9 बजे से ई.सी.आई.एल. के इंजीनियरों द्वारा इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों का (एफ़एलसी) प्रथम स्तरीय जांच प्रारंभ किया गया। यह कार्य जिला मुख्यालय स्थित कृषि उपज मंडी परिसर के वेयरहाउस में 14 फरवरी 2024 तक चलेगा। कलेक्टर श्री दीपक अग्रवाल ने मंडी परिसर पहुंचकर ईवीएम मशीनों के प्रथम स्तरीय जांच का निरीक्षण किया। उन्होंने एफ़एलसी कार्यों को गंभीरतापूर्वक एवं निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार पूर्ण करने के निर्देश अधिकारी-कर्मचारी को दिये।

किसानों से 48 लाख 61 हजार क्विंटल धान खरीदी

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री दीपक कुमार अग्रवाल के कुशल नेतृत्व मे खरीफविपणन वर्ष 2023-24 मे गरियाबंद जिले में किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हुआ है। 01 नवम्बर 2023 से 31 जनवरी 2024 तक निर्धारित धान खरीदी अवधि में किसानों की सुविधा के मद्देनजर शासन द्वारा 4 फरवरी 2024 तक धान खरीदी किया गया। किसानों ने उत्साह के साथ धान बेचने में सक्रियता दिखाई। जिला प्रशासन द्वारा जिले के सभी 90 धान खरीदी केन्द्रों में किसानों के धान बेचने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की गई थी। धान खरीदी के दौरान जिले के 78 हजार 526 कृषकों से धान खरीदी के अंतिम कार्य दिवस 04 फरवरी 2024 तक कुल 48 लाख 61 हजार 820.80 क्विंटल धान खरीदी की गई। जिसके विरूद्ध जिले के कृषकों को कुल 1062.03 करोड़ रूपये का त्वरित भुगतान उनके बैंक खातों में कर दिया गया है। इस वर्ष धान खरीदी प्रति एकड़ 21 क्विंटल के मान से किए जाने के बावजूद 11 हजार 776 कृषकों ने 3950.04 हेक्टेयर रकबा का समर्पण किया है जो कि गरियाबंद जिले के लिए उपलब्धि है। इस प्रकार जिले के कुल 263734.54 एकड़ रकबे में धान खरीदी हुआ है जो कि कुल पंजीकृत रकबा एवं कृषकों का 94.88 प्रतिशत है।

महतारी वंदन योजना का लाभ दिलानाकार्यकर्ताओं की ज़िम्मेवारी

खरोरा/नवप्रदेश। पिछले दिनों प्रदेश में हुवे विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा व्दारा मोदी की गारंटी अंतर्गत महतारी वंदन योजना लॉंच किया गया था। इस योजना अंतर्गत शादीशुदा महिलाओं को 12 हजार रुपये सालाना देने का वादा किया गया था। इस योजना से भाजपा को बड़ी सफलता मिली। अब प्रदेश में भाजपा की सरकार बनते ही इस योजना को लागू करने अमलीजामा पहनाया जा रहा है।वहीं भाजपा युवा नेता विकास ठाकुर ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि महतारी वंदन योजना हमारी सरकार की महती योजना हैं। मोदी की गारंटी में शामिल महतारी वंदन योजना हेतु पिछले दिनों हमारी सरकार व्दारा तीन दिनों के विधानसभा सत्र के अनुपूरक बजट में इस योजना हेतु पैसों की व्यवस्था कर इस लागू किया गया हैं। अब अधिक से अधिक महिलाओं को इस योजना का लाभ दिलाना हम भाजपा कार्यकर्ताओं की प्राथमिकता है। विकास ठाकुर ने कहा कि चुनाव के वक़्त मोदी की गारंटी के तहत किये एक एक वादों को पुरा किया जा रहा है। प्रदेश मे बीजेपी की सरकार बनते ही एक माह के भीतर ही 18 लाख गरीबों के आवास, किसानों को दो साल का बोनस, 21 क्विंटल धान खरीदी के वादों को पूरा किया गया हैं। अब महतारी वंदन योजना को भी लागू किया जा रहा है। इसके लिए महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से सभी ज़िला कलेक्टरों एवं जिला कार्यक्रम अधिकारियों को पत्र लिखकर ज़रूरी दिशा निर्देश जारी किया गया हैं।

जुए के फड़ में पुलिस की दबिश,वाहन समेत 4.68 लाख जब्त

आरोपियों के खिलाफद जुआ एक्ट का अपराध दर्ज कर सभी को गिरफ्तार कर लिया

डोंगरगांव/नवप्रदेश। डोंगरगांव थाने को पुलिस अधीक्षक राजनादगांव मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा पुलिस अनु0 अधि0 डोंगरगांव, दिलीप सिंह सिसोदिया राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी डोंगरगांव ,निरीक्षक उपेन्द्र कुमार शाह के नेतृत्व मे थाना डोंगरगांव क्षेत्रों मे जुआ , शराब , चोरी के गतिविधियों पर निगरानी रखी जा रही है, इसी तारतम्य मे दिनांक 05.02.2024 को ग्राम अर्जुनी मे दरी बिछाकर फड़ लगाकर 52 पत्ती ताश के पत्तो पर रूपये पैसों का दांव लगाकर हार जीत का जुआ नामक खेल खेला जा रहा है , पता चलने पर तत्काल थाना प्रभारी थाना डोंगरगांव द्वारा टीम गठित कर सुनयोजित तरीकों से लाखो मे चल रहे जुआ फड़ ग्राम अर्जुनी मे रेड कार्यवाही कर कुल 13 जुआरियान 1. कृष्णा साहू पिता स्व0 आनंदराम साहू उम्र- 40 साल, पता- निवासी तुलसीपुर , वार्ड नं0 17 ,राजनांदगावं, 2. लोकेश्वर साहू पिता धनुष साहू , उम्र- 23 पता- घोरदा जंगलपुर, थाना लालबाग, 3. भुवन साहू पिता जे0पी0 साहू , उम्र- 42 साल, पता- जंगलपुर, थाना लालबाग, 4. संजय पिता निर्मल , उम्र- 50 साल, पता- कंडरापारा, जैन मोहल्ला , वार्ड नं0 05 डोंगरगांव, थाना डोंगरगांवव, 5. आशीष शेण्डे पिता सिद्धार्थ शेण्डे, उम्र- 28 साल, पता- बोधीटोला डोंगरगांव,थाना डोंगरगांव, 6. गणपत उईके उर्फ राय पिता श्री स्व0 गिरीश उईके ,उम्र- 38 साल, पता- अर्जुनी, थाना डोंगरगांव, 7. भीष्मदेव उर्फ गोलू सिन्हा पिता महेश सिनहा , उम्र- 40 साल, पता- ग्राम कोकपुर, थाना डोंगरगांव, 8. पीयुष उम्र- 24 साल, पता- हर?ओम नगर, थाना डोंगरगांव, 9. सज्जन टांडेकर पिता स्व0 नंदकिशोर टांडेकर , उम्र- 29 साल, पता- रामपुर,थाना लालबाग, 10. भीम राजपुत पिता स्व0 भुवनसिंह राजपुत, उम्र- 36 साल, पता- निवासी मटिया रोड , साकेतधाम डोंगरगांव, थाना डोंगरगांव, 11. विकास कुमार पिता केयुर भुषण उम्र- 28 साल, पता- बम्हनीभाठा, थाना डोंगरगांव ,?12. भुपेन्द्र निर्मलकर पिता निलम निर्मलकर ,उम्र- 24 साल पता- बोधीटोला,थाना डोंगरगांव ,13. जितेन्द्र कुमार सेन पिता श्री प्रदीपसिंह सेन , उम्र- 39 साल, पता- बोधीटोला, थाना डोंगरगांव, जिला राजनांदगांव,छग0, को पकड़ा गया जिनके पास से कुल 1,19,570/- रूपये एवं फड़ से कुल 38400/- रूपये नगदी कुल रकम 1,57,970/- रूपये , 01 नग दरी , 01 बंडल 52 पत्ती ताश , 07 नग मोटर सायकल कीमती 3,10,000 /- रूपये कुल जुमला रकम 4,67,970/- रूपये को जप्त कर आरोपियों जुआरियानो को जुआ एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है ।

'चैटजीपीटी'' से छू लो आसमान के छात्र बना सकेंगे भविष्य की रणनीतियां

सीमित संसाधन से उन्नत शिक्षण की रणनीति

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। कलेक्टर के निर्देशन में जिला प्रशासन की अनूठी पहल से छू लो आसमान से छात्र अब भविष्य की रणनीतियां आसानी से बिना उपदेशक के बना सकेंगे। कक्षा 9वीं से लेकर 12वीं के छात्र के असीमित सवालों के जवाब के लिए जिला प्रशासन द्वारा छात्रावास में उपलब्ध कुल 18 कम्प्यूटर में ''चैटजीपीटी एक्टीव'' किया गया। इसके साथ ही ''चैटजीपीटी'' की जानकारी दी गई। ''चैटजीपीटी'' किस तरह काम करता है इसके महत्व को बताया गया। जिला प्रशासन के असीमित सीखने की प्रयोगशाला से 350 बच्चों की नई सत्र का शुभारंभ किया गया। जिसके जरिये अब छात्र अपने पाठ्यक्रम से जुड़े सवालों के उत्तर चंद सेकंड में ढूंढ पा रहे है। इसके अलावा अपने कैरियर का चुनाव से संबंधित जानकारी भी बड़ी आसानी से खोज सकेंगें।

दरअसल छात्रावास में जिला प्रशासन के द्वारा उपलब्ध कंप्यूटर में चैट जेनरेटिव प्री-ट्रेंड ट्रांसफ़ॉर्मर (चैटजीपीटी) इनस्टॉल'' करवाया गया है। ''चैटजीपीटी'' किसी भी भाषा में आपके द्वारा किए गए सवालों का जवाब देने के लिए इंटरनेट पर उपलब्ध डेटाबेस का इस्तेमाल करता है। इस तकनीक से छात्र प्रतियोगी परीक्षा जैसे सीजीपीएससी, यूपीएससी, जेईई, नीट जुड़े सिलेबस (विषय सूची) आसानी से निकाल सकते है। इसके साथ ही शिक्षक बेहतर प्रश्नोत्तरी तैयार कर अपनी बुद्धि क्षमता बढ़ाने में सक्षम हो सकेंगे।

छात्रों को इस माध्यम से परीक्षा की तैयारी करने में आसानी हो सकेगी। इसके अलावा कोई भी भाषा ''चैटजीपीटी'' के माध्यम से सीखा जा सकता है जैसे स्पोकन इंगलिश या दुनिया की कोई भी भाषा इसके माध्यम से सीखा जा सकता है। यह डेटा और कम्प्यूटर के तकनीकों से चलता है। यह शब्दों को सार्थक तरीके से एक साथ जोड़ने के बाद जवाब तैयार करता है। इस ''चैटजीपीटी'' के माध्यम से छात्रावास में पड़ रहे बच्चे अपनी जिज्ञासा शांत कर सकते है। अपने सवालों का जवाब बिना हिचके बेझिझक कंप्यूटर पर लिख कर चंद सेकेंड में पा सकते है। भविष्य को लेकर कई उलझनें होती है ऐसे सवालों का जवाब भी छात्र इस ''चैटजीपीटी'' के माध्यम से जान सकेंगे। ''चैटजीपीटी'' प्राप्त इनपुट जैसे सवालों के आधार पर मानव-जैसी टेक्स्ट प्रतिक्रिया देता है। अपने विशाल प्रशिक्षण डेटासेट के साथ पूछे गए संदर्भ को समझकर सुसंगत पैराग्राफ में उत्तर देता है। जिला प्रशासन के इस गुणवत्ता व बेहतर शिक्षा प्रबंधन से छूलो आसमान के बच्चे अपनी पढ़ाई संबंधित विषय जानकारी ले रहे है और अपनी पढ़ाई को बेहतर ''चैटजीपीटी''के माध्यम से अपने होम वर्क, असाइनमेंट और अपने प्रश्नों को सर्च कर रहे हैं।

मनीष कुंजाम ने भारतीय कमुनिष्ट पार्टी सभी पदों से दिया इस्तीफा

जगदलपुर/नवप्रदेश। भारतीय कमुनिष्ट पार्टी के पूर्व विधायक मनीष कुंजाम ने संगठन के समस्त पदों से इस्तीफा दे दिया है। सीपीआई के सदस्य के रूप में बस्तर हित में काम करने की बात उन्होंने कही है। हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में मिली हार के बाद यह फैसला लिया गया है। विस चुनाव में पार्टी का अधिकृत चिन्ह हसिया-बाली नहीं मिलने और पार्टी के केंद्रीय नेताओं द्वारा बरती गई लापरवाही को लेकर गहरी नाराजगी जताई है। पत्रकारों से चर्चा में उन्होंने कहा कि पार्टी द्वारा बरती गई लापरवाही की वजह से सीपीआई को बस्तर में भारी नुकसान हुआ है। पार्टी सिंबल नहीं होने से सीपीआई के प्रत्याशियों को कम वोट मिले हैं।

पूर्व विधायक कुंजाम ने बस्तर को अलग राज्य बनाने की मांग की है। वर्तमान में बस्तर में जो हालात बन रहे हैं : उससे आदिवासी संस्कृति और परंपराओं पर खतरा बढ़ता जा रहा है। बस्तर के आदिवासियों को जागृत करने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि फरवरी भूमकाल की लड़ाई का महिना है। इस अवसर पर बस्तर को अलग राज्य बनाने के लिए अधिकृत रूप से घोषणा करेंगे। बस्तर राज्य की मांग के लिए हर स्तर पर आंदोलन करेंगे। पौराणिक कथाओं में बस्तर को दण्डकारण्य का नाम दिया गया है। साथ ही देश के इतिहास में भी बस्तर की अलग-पहचान है। केरल, गोवा और सिक्किम जैसे कई राज्यों का गठन किया गया है जिसका क्षेत्रफल बस्तर से भी कम है। बस्तर आदिवासी संस्कृति और परंपराओं के लिए भी जाना जाता है। वर्तमान में बस्तुर को अलग राज्य बनाने की सभी अर्हताएं हैं।

छत्तीसगढ़वासी व कांग्रेसजन भारी संख्या में होंगे शामिल-झुमुकलाल

कोंडागांव/नवप्रदेश। कोंडागांव जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष झुमुकलाल दिवान ने कोंडागांव कांग्रेस भवन में प्रेसवार्ता आयोजित कर प्रेस को सम्बोधित करते बताया कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष एवं वायनाड सांसद राहुल गांधी जी की अगुआई में कांग्रेस पार्टी द्वारा निकाली गई 6700 किलोमीटर की भारत जोड़ो न्याय यात्रा 8 फरवरी को छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में प्रवेश कर रही है और प्रदेश के 7 जिलों से होकर गुजरेगी जिसमे छत्तीसगढ़ प्रदेश वासी और कांग्रेसजन भारी संख्या में सम्मिलित होंगे ज्ञात हो कि राहुल गांधी जी इसके पूर्व में भी भारत देश में भाईचारे एकता की सोच को लेकर कन्याकुमारी से कश्मीर तक 4000 किलोमीटर पदयात्रा भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से तय कर चुके हैं और आज पुनः देश मे व्याप्त अन्याय के खिलाफ भारत देश मे फैली बेरोजगारी मंहगाई के खिलाफ भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकाले हैं।यह यात्रा मणिपुर से 14 जनवरी को निकली है जो67दिनों तक चलेगी जिसमे 110 जिला 100 लोकसभा क्षेत्र 337 विधानसभा क्षेत्र से होकर गुजरेगी।

आरबीसी 6-4 प्रकरणों का त्वरित निराकरण करें : कलेक्टर

पलायन करने वाले ग्रामीणों का पंजी संधारण करें

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि सुविदा शिविर शत प्रतिशत सिचुएशन करने के साथ हितग्राहियों को अधिक से अधिक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने आरबीसी 6-4 के तहत आर्थिक सहायता दिलाना सीधा आम जनता से जुड़ा विषय है। इस पर संवेदनशीलता से कार्य करें और हितग्राहियों को नियमानुसार जल्द मुआवजा प्रदान करें ताकि हितग्राहियों को उसका लाभ जल्द मिल सके। स्वामित्व योजना के तहत क्रियान्वयन एवं सुचारू संचालन के संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्कूल कि मरम्मत योग कार्यों जैसे शौचालय, बिजली, पानी आदि बुनियादी सुविधाओं का त्वरित निराकरण करने के निर्देश भी दिए।

इसके साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि यहां शासन की महत्वपूर्ण प्राथमिकता वाली योजना है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पलायन करने वाले ग्रामीणों का पंजी संधारण करने की निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने पीएम सीएम पोर्टल में आए समस्याओं के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जल्द से जल्द समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश दिए। इसके अलावा नल-जल मित्र कार्यक्रम के तहत हर एक ग्राम पंचायत से एक नल जल मित्र को ट्रेनिंग कराने के निर्देश भी दिए। उन्होंने बिजली एवं क्रेडा विभाग आपसी तालमेल से कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर संजय कन्नौजे, जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्व रंजन, एसडीएम जयंत नाहटा सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

बच्चों ने नृत्य नाटकीय मंचन के साथ किए विविध कार्यक्रम

जगदलपुर/नवप्रदेश। शनिवार 3 फरवरी को नगर में संचालित एक निजी शिक्षण संस्थान स्टर्लिंग किड्स द प्री स्कूल में पालक मिलन समारोह और वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया, इसमें बच्चों ने अपनी प्रतिभाओं का खुलकर प्रदर्शन किया।बच्चों ने नृत्य नाटकीय मंचन के साथ किए विविध कार्यक्रम की रंगारंग प्रस्तुति दी। इस दौरान अतिथियों ने छोटे-छोटे बच्चों में मोबाइल की बढ़ रही लत पर चिंता प्रकट किया और बच्चों को ज्यादा से ज्यादा मोबाईल से दूर रहने की प्रेरणा दी। प्री स्कूल के बच्चों ने हिंदी एवं इंग्लिश वेलकम स्पीच दे कर उत्सव को और रोमांचक बना दिया।कार्यक्रम में आदरणीय अतिथि रतन लाल जैन , अनिलजी लुंकड़, ललित जोशी एवम डाक्टर आर के एस राज की गरिमामय उपस्थिति में बच्चों के साथ - साथ पालकगण भी मनोरंजक व ज्ञानवर्धक कार्यक्रम देखकर बहुत उत्साहित नज़र आए और उन्होंने कहा कि यह बच्चों को आगे बढ़ने और ज़िंदगी में कुछ करने के लिए प्रेरित करने का एक बहुत ही अच्छा मार्ग है।

स्कूल की संस्थापक सदस्य छाया त्रिपाठी ने कहा कि हमारा दृष्टिकोण नवीन प्ले वे टेक्निक द्वारा बच्चों का सर्वांगीण विकास करना है,यहां औपचारिक शिक्षा के अलावा बच्चों में अन्य कलाओं में भी रुचि बढ़े इसके लिए कई कार्यक्रम चलाए जा रहें हैं।

1 इनामी महिला नक्सली ने किया सरेंडर, अब तक 667 माओवादियों ने डाले हथियार

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। लोन वर्राटू अभियान से प्रभावित होकर केकेबीएन डिवीजन अंतर्गत महानदी एरिया कमेटी में सक्रिय 1 इनामी महिला माओवादी ने आत्मसमर्पण किया. जानकारी के अनुसार, लोन वर्राटू अभियान के तहत अब तक 170 इनामी माओवादी सहित कुल 667 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है।

बता दें कि, आत्मसमर्पित महिला माओवादी केकेबीएन (कालाहांडी, कंधामल, बौध, नवागढ़) डिवीजन अन्तर्गत महानदी एरिया कमेटी पार्टी सदस्य के पद पर सक्रिय थी. आत्मसमर्पित महानदी एरिया कमेटी पार्टी सदस्य के पद पर ओडिशा राज्य सरकार ने 1 लाख रुपये का इनाम घोषित किया था।

समय पर स्वास्थ्य केंद्र नहीं पहुंचे डॉक्टर तो कलेक्टर पहुंच गए उनके घर, साहब को देख हड़बड़ाया

कांकेर/नवप्रदेश। कांकेर. जिले के नव पदस्थ कलेक्टर अभिजीत सिंह मंगलवार को अचनाक भानुप्रतापपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के निरीक्षण पर पहुंचे. इस दौरान कलेक्टर को डॉक्टर अपने चेंबर से नदारद दिखे. जिसके बाद वे सीधे डॉक्टर के घर जा पहुंचे.

दरअसल कलेक्टर ठीक 11 बजे अस्पताल पहुंचे. जब बीएमओ डॉक्टर अखिलेश ध्रुव अपने कक्ष में नहीं मिले तो कलेक्टर सीधे उनके निवास जा पहुंचे. जब उन्होंने दरवाजा खटखटाया तो बाहर निकले बीएमओ कलेक्टर को सामने देख हड़बड़ा गए. जब कलेक्टर ने पूछा कि 11 बजे घर पर हो तब ब्लब्ड ने कहा कि देर रात तक मरीजों को देखता रहा इसलिए अभी घर पर हूं।

अन्य अधिकारियों की उड़ी नींद

इसके बाद कलेक्टर के साथ आनन फानन में अस्पताल पहुंचे बीएमओ ने परिसर का निरीक्षण कराया. इस दौरान कलेक्टर अभिजीत सिंह को काफी अव्यवस्था देखने को मिली. जिस पर वे बीएमओ सहित अन्य कर्मचारियों पर जमकर बरसे. कलेक्टर ने स्टाफ को दवाइयां और मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं पर काम करने की हिदायत दी. फ़िलहाल कलेक्टर के घर पहुंचने के अंदाज ने अन्य विभागों के अधिकारियों की नींद उड़ा दी है।

गुटोली निवासी सुदरी को प्रशासन से मिला श्रवण यंत्र, अब सुन पाएगी

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। 'गीदम विकासखण्ड अन्तर्गत ग्राम गुटोली निवासी 36 वर्षीय श्रीमती सुदरी कश्यप पति श्री रूपा राम कश्यप कान की समस्या को लेकर कलेक्टर समक्ष पहुंची। दिव्यांग ने बताया कि उन्हें सुनाई नहीं देता है, सुदरी काफी महीनों से इलाज करवा रही थी।

कलेक्टर ने दिव्यांग की समस्या को सुनकर संवेदनशीलता के साथ त्वरित कार्रवाई करते हुए समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों को तत्काल श्रवण यंत्र प्रदान करने के निर्देश दिए। जिसके पश्चात समाज कल्याण विभाग के द्वारा त्वरित समस्या का निराकरण करते हुए सहायक उपकरण प्रदाय योजना के तहत सुदरी को श्रवण यंत्र प्रदाय किया गया। जिससे अब सुदरी पहले की भांति सुन कर अपना कार्य कर पाएगी। जिससे दिव्यांग सुदरी बहुत ही प्रसन्नचित नजर आई। श्रीमती सुदरी कश्यप ने इसके लिए जिला प्रशासन के प्रति विनम्र आभार व्यक्त करते हुए हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया।

जर्नलिस्ट वेलफेयर यूनियन के प्रदेश संगठन सचिव बने रूपेश

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। प्रदेश के सबसे सशक्त संगठन छग जर्नलिस्ट वेलफेयर यूनियन की बैठक रायपुर कबीर नगर स्थित अरपा कॉम्प्लेक्स स्थित जिला कार्यालय में संपन्न हुई । बैठक में मुख्य रूप से यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष अमित गौतम उपस्थित रहे। यूनियन के महत्वपूर्ण बैठक में सर्वसम्मति से सारंगढ़ बिलाईगढ़ के निष्ठावान जिला अध्यक्ष रुपेश श्रीवास को यूनियन में प्रदेश संगठन सचिव नियुक्त किया गया।बैठक में यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष अमित गौतम, प्रदेश उपाध्यक्ष महेश आचार्य, प्रदेश संयुक्त सचिव श्रीमती तिलका साहू, प्रदेश सह सचिव विनय चौरसिया, जिला सह सचिव अरुणेश गौतम,जिला सह सचिव अखिलेश शुक्ला, बिलाईगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र जायसवाल,ब्लॉक कोषाध्यक्ष खोजन चंद्रा,कार्यकारी जिला अध्यक्ष ताराचंद पटेल,ब्लॉक महासचिव भीखराम खुंटे, प्रणव साहू जिला सचिव श्रीमती आकांक्षा तिवारी सहित अन्य पत्रकार साथी उपस्थित थे। बैठक में यूनियन को और अधिक मजबूत करने और केवल पत्रकार हित की दिशा में कार्य करने की बात प्रदेश अध्यक्ष अमित गौतम ने कही ,प्रदेश में लोकसभा चुनाव के पश्चात सम्मेलन कराने पर भी बैठक में सहमति बनी ।

जाज्वल्य देव महोत्सव का सीएम करेंगे शुभारंभ, वित्तमंत्री भी होंगे शामिल

10 फरवरी से शुरू होगा महोत्सव व एग्रीटेक मेला

जांजगीर/नवप्रदेश। जिले में जाज्वल्य देव लोक महोत्सव व कृषि एग्रीटेक मेला का आयोजन किया जाता है। तीन दिवसीय महोत्सव की तैयारियां हाई स्कूल मैदान में चल रही है। महोत्सव का शुभारंभ 10 फरवरी को प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मुख्य आतिथ्य में होगा। इस कार्यक्रम में प्रदेश के वित्त और जिले के प्रभारी मंत्री ओपी चौधरी भी आएंगे। इस आयोजन की प्रशासनिक तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी है। तीनों दिन होने वाले कार्यक्रमों के लिए कलाकार लगभग तय हो गए हैं। सभी प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम हाई स्कूल मैदान में ही कराए जाएंगे। इन कार्यक्रमों के लिए संबंधितों को जिम्मेदारी दी गई है। जाज्वल्या पत्रिका का भी प्रकाशन किया जाएगा। भव्य पंडाल बनाया जा रहा है।

101 कन्याओं का विवाह

आयोजन के पहले ही दिन मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सामूहिक कन्या विवाह का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए जोड़ों की संख्या तय कर ली गई है, इस आयोजन में 101 जोड़ों का विवाह कराया जाएगा।

मेले के लिए लगने लगे झूले

हाई स्कूल मैदान के मुख्य समारोह स्थल के बाजू में ही मीना बाजार का भी आयोजन किया जाता है, इस स्थान पर विभिन्न प्रकार के हवाई, टोरा टोरा, ब्रेक डांस सहित अन्य झूले लगने लगे हैं। इसके अलावा अंदर में अन्य व्यवस्थाएं भी की जा रही है।

न्यूज गैलरी

डीपीसी के लिए वाक इन इंटरव्यू 9 फरवरी को

सक्ती/नवप्रदेश। राज्य नोडल एजेंसी छत्तीसगढ़ के अंतर्गत संचालित योजनाओं हेतु जिला स्तर पर District Project Coordinator के 01 पद पर संविदा नियुक्ति हेतु साक्षात्कार का आयोजन किया जाना है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला सक्ती से प्राप्त जानकारी अनुसार साक्षात्कार 9 फरवरी 2024 को सुबह 09 बजे से दोपहर 12 बजे के मध्य कलेक्टर कार्यालय सक्ती के सभाकक्ष में निर्धारित किया गया है। जिसमे इच्छुक व्यक्ति आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित हो सकते है। डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर पद पर संविदा नियुक्ति हेतु सादे कागज पर अपना पूरा नाम, आयु, पत्र व्यवहार का पता, शैक्षणिक योग्यता, अनुभव दर्शाते हुए (योग्यता एवं अनुभव संबंधी प्रमाण पत्रों, शैक्षणिक/तकनीकी योग्यता प्रमाण पत्र, आयु प्रमाण पत्र) की छाया प्रतिलिपियां आवेदन पत्र के साथ संलग्न करें एवं दो पासपोर्ट आकर के फोटो सहित वाक इन इंटरव्यू में शामिल हो सकते है।

निर्यात आउटरीच कार्यशाला का हुआ आयोजन

अंबिकापुर/नवप्रदेश। सरगुजा जिले में निर्यात की संभावनाओं से जागरूक करने के लिये मंगलवार को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन लाईवलीहुड कॉलेज में किया गया। कार्यशाला का आयोजन डीजीएफटी महानिदेशक नागपुर एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया। कार्यशाला में निर्यात संवर्धन के लिये निर्यात वित्त विकल्पों, कष्टम प्रक्रिया, एमएसएमई ऋण, ई-कामर्स और डिजिटल मार्केटिंग सहित विभिन्न तरीकों से जिले के उत्पादों और सेवाओं को व्यापक और वैश्विक स्तर पर पहुंच बनाने के लिये एक मंच प्रदान करने संबंधी विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी। साथ ही जिले के उत्पादों को राज्य एवं राज्य से बाहर कैसे निर्यात कर सकते है, के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की गयी। कार्यशाला में निर्यात में रूचि रखने वाली औद्योगिक ईकाईयों, कृषि उत्पादक संगठन, स्व सहायता समूह एवं जिले के इच्छुक उद्यमियों ने भाग लिया। इस दौरान सम्बन्धित अधिकारी, विभिन्न संघो एवं संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

इव्हीएम व व्हीव्हीपेट मशीनों के एफएलसी कार्य का कलेक्टर ने अवलोकन किया

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल देव चातरखार स्थित शासकीय कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय पहुँचे। उन्होंने वहां इव्हीएम व व्हीव्हीपेट मशीनों का फर्स्ट लेवल चेकिंग कार्य का अवलोकन किया। उन्होंने चेक की गई मशीनों को व्यवस्थित ढंग से रखवाने तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को पूरा करने के निर्देश दिए। बता दें कि एफएलसी में क्रियाशील और अक्रियाशील मशीनों की जांच की जा रही है और जांच में सही पाए जाने वाले मशीनों का उपयोग आगामी लोकसभा निर्वाचन में मतदान कार्य के लिए किया जाएगा।

तरईगांव में आयोजित शिविर को व्यवस्थित करने दिए निर्देश

गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही/नवप्रदेश। कलेक्टर प्रियंका ऋषि महोबिया ने गौरेला विकासखंड के ग्राम पंचायत सारबहरा, पतरकोनी एवं तरईगांव में आयोजित शिविर में महतारी वंदन योजना के तहत भरवाए जा रहे आवेदनों का अवलोकन किया। उन्होंने योजना के लिए निर्धारित पात्रता के अनुरूप आवेदन पत्र के साथ सभी आवश्यक दस्तावेज संलग्न कराने के निर्देश पंचायत सचिवों को दिए। साथ ही कहा कि फार्म के साथ संलग्न करने वाले दस्तावेज-पासपोर्ट साईज फोटो, आधार कार्ड, बैंक खाता, राशन कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, विवाह पंजीयन प्रमाण पत्र, मोबाइल नंबर आदि की जानकारी स्पष्ट होनी चाहिए ताकि स्क्रूटनी एवं पोर्टल में एंट्री करने में किसी तरह की दिक्कत नहीं हो। कलेक्टर ने शिविर में उपस्थित महिलाओं से चर्चा की, उनसे योजना का नाम एवं योजना से मिलने वाली लाभ के बारे में जानकारी ली। इस योजना को लेकर महिलाओं में गजब का उत्साह देखा गया। पिछले 2 दिनो में सारबहरा में 350, पतरकोनी में 150 और तरईगांव में 400 महिलाओं से आवेदन फार्म भरवाए जा चुके है।

महिलाएं आगे आकर महतारी वंदन योजना का लाभ उठाएं

सक्ती/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी और सक्ती वार्ड क्रमांक 16 से पार्षद एवं नेताप्रतिपक्ष नगरपालिका सक्ती धनंजय नामदेव कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने विधानसभा चुनाव के पहले गारंटी दिया था कि प्रदेश की गरीब व जरूरतमंद विवाहित माताओं बहनों को आर्थिक रूप से सुदृढ़ बनाने हेतु प्रतिमाह 1000 रूपए की राशि डीबीटी के माध्यम से प्रदान की जाएगी। प्रदेश की विष्णु सरकार ने अमलीजामा पहनाते प्रदेश में विवाहित महिलाएं को महतारी वंदन योजना का लाभ देने हेतु गांव गांव शहर शहर में फार्म भराया जा रहा है। सभी माताओं बहनों से विनम्र अपील है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में महतारी वंदन योजना का लाभ उठाने हेतु फार्म भरें सक्ती विधानसभा क्षेत्र में शासन के द्वारा भी लगातार योजना की जानकारी प्रदान की जा रही है तथा फार्म भराया जा रहा है। प्रदेश सरकार के द्वारा भी योजना को सरलीकरण कर ज्यादा से ज्यादा जरूरतमंद माताओं बहनों को लाभांवित करने हेतु क्रियांवयन का आदेश जारी किया जा चुका है। इसके बाद भी यदि सक्ती जिले के किन्ही क्षेत्रों में फार्म भराने हेतु किसी के द्वारा किसी भी प्रकार के राशि की मांग की जाती है अथवा किसी प्रकार के समस्याओं का सामना करना पड़ता है तो संबंधित क्षेत्र के अधिकारियों से सम्पर्क कर उन्हे समस्या से अवगत कराएं। भारतीय जनता पार्टी के किन्ही भी पदाधिकारीगणों अथवा कार्यकर्तागणों से भी सम्पर्क कर समस्याओं की जानकारी दी जा सकती है। महतारी वंदन योजना केन्द्र सरकार की गारंटी और प्रदेश सरकार की महत्तवकांक्षी योजना है जिससे ज्यादा से ज्यादा लोग लाभांवित होंगे।

आज और कल ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभा

अंबिकापुर/नवप्रदेश। जिले के 126 ग्राम व ग्राम पंचायतों के 199 बसाहटों में दिनांक 8 एवं 9 फरवरी 2024 को प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत पहाड़ी कोरवाओं को शासन द्वारा संचालित समस्त योजनाओं का लाभ दिलाने हेतु विशेष ग्राम सभा आयोजित करने का आदेश दिया है। जारी आदेशानुसार ग्राम सभा में ग्राम में निवासरत समस्त पीवीजीटी हितग्राहियों को आधार कार्ड एवं वोटर आईडी उपलब्ध कराने, आयुष्मान कार्ड पंजीयन पूर्ण किए जाने जाने तथा आयुष्मान कार्ड से वंचित व्यक्तियों को पंजीयन हेतु प्रोत्साहित किए जाने, पीवीजीटी हितग्राहियों का बैंक खाता उपलब्ध कराने, राशन कार्ड पीएम गरीब कल्याण योजना के तहत् उपलब्ध कराने,मनरेगा के तहत जॉब कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत गैस कनेक्शन प्रदाय कराने, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत लाभान्वित करने, जन्म मृत्यु एवं विवाह पंजीयन से संबंधित प्रकरणों से लंबित निराकृत एवं वितरित प्रमाण पत्रों की जानकारी देने, मौसमी बीमारियों के निदान एवं निवारण पर चर्चा करना एवं उससे निपटने चिकित्सकीय सुविधाओं का अवलोकन करने एवं इस संबंध में जागरूकता फैलाना की कार्यवाही की जाएगी। वहीं सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत संचालित पेंशन योजना का हितग्राहियों का सत्यापन, पीएम आवास योजना पेयजल हेतु नलजल कनेक्शन, जनधन खाता के तहत जीवन ज्योति बीमा एवं सुरक्षा बीमा योजना का लाभ दिलाये जाने,भूमिहिन परिवारों को ग्राम सभा के माध्यम से सत्यापित किए जाने, ग्राम में निवासरत समस्त पीवीजीटी हितग्राहियों को वन अधिकार अधिनियम 2005 के तहत पात्र हितग्राहियों को वन अधिकार पट्टा दिलाने,पात्र समस्त पीवीजीटी हितग्राहियों के लिये आवास तक पहुंच मार्ग उपलब्ध कराने, पीवीजीटी बसाहटों में आवागमन के लिए आवास तक पहुंच मार्ग उपलब्ध कराने,पीवीजीटी परिवारों के लिये जीविका उपार्जन के लिये रोजगार उपलब्ध कराने, नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्रो में सुरक्षित प्रसव कराने के संबंध में चर्चा,शासन द्वारा संचालित अन्य योजनाओं के संबंध में चर्चा एवं आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

सुविधा केंद्र में जायजा लेने पहुंचे कलेक्टर

अंबिकापुर। कलेक्टर ने पीजी कॉलेज में वायु सेना अग्निवीर भर्ती हेतु ऑनलाईन आवेदन करने के लिए संचालित सुविधा केंद्र पहुंचे। उन्होंने यहां आवेदन प्रक्रिया की जानकारी ली तथा अब तक हुए आवेदन संख्या के सम्बंध में पूछा। उन्होंने जिला रोजगार अधिकारी को आवेदकों हेतु समुचित व्यवस्था किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन पंजीयन में किसी भी प्रकार की समस्या न हो इसलिए तकनीकी उपकरणों की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित करें। वायु सेना अग्निवीर भर्ती हेतु ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि अब 11 फरवरी 2024 तक नियत की गई है। ऑनलाईन आवेदन फार्म भरने हेतु जिले के समस्त महाविद्यालयों, शासकिय पॉलिटेक्निक कॉलेज अम्बिकापुर, शासकिय इंजीनियरिंग कॉलेज अम्बिकापुर, समस्त पोस्टमैट्रिक छात्रावास, समस्त विख शिक्षा अधिकारी कार्यालय, लाईवलीहुड कॉलेज अम्बिकापुर में सुविधा केन्द्र स्थापित किया है।

देरी से कार्यालय आने वालों का पूरे दिन का वेतन कटेगा

अंबिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर विलास भोस्कर ने जिला कलेक्टरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में सभी जिला अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने कार्यालय में कार्यरत सभी अधिकारी-कर्मचारियों के कार्यालयीन समय में उपस्थित होना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि कार्यालयीन समय में उपस्थित रहकर अनुशासित होकर अपने सौंपे गए दायित्वों निर्वहन करें। निर्धारित कार्यालयीन समयावधि में बिना सूचना के अनुपस्थित पाए जाने वाले अधिकारी-कर्मचारियों का एक दिवस के वेतन कटौती की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने इस हेतु अपर कलेक्टर सुनील नायक को कार्यालयों में आकस्मिक जांच के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर श्री भोस्कर ने प्रधानमंत्री जनमन योजना की जिले में क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए कहा कि विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूहों को शासन की समस्त हितग्राहीमूलक योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिले के सभी 126 ग्राम एवं ग्राम पंचायतों के 199 बसाहटों में 08 और 09 फरवरी को विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी विभाग पीएम जनमन योजना के तहत शासन की विभिन्न योजनाओं से विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवाओं को लाभान्वित करने आवश्यक कार्यवाही में लग जाएं। उन्होंने कहा कि पीवीटीजी समुदाय के शत-प्रतिशत बच्चों का जाति प्रमाणपत्र बनाया जाना हमारी प्राथमिकता है, जांच करें और वंचितों का जल्द जाति प्रमाणपत्र बनाए जाने की प्रक्रिया शुरू करें। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को अब तक बन चुके जाति प्रमाण पत्र का वितरण जल्द विद्यालयों में करवाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने अन्य योजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सुविधा एवं पेयजल की सुविधा लोगों तक पहुंचने वाली निरन्तर प्रक्रिया है, लोगों को इन सुविधाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। वहीं जिन बसाहटों में विद्युत सम्बन्धी समस्या है वहां कार्ययोजना बनाकर तत्काल निराकरण की कार्यवाही करें। बैठक में कलेक्टर ने महतारी वंदन योजना के सम्बंध में कहा कि यह शासन की महत्वपूर्ण योजना है।

कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी लोगों की समस्याएं

सक्ती/नवप्रदेश। कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने कलेक्ट्रेट कार्यालय सभाकक्ष में जनदर्शन के माध्यम से जिले के दूरदराज के गांवों से आये विभिन्न लोगों की समस्याएं सुनी। जनदर्शन में 33 आवेदन प्राप्त हुए है। जनदर्शन में सक्ती तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम तुर्री निवासी लच्छीराम यादव ने पीएम किसान सम्मान निधि दिलाने के संबंध में आज जनदर्शन में आवेदन लेकर पहुंचे। जिस पर कलेक्टर ने नियमानुसार त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार आज जनदर्शन में अड़भार तहसील के अन्तर्गत आने वाले ग्राम सकर्रा निवासी करीबाई ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने के संबंध में पहुंचे, विकासखंड जैजैपुर के ग्राम नगारीडीह निवासी राजू कुमार पिता परमेश्वर ने दैनिक वेतन भोगी पद पर यथावत रखने के संबंध में, सक्ती तहसील के ग्राम नंदेखुर्द निवासी सुखदास महंत ने बिजली खम्भा लगवाने के संबंध में आवेदन लेकर पहुंचे, हसौद तहसील के ग्राम देवरीमठ निवासी समारिन बाई चौहान ने पीडब्लूडी रोड़ निर्माण में अपने पड़े हुए जमीन का राशि नही मिलने के संबंध में आवेदन लेकर पहुंचे हुए थे। इसी प्रकार हसौद तहसील के ग्राम करही निवासी धनंजय सिंह ने राजस्व अभिलेख में सुधार के संबंध में पहुंचे, अड़भार तहसील के ग्राम सकर्रा निवासी उषा बाई कुर्रे ने आर्थिक सहायता अनुदान दिलाने के संबंध में पहुंचे, बाराद्वार तहसील के ग्राम डुमरपारा निवासी विमल किशोर चौहान ने काम दिलाने के संबंध में पहुंचे, डभरा तहसील के ग्राम बड़े कटेकोनी निवासी सावित्री महंत ने नवीन राशन कार्ड बनवाने के संबंध में आवेदन लेकर पहुंचे, जिस पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिये है। इसी प्रकार ग्राम गढ़गोढ़ी के समस्त ग्रामवासियों ने अवैध कब्जा हटवाने के संबंध में आवेदन सहित अन्य विभिन्न ग्रामीणों द्वारा राजस्व, आवास, पेंशन भुगतान, भूमि विवाद, नामांतरण, बटवारा सहित अन्य आवेदन लेकर जनदर्शन में पहुंचे।

जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने पेश किए मॉडल

अंबिकापुर/नवप्रदेश। इन्सपायर अवार्ड योजना 2022-23 के अंतर्गत सरगुजा जिले की मेजबानी में दो दिवसीय जिला स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी अम्बिकापुर के शासकीय बहुद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के सभागार में किया गया। दो दिवसीय आयोजन में संभाग के जिला सरगुजा, सूरजपुर,कोरिया, जशपुर और बलरामपुर के 390 प्रतिभागियों ने अपने आइडियाज के साथ विज्ञान मॉडल का प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी के अंतिम दिन मंगलवार को नेशनल इनोवेटिव फाउण्डेशन भारत सरकार के सिनियर एसोसिएट शुभदीप बनर्जी, जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. संजय गुहे,जिला सहायक परियोजना अधिकारी रमेश सिंह उपस्थित थे।

निर्णायक मंडल के सदस्यों के निरीक्षण एवं मूल्यांकन के उपरांत सरगुजा जिले के 7 मॉडल, सूरजपुर जिले के 9 मॉडल, जशपुर जिले के 2 मॉडल, कोरिया एवं एमसीबी जिले के 4 मॉडल और बलरामपुर जिले के 4 मॉडल सरगुजा संभाग से राज्य स्तरीय इन्स्पायर अवार्ड योजना 2022 के लिए चयनित किये गये। समापन अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. संजय गुहे ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उनके नवाचार विज्ञान मॉडल की सराहना की।उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी में ग्रामीण क्षेत्र के छात्र-छात्राओं के आइडियाज विज्ञान मॉडल प्रदर्शन इस बात का परिचायक है कि पिछड़े क्षेत्र के बच्चों में भी विज्ञान विषय के प्रति रुझान बढ़ा है क्षेत्र के बाल वैज्ञानिकों का यह रुझान देखकर मैं कह सकता हूँ कि निश्चित रूप से आने वाले समय में वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं विज्ञान को स्थान मिलेगा। नेशलन इनोवेशन फाउण्डेशन भारत सरकार के सिनियर एसोसिएट शुभदीप बनर्जी ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आपकी लगन और मेहनत को देखकर मैं कह सकता हूँ कि सरगुजा इस वर्ष पुनः अंर्तराष्ट्रीय इन्स्पायर अवार्ड सम्मिट में अपना स्थान सुनिश्चित करेगा।

निरीक्षण पहुंचे घंघरी में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय

बच्चों से बात कर सुविधाओं का लिया फीडबैक

अंबिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर विलास भोस्कर मंगलवार को ग्राम घंघरी में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय निरीक्षण पर पहुंचे।

इससे पूर्व कलेक्टर ने स्कूली बच्चों से वादा किया था कि वे बच्चों से जल्द विद्यालय में मुलाकात करेंगे, जिसे उन्होंने निभाया और सुबह-सुबह निरीक्षण पर पहुंचे। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री भोस्कर ने विद्यालय में आवश्यक सुविधाओं का जायजा लिया। सबसे पहले बच्चों के आवसीय व्यवस्था का निरीक्षण करने शयनकक्ष पहुंचे, उन्होंने यहां पर्याप्त मात्रा में बेड, बेडशीट, कम्बल आदि की उपलब्धता की जानकारी ली। उन्होंने शौचालयों की नियमित सफाई के साथ पूरे परिसर की स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने निर्देशित किया। उन्होंने किचन में जाकर भोजन की गुणवत्ता का अवलोकन करते हुए भंडारगृह में राशन की उपलब्धता की जानकारी ली और कहा कि भोजन की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें तथा पर्याप्त मात्रा में बच्चों के लिए राशन उपलब्ध हो।

कलेक्टर श्री भोस्कर ने अध्ययन कक्षों का जायजा लिया तथा वहां बच्चों से सुविधाओं के सम्बंध में फीडबैक लिया। उन्होंने सर्वप्रथम बच्चों से पढ़ाई से जुड़े सवाल किए। उन्होंने विद्युत व्यवस्था, भोजन तथा स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता की जानकारी छात्र-छात्राओं से ली, जिसपर बच्चों ने संतुष्टि जताई।

ग्राम क्षेत्र में स्वच्छ पेयजल की समस्या संज्ञान में आने पर तत्काल बोरवेल की व्यवस्था किए जाने तथा फ्लोराइड युक्त पानी हेतु फिल्टर प्लांट लगाए जाने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि सभी सुविधाओं को क्रमबद्ध तरीके से व्यवस्थित कर दिया जाएगा। उन्होंने बच्चों को बताया कि आगामी जून माह से विद्यालय नवनिर्मित सर्वसुविधायुक्त एकलव्य आवासीय विद्यालय भवन पेटला में शिफ्ट कर लिया जाएगा, जिससे समस्याएं दूर होंगी। उन्होंने इस दौरान बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि पढ़ाई पर विशेष ध्यान दें, अभी से परीक्षा की तैयारी में लग जाएं और किसी प्रकार की समस्या होने पर शिक्षकों से सलाह लें। कलेक्टर श्री भोस्कर ने इस दौरान विद्यालय में स्टाफ नर्सो से मेडिकल सुविधाओं के सम्बन्ध में जानकारी ली तथा नियमित रूप से आवश्यक जांच जैसे सिकलिन, टीबी, ब्लड टेस्ट आदि किए जाने निर्देशित किया। उन्होंने आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता की भी जांच की तथा दस्तावेजों का अवलोकन किया।

पुलिस के साथ यूनिसेफ व स्काउट गाइड का सड़क सुरक्षा अभियान

सक्ती/नवप्रदेश। सक्ती जिले में यूनिसेफ ज़िला यातायात पुलिस सक्ती एवं स्काउट गाइड्स के स्वयंसेवकों के सहयोग से 14 फरवरी 2024 तक आयोजित किए जा रहे सड़क सुरक्षा अभियान के दौरान एक महत्वपूर्ण पहल की गई। इस अभियान के उपलक्ष्य में स्वयंसेवकों ने यातायात नियमों के प्रचार-प्रसार के लिए नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया, जिसमें यूनिसेफ़ और वी द पीपल फाउंडेशन का भी सहयोग रहा। सक्ती के जिला प्रशासन एवं पुलिस अधीक्षक एम आर आहिरे के निर्देशानुसार एवम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गायत्री सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी बी. एल. खरे के नेतृत्व में सहायक ज़िला शिक्षा अधिकारी आर के अग्रवाल, ज़िला क्रीड़ा अधिकारी अमर सिंह राज एवं आम जनों की उपस्थिति में इस कार्यक्रम में भारत स्काउट्स/गाइड्स के स्काउट/गाइडर ने पहले जागरूकता रैली निकाली और हेलमेट का उपयोग करके नारे लगाए, यातायात नियमों का प्रचार वाहन और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों में यातायात नियमों के बारे में एवं यातायात संबंधित जानकारी शराब पीकर वाहन न चलाने, फोन में बात करते समय वाहन न चलाने, हेलमेट पहन कर वाहन चलाने, सीट बेल्ट लगाकर वाहन चलाने, शराब के नशे में वाहन नहीं चलाने हेतु आवश्यक यातायात संबंधित जागरूकता बनाने का प्रयास किया। इस कार्यक्रम में भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के विभिन्न पदाधिकारियों ने यूनिसेफ़ के सभी स्वयंसेवकों और यातायात पुलिस सक्ती विभाग के साथ भाग लिया। यूनिसेफ़ एवं वी द पीपल फाउंडेशन और निवेदिता फ़ाउंडेशन के निर्देशक सनतन दास एवं जिला सलाहकार तोषित चौहान ने आवश्यक रूपरेखा तैयार किया।

शराब दुकानों में निर्धारित सीमा से अधिक मात्रा में शराब खरीदी पर होगी कड़ी कार्यवाही

■ **शराब विक्रय संबंधी अनियमितताओं तथा अवैध गतिविधियों पर रखी जा रही है निगरानी**

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में आबकारी विभाग द्वारा शराब की विक्रय संबंधी अनियमितताओं तथा अवैध गतिविधियों पर कड़ी निगरानी के साथ लगातार कार्यवाही भी की जा रही है। सचिव आबकारी सह आयुक्त आर. शंगीता ने प्रदेश में शराब दुकानों का संचालन करने वाली सभी प्लेसमेंट एजेंसियों की बैठक लेकर शराब दुकानों में शासन द्वारा निर्धारित सीमा से अधिक मात्रा में शराब बेचने पर कड़ी कार्यवाही की चेतावनी दी है।

गौरतलब है कि वर्तमान में प्रदेश में राज्य शासन के सार्वजनिक उपक्रम सीएसएमसीएल द्वारा प्लेसमेंट एजेंसियों के कर्मचारियों के माध्यम से शराब दुकानों का संचालन कराया जा रहा है।

इसी क्रम में जिला बलौदाबाजार स्थित देशी मदिरा दुकान भाटापारा 01 (सुरखी रोड) के सेल्समैन को स्थानीय शराब कोचिया द्वारा 10 पाव से ज्यादा की देशी शराब की मांग की गई। सेल्समैन द्वारा शराब कोचियों को मना करने पर उसने कर्मचारियों से मारपीट की। मारपीट किए जाने की उक्त घटना 03 फरवरी को प्रकाश में आयी है। इस संबंध में स्थानीय पुलिस द्वारा पीड़ित सेल्समैन राकेश सिंह ठाकुर के आवेदन पर 03 फरवरी को ही थाना भाटापारा सिटी में अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही की गयी है। थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी सोनू निषाद अवैध शराब बेचने, मारपीट जैसे कई अपराधिक मामलों में आरोपी है और जेल भी जा चुका है। वर्तमान में प्रकरण में विवेचना जारी है।

एजेंसियों पर निगरानी

प्लेसमेंट एजेंसियों द्वारा अपने विक्रयकर्ताओं पर भी निगरानी रखी जा रही है, जिससे अब शराब दुकानों से शराब कोचियों को भारी मात्रा में शराब की बिक्री नियंत्रित हुई है। प्रदेश में संचालित शराब दुकानों से ओव्हर रेटिंग, मिलावट तथा कोचियों को मदिरा की आपूर्ति पर कड़ी कार्यवाही करते हुए इसे रोका जा रहा है। मदिरा दुकानों से ग्राहको को निर्धारित सीमा में ही शराब की बिक्री की जा रही है। कोई भी व्यक्ति इस निर्धारित सीमा से अधिक मात्रा में मदिरा की मांग अथवा किसी भी प्रकार का अपराधिक कृत्य मदिरा दुकान में करता है, तो उसके विरूद्ध भी कड़ी वैधानिक कानूनी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं।

घर के पास खड़ी बाइक चोरी

रायपुर/नवप्रदेश। जीआरपी क्वार्टर पुलिस लाइन के पास खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी रंजीत बंजारा (28) जीआरपी क्वार्टर पुलिस लाइन का रहने वाला है। बताया जाता है कि वह अपनी बाइक सीजी 28, बी 8704 को खड़ी किया था। बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया।

पब्लिक स्कूल की कक्षा 6वीं की छात्रा ने फांसी लगाकर कर ली खुदकुशी

■ **सोसाइड नोट में टीचर पर आरोप, भाजयुमो ने किया विरोध प्रदर्शन**

अंबिकापुर/नवप्रदेश। शहर के एक की कक्षा 6वीं की 12 साल की छात्रा ने अपने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। छात्राका लिखा एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें उसने अपने टीचर पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। छात्रा की खुदकुशी से अभिभावकों और स्थानीय लोगों में आक्रोश है। घटना के बाद स्कूल में छुट्टी कर दी गई है। वहीं, कार्मेल स्कूल के सामने भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने टायर जलाकर विरोध-प्रदर्शन किया है।

जानकारी के मुताबिक दर्रीपारा निवासी अर्चिशा सिन्हा (12) कार्मेल कान्वेंट स्कूल में छठवीं कक्षा में पढ़ती थी। छात्रा ने मंगलवार रात 11 बजे अपने घर में पंखे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुसाइड नोट में छात्रा ने स्कूल की टीचर पर तंग करने का आरोप लगाया है। शिक्षिका ने उसका और अन्य दोस्तों का आईडी कार्ड भी छीन लिया था। इंग्लिश में लिखे पत्र में उसने स्नेचिंग वर्ड लिखा है। सुसाइड नोट में छात्रा ने लिखा है कि प्रताड़ना के चलते अब उसके पास सिर्फमरने का ही रास्ता बचा है। उसने लिखा है कि मैं मरकर रिवेंज (बदला) लूंगी।

धान खरीदी के अंतर की राशि जल्द दी जाएगी

रायपुर/नवप्रदेश। खाद्य मंत्री श्री बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में समर्थन मूल्य में इस वर्ष धान की रिकॉर्ड खरीदी की गई है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य में 145 लाख टन धान की खरीदी की गई है। उन्होंने कहा कि समर्थन मूल्य और राज्य सरकार के उपार्जन मूल्य में अंतर की राशि का भुगतान किसानों को शीघ्र करने के लिए कृषक उन्नति योजना के तहत 12 हजार करोड़ की राशि का प्रावधान अनुपूरक बजट में किया गया है। यह राशि जल्द ही किसानों को दी जाएगी।



भारत की महिला टीम फुटबाल चैम्पियनशिप के फाइनल में पहुंची

ढाका। बीएसएसएसएम के स्टेडियम में अपने अंतिम राउंड-रॉबिन मैच में भारत ने नेपाल को 4-0 से हराकर दक्षिण एशियाई फुटबॉल महासंघ (एसएएफएफ) अंडर-19 महिला चैंपियनशिप के फाइनल में अपना स्थान पक्का कर लिया।

भारत अब गुरुवार को खेले जाने वाले फाइनल में मेजबान और गत चैंपियन बांग्लादेश से भिड़ेगा। यंग टाइग्रेसेस ने इससे पहले अपना पहला मैच भूटान के खिलाफ 10-0 से जीता था, इसके बाद बांग्लादेश के खिलाफ 0-1 से हार मिली थी।

पहला हाफ गोलरहित रहने के बाद भारतीय लड़कियों ने दूसरे सत्र में शानदार प्रदर्शन करते हुए चार गोल दागे। नेहा, सिबानी देवी और सुलंजना राउल की भारतीय फॉरवर्ड पंक्ति ने बार-बार अंतराल पर प्रतिद्वंद्वी रक्षा को तोड़ दिया, नेपाल को दूसरी फिउड खेलने के लिए मजबूर होना पड़ा।विंगर नेहा ने अच्छा प्रदर्शन किया, जिसमें दूसरे हाफ में दो गोल भी शामिल थे, जबकि सुलंजना राउल और स्थानापन्न खिलाड़ी सिंडी टेमरुतपुई कोलनी ने देर से दो गोल करके भारत की आसान जीत सुनिश्चित कर दी। युवा बाघिनों ने फ्रंटफुट पर शुरुआत की, उनके अधिकांश हमले बाईं ओर से आए, जहां नेहा ने बढ़त बनाने के लिए अपनी गति का इस्तेमाल किया। उनके क्रॉस नेपाल की रक्षा के लिए लगातार खतरा बने हुए थे, जिनसे निपटने के लिए उन्हें काफी पसीना बहाना पड़ा।नेपाल की गोलकीपर लीला जोशी की भारत के केंद्रों से निपटने में असमर्थता ने भी बॉक्स में सामान्य ओवरलोड में योगदान दिया, क्योंकि उन्होंने शुरुआती आदान-प्रदान में गेंद को तीन बार गिराया। सुलंजना राउल, सिबानी देवी और पूजा, जो तीन मौकों पर करीब थीं, मौकों का फायदा उठाने में नाकाम रहीं।नेपाल की दक्षिणपंथी सेनू परियार के पास दोपहर का एकमात्र मौका था, जब उन्हें भारतीय रक्षापंक्ति के पीछे लगाया गया था, लेकिन उनके पास गोली चलाने के इरादे से आगे बढ़ने के लिए पर्याप्त कोण नहीं था; अंततः उसे बेदखल कर दिया गया।भारत 54वें मिनट में फिर से शुरू होने के बाद सफलता पाने में सफल रहा, जब सिबानी के बाएं पैर के क्रॉस ने नेहा को सुदूर पोस्ट पर पाया, क्योंकि उसने बेहद संकीर्ण कोण से स्कोर करने के लिए इसे कीपर के पीछे धकेल दिया।उस लक्ष्य ने भारत को बहुत आत्मविश?वास दिया, क्योंकि नेपाल के लक्ष्य पर अधिक हमले हुए। पूजा ने दाहिनी ओर से बॉक्स में प्रवेश करते हुए नेपाल के गोलकीपर जोशी को पीछे छोड़ा और नेहा को पास दिया, जो लक्ष्य से चूक गई। घंटे के निशान पर राउल के एक शॉट को दिव्या यास्माली मागर ने लाइन से बाहर कर दिया।

डब्ल्यूटीसी रैंकिंग में नंबर वन न्यूजीलैंड

माउंट माउंगानुई (न्यूजीलैंड)। न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को पहले टेस्ट में 281 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ ही आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) तालिका में न्यूजीलैंड ने शीर्ष पर अपना कब्जा जमा लिया।आईसीसी की रिपोर्ट के अनुसार, डब्ल्यूटीसी के पहले सीजन के चैंपियन ने बे ओवल में अपना दबदबा बनाते हुए चौथे दिन जीत हासिल की।इस जीत के साथ ही कीवी टीम ने ऑस्ट्रेलिया और भारत को पीछे छोड़ते हुए मौजूदा स्टैंडिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया। इस मौजूदा डब्ल्यूटीसी चक्र के दौरान, न्यूजीलैंड ने केवल तीन टेस्ट खेले हैं। बांग्लादेश में उनकी श्रृंखला पिछले साल के अंत में 1-1 से बराबरी पर समाप्त हुई। उन्होंने घरेलू मैदान पर पहले टेस्ट में दक्षिण अफ्रीका पर जीत हासिल की, जिसने 2021 के चैंपियन को स्टैंडिंग के शीर्ष पर पहुंचा दिया।बे ओवल में परिणाम के बाद पिछले साल का चैंपियन ऑस्ट्रेलिया दूसरे स्थान पर खिसक गया। भारत तीसरे स्थान और दक्षिण अफ्रीका सातवें स्थान पर है। जबकि बांग्लादेश चौथे, पाकिस्तान पांचवें और वेस्टइंडीज छठे स्थान पर है। रचिन रवींद्र के दोहरे शतक और केन विलियमसन के दो शतकों की बदौलत न्यूजीलैंड ने मैच में बल्ले से दबदबा बनाया, जबकि तेज गेंदबाज काइल जैमीसन और स्पिनर मिचेल सेंटनर ने अफ्रीकी बल्लेबाजों को खूब परेशान किया।दोनों टीमों के बीच 13 फरवरी से हैमिल्टन में दूसरा टेस्ट मैच खेला जाएगा।

एसए20 की सफलता उम्मीदों से बढ़कर है: ग्रीम स्मिथ

केप टाउन। आईपीएल के तर्ज पर खेली जाने वाली इस लीग में दक्षिण अफ्रीका के लगभग सभी बड़े खिलाड़ी मैदान पर नजर आएंगे। चाहे बात पहले सीजन की हो या मौजूदा सीजन की, लीग ने क्रिकेट फैंस के बीच धूम मचा रखी है।

दक्षिण अफ्रीका में क्रिकेट के प्रति उत्साह वहां की हवा में महसूस किया जा सकता है। एसए20 लीग युवा क्रिकेटरों में नई जान फूंकती है, जिससे उन्हें न केवल अपने कौशल को निखारने का बल्कि थोड़े पैसे कमाने का भी मौका मिलता है।इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) अन्य देशों को योजना बनाने और अपनी स्वयं की टी20 लीग शुरू करने जैसे समान दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित करने में सहायक रही है।

दक्षिण अफ्रीका का संस्करण स्थानीय और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट प्रशंसकों को रोमांचित करने और सभी उम्र के नए दर्शकों को आकर्षित करने के लिए तैयार किया गया था और 4-सप्ताह के उद्घाटन सत्र में ऐसा ही हुआ।दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान और एसए20 लीग कमिश्नर ग्रीम स्मिथ ने चल रहे टूर्नामेंट पर अपने विचार साझा किए।ग्रीम स्मिथ ने कहा, एसए20 लीग शुरू करते समय हमारा लक्ष्य दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट में सकारात्मकता लाना और उभरती प्रतिभाओं को वैश्विक मंच पर अपने कौशल दिखाने के लिए एक मंच प्रदान करना था। हम चाहते थे कि लीग खेल और मनोरंजन का मिश्रण हो, जिससे प्रशंसकों को मौका मिले।

डच महिलाओं की चीन पर जीत, ऑस्ट्रेलिया ने अमेरिका को हराया

भुवनेश्वर। यहां के कलिंगा स्टेडियम में मौजूदा चैंपियन नीदरलैंड ने महिला एफआईएच हॉकी प्रो लीग मुकाबले में अपनी जीत में एक और जीत दर्ज की, जबकि ऑस्ट्रेलिया ने संयुक्त राज्य अमेरिका पर दबदबा बनाया।

हालांकि, लगातार सुधार कर रही चीनी टीम ने डच महिलाओं को 3-1 से जीत हासिल करने के लिए हर संभव प्रयास किया। दिन के दूसरे मैच में ऑस्ट्रेलिया ने अमेरिका पर दबदबा बनाते हुए अमेरिकियों को 3-0 से हराकर जीत की राह पर वापसी की।

नीदरलैंड्स को पहले हाफ में संघर्ष करना पड़ा, लेकिन उसने अपनी लय हासिल करते हुए बेहतरीन चीनी टीम को हरा दिया। दोनों टीमों के पास पूरे समय गोल करने के मौके थे, लेकिन पहले हाफ में डच सेंटर चैनल में बार-बार घुसने की अपनी योजनाओं को शानदार ढंग से क्रियान्वित करने के बाद चीन को मौके गंवाने का अफसोस था, लेकिन फिनिशिंग ने उसे निराश कर दिया।

झोंग जियाकी ने दूसरे क्वार्टर में चीन को आगे करने में कामयाबी हासिल की, हालांकि, उन्होंने गोलकीपर के सामने अपनी रिवर्स स्टिक से गेंद को कुशलता से उछाल दिया। लेकिन फ्रीके मोज़ ने अपनी रिवर्स स्टिक का

उपयोग करके और एक सटीक स्ट्राइक करके डचों से बराबरी कर ली। इसके बाद 25 मिनट के बाद मारिजेन वीन ने नीदरलैंड्स को आगे कर दिया, जब एक गोलमाउथ संघर्ष में गेंद आसान टैप-इन के लिए उनकी ओर बढ़ी। हालांकि चीन ने सकारात्मक हॉकी खेलना जारी रखा, लेकिन हाफ टाइम तक वे 2-1 से पीछे थे।

नीदरलैंड ने दूसरे हाफ में सेंटर चैनल को कड़ा कर दिया और अधिक नियंत्रण ले लिया, मोएस ने उन्हें अपने शॉट को धमाकेदार बनाने से पहले सर्कल के शीर्ष पर अनियंत्रित रूप से दौड़ने की अनुमति देने के बाद दो गोल का स्वागत किया। चीन ने इनकार करने के लिए बचाव में अच्छा प्रदर्शन किया डचों को पेनल्टी कॉर्नर के सभी मौके मिले, लेकिन वे अपने तीन में से गोल करने में असफल रहे।

ऑस्ट्रेलिया ने अपनी 3-0 की जीत के पहले हाफ में पूरी तरह से संयुक्त राज्य अमेरिका पर दबाव डाला, टैटम स्टीवर्ट ने बुलेटेड ड्रैग फ्लिक के साथ उन्हें पहले क्वार्टर में आगे कर दिया। स्टेफनी केरशॉ ने दूसरे क्वार्टर में उस बढ़त को बढ़ाया, डिफेंडरों के एक समूह के खिलाफ कब्जे के लिए संघर्ष करते हुए हाफ टाइम में 2-0 की बढ़त के लिए क्लीन शॉट हासिल किया।

बिजनेस

एआई से संबंधित नौकरियों में अवसर बढ़े

नई दिल्ली। जनवरी में स्वास्थ्य, हॉस्पिटैलिटी और एफएमसीजी सेक्टर में एआई की नियुक्ति में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। इसकी पुष्टि सामने आई रिपोर्ट से हुई है। नौकरी जॉबस्पीक इंडेक्स के मुताबिक, जनवरी 2024 में भारत में 2,455 वहाइट-कॉलर कर्मचारियों की नियुक्ति हुई है। वहीं, पिछले महीने की तुलना में एक प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई और पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 11 प्रतिशत कम है। वरिष्ठ पेशेवरों और प्रीमियम नौकरी चाहने वालों की मांग सबसे अधिक थी। पिछले साल की तुलना में इस साल जनवरी में एआई में नई नौकरियों में 12 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

वहीं, नौकरी डॉट कॉम के मुख्य व्यवसाय अधिकारी डॉ. पवन गोयल ने कहा, एआई से संबंधित नौकरियों में उल्लेखनीय वृद्धि इस बात के संकेत हैं कि आईटी सेक्टर में कौशल की आवश्यकताएं बदल रही हैं। जबकि, हेल्थकेयर, हॉस्पिटैलिटी और एफएमसीजी में सकारात्मक नियुक्ति भावना मजबूत घरेलू अर्थव्यवस्था को दर्शाती है। रिपोर्ट

के मुताबिक, मशीन लर्निंग इंजीनियर और फुल स्टैक एआई साइंटिस्ट जैसी विशिष्ट एआई-संबंधित भूमिकाओं के लिए नियुक्तियों में (वर्ष-दर-वर्ष) क्रमशः 46 प्रतिशत और 23 प्रतिशत की आश्चर्यजनक वृद्धि हुई।डेटा साइंटिस्ट जैसी पारंपरिक एआई भूमिकाओं की भी अच्छी मांग थी। यह पिछले महीने की तुलना में जनवरी 2024 में समग्र आईटी नौकरियों में मामूली 1 प्रतिशत की वृद्धि के विपरीत है। रिपोर्ट में कहा गया है कि साल-दर-साल आधार पर, आईटी क्षेत्र में कुल नियुक्तियां जनवरी 2023 के तेजी के समय की तुलना में 19 प्रतिशत कम है। जनवरी में स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में नियुक्तियों में 7 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) की वृद्धि हुई, जिसमें प्रशासनिक भूमिकाओं की मांग में अधिकतम वृद्धि हुई।एफएमसीजी में नई नौकरी की पेशकश में 2023 के इसी महीने की तुलना में इस साल जनवरी में 5 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, जिन प्रमुख क्षेत्रों में नियुक्तियों में गिरावट देखी गई उनमें बीपीओ और बीमा शामिल हैं, जिनमें 16 प्रतिशत और 8 प्रतिशत की गिरावट देखी गई।

भेदभाव, यौन उत्पीड़न के मामले में स्पेसएक्स के खिलाफ जांच

सैन फ्रांसिस्को। एलन मस्क द्वारा संचालित स्पेसएक्स के अमेरिका में भेदभाव और यौन उत्पीड़न के मामले में जांच की जा रही है। कई रिपोर्ट के अनुसार, सात पूर्व कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि स्पेसएक्स के अधिकारियों ने यौन उत्पीड़न का मजाक उड़ाया और इस पर बात करने के लिए कर्मचारियों को निकाल दिया। कैलिफोर्निया नागरिक अधिकार विभाग अब कर्मचारियों की उन शिकायतों की जांच कर रहा है कि स्पेसएक्स के अधिकारी महिलाओं के साथ भेदभाव करते हैं। स्पेसएक्स की शिकायतों में, कर्मचारी भेदभाव के पैटर्न के साथ-साथ मस्क के अनुचित ट्वीट्स का हवाला देते हैं, जिसमें उन्होंने कहा था कि वे आसानी से इससे बच नहीं सकते। वह कंपनी की महत्वपूर्ण घोषणाओं के लिए प्लेटफॉर्म का उपयोग करते हैं। ब्लूमबर्ग द्वारा रिव्यू की गई एक फाइलिंग के अनुसार, एक पूर्व कर्मचारी ने कहा कि उनके परफॉर्मेंस रिव्यू में उन पर अत्यधिक इमोशनल होने का आरोप लगाया गया और सुझाव दिया गया कि उन्हें और ज्यादा विनम्र होना चाहिए।

आरबीआई ने नियमों के उल्लंघन पर पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन पर जुर्माना लगाया

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक ने गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों और कोर निवेश कंपनियों के लिए तरलता जोखिम प्रबंधन ढांचे से संबंधित मानदंडों के उल्लंघन के लिए पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड पर 8.80 लाख रुपये का जुर्माना लगाया।

आरबीआई द्वारा किए गए कंपनी के वैधानिक निरीक्षण से अन्य बातों के अलावा, पता चला कि कंपनी ने अपात्र संपत्तियों को उच्च गुणवत्ता के रूप में शामिल करने के परिणामस्वरूप 31 मार्च, 2022 तक 60 प्रतिशत की निर्धारित तरलता कवरेज अनुपात (एलसीआर) को बनाए नहीं रखा था। नतीजतन, कंपनी को एक नोटिस जारी किया गया, जिसमें उसे कारण बताने की सलाह दी गई कि आरबीआई के निर्देशों का पालन करने में विफलता के लिए उस पर जुर्माना क्यों नहीं लगाया जाना चाहिए।नोटिस पर कंपनी के जवाब, उसके द्वारा की गई अतिरिक्त प्रस्तुतियों की जांच और व्यक्तिगत सुनवाई के दौरान की गई मौखिक प्रस्तुतियों पर विचार करने के बाद आरबीआई इस निष्कर्ष पर पहुंचा कि आरबीआई के निर्देशों का अनुपालन न करने का आरोप प्रमाणित हुआ और मौद्रिक जुर्माना लगाना जरूरी हो गया। हालांकि, आरबीआई ने कहा कि यह कार्रवाई नियामक अनुपालन में कमियों पर आधारित है और इसका उद्देश्य कंपनी द्वारा अपने ग्राहकों के साथ किए गए किसी भी लेनदेन या समझौते की वैधता पर निर्णय लेना नहीं है।

योट्टा डेटा सर्विसेज़ ने रायपुर में 'अनवाइंड विद द लीडर्स' कार्यक्रम की मेजबानी की

एक प्रमुख भारतीय डेटा सेंटर और क्लाउड सेवा प्रदाता और हीरानंदानी समूह की कंपनी, योट्टा डेटा सर्विसेज ने 2 फरवरी को अपने ÷अनविंड विद द लीडर्स÷ कार्यक्रम के साथ रायपुर के आईटी परिदृश्य को प्रज्वलित किया। 55 से अधिक सीआईओ, आईटी नेता और उद्यमी नेटवर्किंग की एक शाम के लिए एकत्र हुए और योट्टा के नवीनतम नवाचारों के बारे में जानकारी ली, जिससे कई लोग अत्याधुनिक समाधानों के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता और भारतीय बाजार के प्रति समर्पण से प्रभावित हुए।

यह चल रही पहल योट्टा के सीआईओ इनोवेशन काउंसिल (वाईसीआईसी) कार्यक्रम का एक हिस्सा है और एक साल तक फैली है और इंदौर, भुवनेश्वर, हैदराबाद, कोयंबटूर, अहमदाबाद और अन्य शहरों तक पहुंच गई है। यह कनेक्शन विकसित करने और उद्योग अंतर्दृष्टि साझा करने के लिए योटा की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। योट्टा नवी मुंबई (योट्टा एनएम1) और ग्रेटर नोएडा (योट्टा डी1) में डेटा सेंटर संचालित करता है और हाल ही में लॉन्च किए गए सुपरस्केल क्लाउड डेटा सेंटर, योट्टा जी1 के साथ अपनी पहुंच का और विस्तार किया है।

इस कार्यक्रम ने योटा के लिए डेटा सेंटर और क्लाउड समाधानों के अपने सूट को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य किया, जिसमें हाल ही में लॉन्च

किए गए हाइपरस्केल क्लाउड प्लेटफॉर्म, यन्त्रा और एआई सुपरकंप्यूटिंग क्लाउड, शक्ति क्लाउड शामिल हैं। प्रताप पाटजोशी, ईवीपी और मुख्य प्रचारक - वाईसीआईसी, योट्टा, राजेश गर्ग, वरिष्ठ कार्यकारी उपाध्यक्ष और मुख्य डिजिटल अधिकारी - एप्लिकेशन और साइबर सुरक्षा सेवाएं, योट्टा, और शशिशेखर पांडा, उपाध्यक्ष - उत्पाद और सेवाएं, योट्टा सहित प्रतिष्ठित उद्योग जगत के नेताओं ने साझा किया। इन प्रगतियों और क्षेत्र में व्यवसायों को सशक्त बनाने की उनकी क्षमता के बारे में जानकारी।

योट्टा नवीनतम नवाचारों का प्रदर्शन करता है

गांधीनगर के गिफ्ट सिटी में योट्टा के नए अत्याधुनिक डेटा सेंटर पर एक महत्वपूर्ण फोकस था। यह सुविधा, आईएफएससी नियमों के अनुरूप और डेटा एम्बेसी के रूप में नामित, व्यवसायों को जीएसटी और स्टांप शुल्क से छूट सहित अनुकूल कर लाभ प्रदान करती है।

भारत के सबसे बड़े एआई सुपरकंप्यूटिंग क्लाउड, योट्टा के शक्ति क्लाउड ने काफी रुचि पैदा की। यह प्लेटफॉर्म एआई मॉडल के प्रशिक्षण और संचालन के लिए महत्वपूर्ण जीपीयू चिप्स की बढ़ती मांग को संबोधित करता है। विशेषज्ञों ने वैश्विक क्लाउड प्रदाताओं के लिए स्थानीय रूप से नियंत्रित विकल्प की पेशकश करने, सुरक्षा सुनिश्चित करने और भारतीय नियमों का अनुपालन करने पर अपना ध्यान केंद्रित किया।

अवनीत के लेटेस्ट फोटोशूट ने इंटरनेट पर मचाया बवाल, ग्रीन आउटफिट पहन दिए सिजलिंग पोज

छोटे पर्दे से बॉलीवुड इंडस्ट्री तक में कदम रखने वाली अभिनेत्री अवनीत कौर ने बेहद कम उम्र में लोगों के बीच अपनी पहचान बना चुकीं हैं। चाहे एक्टिंग हो या फिर डांसिंग एक्ट्रेस हर चीज में आगे हैं। हाल ही में एक्ट्रेस की लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर तेजी से वायरल हो रही हैं। इन फोटोज में उनका किलर लुक देखकर फैंस अपने होश खो बैठे हैं। एक्ट्रेस अवनीत कौर हमेशा अपने स्टाइलिश ड्रेसिंग सेंस और बोल्ड लुक्स से सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटौरती रहती हैं। वो जब भी अपनी फोटोज और डांसिंग वीडियोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस अवनीत कौर ने अपने लेटेस्ट ग्रीन बॉडीकॉन आउटफिट में फोटोज इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। इन तस्वीरों में उनका स्टनिंग अवतार देखकर फैंस अपनी नजरें नहीं हटा पा रहे हैं।

ओपन हेयर, न्यूज लिप्सटिक लगाकर और साथ ही लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस अवनीत कौर ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। बता दें कि एक्ट्रेस अवनीत कौर के सोशल मीडिय पर मिलियन फैंस हैं। और वो आए दिन अपनी हर एक पोस्ट से फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं। इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस अपनी हर एक स्टनिंग अदाओं से कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक सेक्सी पोज दे रही हैं। अवनीत कौर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। हालांकि फैंस भी उनकी हर एक तस्वीर पर लाइक्स और कॉमेंट्स के जरिए अपनी प्रतिक्रियाएं देते नहीं थकते हैं।

नेटफ्लिक्स पर 9 फरवरी को दस्तक देगी महेश बाबू की फिल्म गुंटूर कारम

साउथ सुपरस्टार महेश बाबू की फिल्म 'गुंटूर कारम' ने ताबड़तोड़ कमाई की है। रिलीज के साथ ही ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर छा गई थी। देश में ही नहीं विदेशों में भी मूवी ने तगड़ा कलेक्शन किया है। अब महेश बाबू के फैंस का इंतजार खत्म हो गया है क्योंकि 'गुंटूर कारम' डिजिटल रिलीज होने के लिए तैयार है। जानिए महेश बाबू की फिल्म कब और किस ओटीटी प्लेटफॉर्म पर दस्तक देने वाली है।

अगर आप किसी वजह से सिनेमाघर जाकर महेश बाबू की फिल्म 'गुंटूर कारम' को नहीं देख पाए हैं तो अब आप इस मूवी का अपने घर पर ही लुत्फ उठा सकते हैं। ये फिल्म अगले कुछ दिनों में ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो जाएगी। नेटफ्लिक्स इंडिया के ऑफिशियल इंस्टा हैंडल पर इसकी जानकारी दी गई है और बताया गया है कि 'गुंटूर कारम' 9 फरवरी, 2024 से स्ट्रीम हो जाएगी। महेश बाबू की फिल्म 'गुंटूर कारम' हिंदी के साथ तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम भाषाओं में भी स्ट्रीम होगी। महेश बाबू की फिल्म 'गुंटूर कारम' 12 जनवरी, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इसे त्रिविक्रम ने लिखा और डायरेक्ट किया है। फिल्म में महेश बाबू के एक्शन अवतार को काफी पसंद किया गया। 'गुंटूर कारम' में महेश बाबू के अलावा श्रीलीला, रम्या कृष्णन, जयराम, प्रकाश राज और जगपति बाबू जैसे सितारों ने अहम भूमिका निभाई है। फिल्म ट्रेड एनालिस्ट मनोबाला विजयबालन के मुताबिक, महेश बाबू की फिल्म 'गुंटूर कारम' ने पहले दिन वर्ल्वाइड बॉक्स ऑफिस पर 82.08 करोड़ रुपये का बिजनेस किया था और अब तक ये फिल्म दुनियाभर में 200 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन कर चुकी है।

दैनिक नवप्रदेश के स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
बेमिसाल
12 साल
Anniversary
नवप्रदेश
माहेश्वरी रीयल इस्टेट
जैसाकर्रा, चारामा-उत्तर बस्तर कांकेर
मोबाईल: 8871322343, 9425243290

दैनिक नवप्रदेश के स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
बेमिसाल
12 साल
Anniversary
नवप्रदेश
गायत्री पैथालॉजी लैब
टिकरापारा, मेन रोड कांकेर


दैनिक नवप्रदेश के स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
बेमिसाल
12 साल
Anniversary
नवप्रदेश
हरेन्द्र प्रयाग
मणि पैथालॉजी लैब
सेन चौक कांकेर


दैनिक नवप्रदेश के स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
बेमिसाल
12 साल
Anniversary
नवप्रदेश
राकेश सोनी
सोनी पैथालॉजी लैब
टिकरापारा, मेन रोड कांकेर